अवैध प्रवासन यूरोपीय देशों के लिए सबसे ... पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 06 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 18 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 312 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00




## एक नजर

### विकसित भारत व भारत-लोकतंत्र की मातृका थीम पर तैयार होगी झांकी

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में प्रदर्शित की जाने वाली झांकी के लिए झारखंड को भी आमंत्रित किया गया है। इसके लिए केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने झारखंड को सूचना दी है। मंत्रालय ने दो थीम पर राज्य की झांकी का निर्माण करने को कहा है। इनमें से एक है विकसित भारत और दूसरा है भारत-लोकतंत्र की मातृका। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के मुताबिक, इस थीम के आलोक में झारखंड के परिप्रेक्ष्य में नई दिल्ली में राज्य की झांकी के डिजाइन और निर्माण की तैयारी की जा रही है। निदेशालय ने इस कार्य में लोगों से भी सहयोग मांगा है। इसके लिए 21 दिसंबर तक लोगों को अपने विचार और सुझाव देने को कहा गया है। इसके लिए विभाग के सूचना भवन, मेयर्स रोड, रांची स्थित पते पर लेटर भेज कर सुझाव दिए जा सकते हैं या फिर ई-मेल iprd123@gmail.com के जरिये भी इसे शेयर किया जा सकता है।

### खड़गे ने 21 दिसंबर को सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के कुछ दिनों बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है, जो पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। सीडब्ल्यूसी की बैठक तीन राज्यों में पार्टी की हार और हाल ही में संसद में बड़े पैमाने पर सुरक्षा चूक के मद्देनजर हो रही है। बैठक में 14 सांसदों - 13 लोकसभा से और एक राज्यसभा से - को शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए निलंबन पर भी चर्चा हो सकती है। 19 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) ब्लॉक की बैठक निर्धारित की गई है।

### राजधानी में आठ और कांके का पारा चार, चलेगी शीत लहरी

**रांची/ नई दिल्ली।** राज्य में ठंड का असर बढ़ता जा रहा है, आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप और बढ़ेगा। रविवार को राजधानी रांची का तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि कांके में तापमान 4 डिग्री रहा। मौसम विभाग की मानें तो सोमवार से राज्य के बड़े भाग में कुहासा छाये रहने व शीत लहरी चलने का अनुमान है। वहीं देश के अन्य भागों में भी ठंड से लोग बेहाल हैं। जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी हुई है। राजस्थान के माउंट आबू में रविवार को पारा -1 डिग्री पर पहुंच गया। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में भी ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश में 23-24 दिसंबर को बारिश के आसार जताए हैं, वहीं तमिलनाडु में बारिश हो रही है। दिल्ली में पारा 6.5 दर्ज किया गया है। जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों बर्फबारी के चलते रास्ते ब्लॉक हैं। गुरेज वैली में प्रशासन बर्फ हटाने में जुट गया है।

# पाहन हत्याकांड : पत्नी-साले ने सुपारी देकर कराई हत्या

**पत्नी सालो देवी सहित आठ गिरफ्तार, साढ़े चार लाख दी थी सुपारी**

**एक पिस्टल, दो गोली, मोबाइल, 15 सिम, ऑटो और हथौड़ी बरामद**

**हत्याकांड में शामिल था पीएलएफआई का उग्रवादी धनेश्वर भगत**



### गिरफ्तार किए गए आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में आशीष नेपाली, मानवेल खलखो, सूरज कुमार ठाकुर, अजहर अंसारी, धनेश्वर भगत, दाउद एक्का, मृतक की पत्नी सालो देवी और साला कमरु नाग शामिल हैं। इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली, हत्या में प्रयुक्त मोबाइल, 15 सिम कार्ड, एक ऑटो और हथौड़ी बरामद किया गया है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सदर थाना क्षेत्र के बुटी बस्ती में समाजसेवी व जमीन कारोबारी संजय पाहन की हत्या का खुलासा रविवार को पुलिस ने कर दिया। पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हत्या का मूल कारण एक अन्य महिला से संजय पाहन का अवैध संबंध और पत्नी सालो सहित बच्चों की लगातार उपेक्षा थी। इस मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी सालो देवी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि संजय पाहन की हत्या उसकी पत्नी सालो देवी ने अपने भाई (साला) कमरु नाग के साथ मिलकर करायी थी। इसके लिए दोनों ने साढ़े चार लाख रुपये की सुपारी दी थी। एसएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई है कि विगत एक-डेढ वर्ष से संजय पाहन अपनी पत्नी से अलग किसी दूसरी महिला के संपर्क में थे और अधिकतम समय दूसरी महिला के साथ ही व्यतीत करने थे। अपनी पत्नी और चार बेटी और एक बेटा पर ध्यान नहीं दे रहे थे। इसके कारण उनकी अपनी पत्नी सालो देवी से अक्सर विवाद होते रहता था। संजय प्रायः रोज देर रात शराब के नशे में घर लौटता था।

### दुर्व्यवहार और मारपीट से ऊब चुकी थी सालो

पत्नी और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट के कारण पत्नी सालो देवी इस हद तक ऊब चुकी थी कि उन्होंने आपबीती अपने भाई कमरू और गांव के चाचा मानवेल उर्फ छोटू को बताई। वह भाई और चाचा पर किसी तरह अपने पति संजय पाहन को रास्ते से हटाने के लिए दबाव देने लगी। तब सालो देवी के भाई कमरू नाग और मानवेल उर्फ छोटू ने डोरंडा के आशीष नेपाली से संपर्क कर संजय पाहन की हत्या की सुपारी दे दी। आशीष नेपाली ने अपने सहयोगी सूरज कुमार, सूरज ठाकुर और पीएलएफआई के पूर्व उग्रवादी धनेश्वर भगत के साथ मिलकर योजना बनाई। इसके बाद दाउद एक्का उर्फ बच्चा और मृतक की पत्नी सालो देवी के साथ सुनियोजित ढंग से संजय पाहन की हथोड़ा से जख्मी कर गोली मारकर उसकी हत्या उनके घर के परिसर में ही कर दी। पकड़ाये आशीष नेपाली, सूरज कुमार एवं धनेश्वर भगत का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। ये लोग आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती, उग्रवादी जैसी घटना में संलिप्त रहे हैं। धनेश्वर भगत पीएलएफआई का कमांडर प्रकाश उरांव के दस्ता का सक्रिय सदस्य रहा है और पूर्व में पालकोट, गुमला से जेल जा चुका है।

# राम मंदिर से 7 दिन पहले जगन्नाथ मंदिर कॉरिडोर का होगा उद्घाटन

**1000 मंदिरों को न्यौता, 943 करोड़ आया खर्च**



**एजेंसी। पुरी**

अयोध्या राम मंदिर से पहले ओडिशा की नवीन पटनायक सरकार ने पुरी में श्री मंदिर प्रोजेक्ट पूरा कर लिया है। अब राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से 7 दिन पहले पुरी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। 15 से 17 जनवरी के बीच जगन्नाथ मंदिर कॉरिडोर का उद्घाटन कार्यक्रम है। इसके लिए चार धाम समेत 1000 से अधिक मंदिरों को न्यौता भेजा गया है। दुनियाभर के प्रमुख हिन्दू मंदिरों और नेपाल के राजा को भी निमंत्रण भेजा है। प्रोजेक्ट में 943 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। ओडिशा में अगले साल विधानसभा चुनाव भी होने है, इसके मद्देनजर भी यह कार्यक्रम पटनायक सरकार के लिए काफी अहम माना जा रहा है। 15 से 17 जनवरी के बीच ओडिशा सरकार भव्य कार्यक्रम के जरिए पुरी में प्रतिष्ठित जगन्नाथ मंदिर के कॉरिडोर का उद्घाटन करने वाली है। इसे श्री मंदिर परिक्रमा प्रोजेक्ट नाम दिया गया जो 943 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। इसमें 7 मीटर का हरा बफर जोन और 10 मीटर का पैदल यात्री यात्री क्षेत्र है, जिसका उपयोग मंदिर की परिक्रमा के लिए किया जाएगा।

### नई सुविधाओं से लैस

इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य 12वीं शताब्दी के जगन्नाथ मंदिर के चारों ओर के गलियारे को एक आधुनिक तीर्थस्थल बनाना है। इस कॉरिडोर के साथ अब एक बार में 6,000 भक्तों के लिए खड़े होने की जगह होगी। इसके अलावा उनके सामानों की स्क्रीनिंग सुविधा, लगभग 4,000 परिवारों के सामान रखने के लिए अलमारी, पीने का पानी सहित कई आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। शौचालय सुविधाएं, हाथ/पैर धोने की सुविधाएं, आराम के लिए आश्रय मंडप, हाईटेक कार पार्किंग, पुलिस और फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी परिस्थितियों के लिए गाड़ियों की सुविधा आदि शामिल हैं।

**झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र**

# दूसरा दिन हंगामेदार रहने के हैं आसार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन सोमवार को राज्यसभा सांसद धीरज साहू से करोड़ों की नकदी बरामदगी, मुख्यमंत्री को ईडी के समन और युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा सदन में उठाने का एलान किया है। विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार शीतकालीन सत्र के दौरान जनता के मुद्दों और सवालों का जवाब दे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार बीजेपी के सवालों का जवाब नहीं देगी तो हंगामा होगा। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर भाजपा विधायकों ने शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के बाहर तख्तियां और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया था, वे मुद्दे अब भी कायम हैं। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रिश्तेदारों और व्यापारिक सहयोगियों के पास से मिली 500 करोड़ रुपये की रकम किसकी है? वे जमीन घोटाला मामले में ईडी के सवालों का सामना करने से क्यों बच रहे हैं? 2019 में सत्ता में आने पर हेमंत सोरेन ने राज्य के अनुबंध कर्मियों से जो वादे किये थे, उन्हें पूरा करने में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### हिमाचल में जिंदा जला बिहारी मजदूर का परिवार महिला-दो बच्चों की मौत

**बिहार।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां झुग्गी झोपड़ी में सो रहे बिहार के मजदूर के परिवार की जलने से मौत हो गई। मृतकों में नौ माह का बच्चा और पांच साल की बच्ची समेत 25 साल की महिला शामिल है। वहीं पुरुष को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही हरौली डीएसपी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि इस घटना में 25 वर्षीय महिला, नौ माह के बच्चे और एक 5 साल की बच्ची की जलकर मौत हुई है। वहीं इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया है। उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# 'विकसित भारत यात्रा मेरी कसौटी, मेरी परीक्षा भी'

**प्रधानमंत्री ने वाराणसी में केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद**

**तमिल संगमम के द्वितीय चरण का शुभारंभ करेंगे, स्वर्वेद महामंदिर का करेंगे लोकार्पण**



**एजेंसी। वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को सांसद के नाते समय देकर सफल बनाने का दायित्व उनका भी है। प्रधानमंत्री ने नदेसर स्थित छोटा कटिंग मेमोरियल परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार जो योजना बनाती है, जिसके लिए बनाती है, वह योजना बिना परेशानी के उसके पास तक पहुंचे। लाभार्थी को चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। कई लोगों को योजना का अब भी लाभ नहीं मिला है, तो हमने तय किया कि हम पता लगाएंगे तो हिसाब-किताब भी मिल जाएगा। ये यात्रा मेरी भी कसौटी है, मेरी भी परीक्षा है। मैं आपसे सुनना चाहता था कि काम हुआ है कि नहीं। उन्होंने कहा कि गरीब कहता है कि मेरे घर चूल्हा आते ही गरीब और अमीर का भेद मिट गया। पक्का घर मिलते ही आत्मविश्वास बढ़ गया। जिन्होंने आयुष्मान कार्ड का लाभ उठाकर गंभीर से गंभीर बीमारियों के इलाज का फायदा उठाया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में नंदघर पहुंचे प्रधानमंत्री ने बच्चों से मुलाकात की। छोटे-छोटे बच्चों से संवाद भी किया। बच्चों से सवाल पूछे। इसके बाद विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्टाल पर जाकर उनके बारे में जानकारी ली। लाभार्थियों से भी मिले। उनसे योजनाओं तक आसान हुई पहुंच के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए पीएम ने अपना काफिला रोका

पीएम ने रविवार को वाराणसी में अपने रोड शो के दौरान एक एम्बुलेंस को रास्ता देने के लिए अपना काफिला रोक दिया। प्रधानमंत्री के वाहनों का काफिला एक बैरिकेड वाली सड़क के किनारे रुक गया, जबकि एम्बुलेंस को उसके बगल से जाने दिया गया। प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वह वाराणसी और पूर्वांचल के लिए 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की 37 परियोजनाओं का शुभारंभ और उद्घाटन करेंगे।

# संसद की सुरक्षा उल्लंघन पर भाग रहे पीएम : रमेश

**कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर उठाए सवाल**

**भारत की सभी पार्टियां गृह मंत्री से बयान की मांग कर रही: रमेश**

**विपक्ष पर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का लगाया आरोप**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने रविवार को पीएम पर संसद में सुरक्षा उल्लंघन पर बहस से भागने का आरोप लगाया। कांग्रेस के मुताबिक, संसद के कक्ष में कूदने वालों को दर्शक दीर्घा में प्रवेश की मंजूरी मैसूर के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा ने दी थी और इससे पार्टी पर सवाल खड़े हो सकते है। विपक्षी दल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ललित ने कहा था, संसद की घटना का वीडियो वायरल करो

संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में रोज कुछ न कुछ चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इसी कड़ी में एक नई जानकारी सामने आई है। इसके मुताबिक ललित ने इस घटना का एक वीडियो अपने दोस्त को भेजा था। इसके बाद उसने इसे सोशल मीडिया पर सकुर्लेट करने के लिए भी कहा था। इस दौरान उसने अपने दोस्त को जय हिंद भी बोला था। जानकारी के मुताबिक इस दोस्त का नाम सौरव चक्रवर्ती है। गौरतलब है कि 13 दिसंबर को दो लोग संसद की विजिटर्स गैलरी से अंदर कूद गए थे। इसके बाद इन लोगों ने स्मोक बम का भी इस्तेमाल किया था। फिलहाल पुलिस इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

#### फेसबुक पर मुलाकात

सौरव चक्रवर्ती ने बताया कि ललित से उसकी मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। ललित सौरव की फेसबुक पोस्ट को लाइक करता था और कमेंट्स करता था। इंडिया टुडे के मुताबिक हालांकि ललित ने कभी भी सौरव को संसद सुरक्षा में सेंध वाली घटना से जुड़ी कोई बात नहीं बताई थी। हालांकि चक्रवर्ती का कहना है कि अगर ऐसी घटना 1947 के पहले हुई होती तो वह जरूर इसका समर्थन करता। लेकिन इस वक्त इसकी कोई जरूरत नहीं थी। सौरव ने बताया कि झा अक्सर सामाजिक न्याय और कल्याण की बात करता था।

# स्वतंत्रता से संबंधित जमानत आवेदनों पर जल्द निर्णय हो : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि अग्रिम जमानत आवेदन सहित जमानत आवेदनों पर निर्णय स्वतंत्रता से संबंधित हैं और सभी उच्च न्यायालयों द्वारा शीघ्रता से इस पर फैसला लिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब उसने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ एक आरोपी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसके आवेदन को कालानुक्रमिक क्रम में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि इस तरह का आदेश अग्रिम जमानत/नियमित जमानत से संबंधित मामले में निश्चितता के बिना, वह भी मामले को स्वीकार करने के बाद, निश्चित रूप से आवेदन पर विचार करने में देरी करेगा और ऐसी स्थिति व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए हानिकारक होगी। अपने आदेश में, शीर्ष अदालत ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामलों पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की आवश्यकता के बार-बार आदेशों के बावजूद, वही स्थिति बनी हुई है।



# शिक्षा के बड़े मंदिरों में भ्रष्टाचार और राजभवन



सुनील बादल

**झारखंड** के कुलाधिपति राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कुछ दिनों पूर्व एक समारोह में जो कहा था वह 23 साल के झारखंड पर एक ऐसी सटीक टिप्पणी थी जिसकी सर्वत्र चर्चा हो रही है। उन्होंने दो बातें कहीं पहली तो यह कि कुलपतियों की नियुक्ति में पैसे लिए जाते हैं जो अब नहीं होगा और पता चलने पर उन्हें हटा दिया जाएगा। दूसरी महत्वपूर्ण बात उन्होंने विश्वविद्यालयों के संदर्भ में कही कि सिर्फ बिल्डिंग बनाने पर नहीं रैंकिंग यानी रिजल्ट सुधारने पर ध्यान दीजिए।देश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी भ्रष्टाचार की शिकायतें चर्चित होती रहीं हैं पर बिहार-झारखंड की बात ही अलग है। बिहार के जमाने से ही विश्वविद्यालय राजनीति के केंद्र रहे हैं क्योंकि नियमतः वहां कार्यरत शिक्षक चुनाव तक लड़ सकते हैं और ऐसे अनेक उदाहरण भी हैं जब बड़े नामचीन लोग नेता मंत्री के अलावा विश्वविद्यालय दोनों से वेतन आदि का आर्थिक लाभ लेते रहे और नेता से रिटायर होकर बिना पढ़ाए प्रोफेसर या प्रिंसिपल तक बन गए। नेताओं की अनेक पौध भी इन्हीं विश्वविद्यालयों से निकली भी पर दिनों दिन बढ़ती दलीय राजनीति से न सिर्फ इन विख्यात विश्वविद्यालयों का शैक्षिक माहौल खराब हुआ बल्कि पैरवी पहुंच के बलबूते अनेक आरोपी और भ्रष्ट लोग भी बड़े बड़े पदों पर पहुंच गए। नियुक्तियों से लेकर खरीददारी तक में सवाल उठ खड़े हुए और पूर्व राज्यपाल ने तो कड़े कदम उठाकर स्थानांतरण से लेकर बर्खास्त तक ऐसे लोगों को किया। सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति राधाकृष्णन ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई करते हुए धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सुखदेव भोई को बर्खास्त कर दिया था। संवाददाताओं से उन्होंने कहा था, भ्रष्टाचार कोई नई घटना नहीं है। हर कोई इसे खत्म करना चाहता है। हमें 100 प्रतिशत भरोसा है कि हम अपने सभी विश्वविद्यालयों में शून्य भ्रष्टाचार सुनिश्चित करेंगे।" उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय इस दिशा में काम कर रहा है। राज्यपाल ने भरोसा जताते हुए कहा, हम इसे यथासंभव कम से कम समय में करेंगे।" जिस संस्थान में देश की भावी पीढ़ी यह सब देखेगी वह आगे चलकर कितनी चरित्रवान या विद्रोही होगी यह तो समय बताएगा पर इतना तो तय है कि अभिभावक सरकारी सहायता से चलने वाले इन विश्वविद्यालयों में जिनकी पढ़ाई का स्तर और सत्र या अन्य गतिविधियां संतोषजनक ना प्रतीत हों अपने बच्चों को या तो अन्य राज्यों में भेजना पसंद करेंगे या झारखंड बिहार में बिना समुचित परिसर या सुविधाओं के धड़ाधड़ खुल रहे निजी विश्वविद्यालयों में। सभी सरकारी विश्वविद्यालय ऐसे हैं नहीं कहा जा सकता आज भी कई ने लाखों प्रतिभावान नागरिक दिए हैं पर सभी अच्छे हैं यह भी नहीं कहा जा सकता। कई विश्वविद्यालय तो भव्य भवनों के साथ सामान्य से कम रिजल्ट दे रहे हैं जबकि प्रिंसिपल या कुलपति जैसे अधिकारियों का जोर पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के बजाय फर्नीचर या अन्य संसाधन खरीदने से लेकर बिल्डिंग बनाने पर ज्यादा रहता है जिसपर राज्यपाल महोदय ने कड़ी टिप्पणी की है। सरकारी स्कूलों की तरह बच्चों की उपस्थिति की ऑनलाइन एंट्री और अवांछित लोगों की विश्वविद्यालयों में रोक तथा भ्रष्टाचार पर रोक के लिए आई कार्ड की अनिवार्यता तथा सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति जैसे उपाय भी होने चाहिए। रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के भव्य भवन में महीनों से जबरन परीक्षा टेबुलेशन सेंटर खोल दिया गया है। सुदूरवर्ती अनेक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# मुंबई की डॉ. ने उद्योगपति सज्जन जिंदल पर लगाया रेप का आरोप

**एजेंसी। मुंबई**

एक सनसनीखेज घटनाक्रम में, मुंबई पुलिस में दर्ज एक शिकायत के अनुसार, 30 वर्षीय एक महिला डॉक्टर ने एक प्रमुख उद्योगपति पर पिछले साल उसके साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। जुहू की रहने वाली महिला डॉक्टर ने 64 वर्षीय जिंदल ग्रुप के प्रमुख सज्जन जिंदल के खिलाफ 13 दिसंबर को बांद्रा कुर्ला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता का जिंदल से परिचय 8 अक्टूबर, 2021 को कोविड महामारी के दौरान दुबई के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के वीआईपी बॉक्स के अंदर एक आईपीएल मैच में हुआ था। जब जिंदल ने पूर्व सौंदर्य प्रतियोगिता विजेता पीड़िता से मिलना चाहा, तो उन्होंने संपर्क विवरण का आदान-प्रदान किया और व्हाट्सएप पर चैट करना शुरू कर दिया। दिसंबर 2021 में, महिला ने कहा कि वह एक कार्यक्रम के लिए जयपुर गई थी, जहां उसकी दोबारा जिंदल से मुलाकात हुई और उन्होंने बातचीत की। फिर, पीड़िता के अनुसार, जिंदल ने कथित तौर पर उसके साथ सहज होने की कोशिश की, उसे 'बेब', 'बेबी' जैसे शब्दों से बुलाया और सार्वजनिक स्थान पर मिलने के उसके सुझाव के बावजूद होटल में मिलने पर जोर दिया।



## एक नजर

### आंगनवाड़ी सेविका सहायिका और सहिया को कर्मचारी का दर्जा नहीं तो आंदोलन : पांडे



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी सह आंगनवाड़ी सेविका /सहायिका संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने कहा है कि राज्य के विकास और पोषण की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका और सहिया महिला कर्मचारियों को राज्य सरकार के कर्मचारी का दर्जा दिया जाय,राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को अच्छी मोबाइल की सुविधा प्रदान किया जाय और सभी प्रकार के बकाए का भुगतान सुनिश्चित किया जाय ताकि राज्य के विकास को गति मिल सके और केंद्र सरकार से भी ऑडिट के अभाव में मिलने वाली राशियों का भी भुगतान हो सके। राज्य के आंगनवाड़ी महिला कर्मी सहित लगभग 3 लाख से भी अधिक अनुबंध कर्मी राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य हो गए है।

### रौनियार वैश्य सभा का चुनाव सम्पन्न, शम्भू प्रशाद गुप्ता बने अध्यक्ष

**मांडर।** मांडर स्थित सोसई आश्रम मे रविवार को रांची जिला रौनियार वैश्य सभा वर्ष 2023 का चुनाव हुआ। इसमें शम्भू प्रशाद गुप्ता अध्यक्ष पद के लिए चुने गए। अशोक गुप्ता 155 मत पाकर सचिव और बिहारी लाल 147 मतों के साथ कोषाध्यक्ष चुने गए। संगठन मंत्री राजेन्द्र गुप्ता निर्विरोध चुने गये। मतदान प्रक्रिया में 26 इकाई व 82 आजीवन सदस्यों ने हिस्सा लिया। निवार्चन अधिकारी सुनीता गुप्ता, दीपंकर गुप्ता, भुनेस्वर गुप्ता, मुरारी लाल, सुरेन्द गुप्ता, मानिक लाल गुप्ता, सुरेश गुप्ता राधेश्याम गुप्ता ने शांतिपूर्ण मतदान कराया।

# लापुंग में कपड़ा बैंक ने बिरहोरों के बीच कंबल व कपड़े का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
कपड़ा बैंक बेड़ो की टीम के द्वारा कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में लापुंग प्रखंड के चंपाडीह में बिरहोर जनजाति के 450 जरूरमंदों लोगों के बीच कपड़ों का वितरण किया। गांव के ग्रामीणों के बीच ठंढ कपड़े में स्वेटर, जैकेट, कम्बल, शॉल, साड़ी, जीन्स, पैंट सर्ट, कुर्ती व बच्चों के कपड़े इत्यादि बांटा गया। मौके पर कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वे कपड़ा बैंक में दे सकते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके। कपड़ा बैंक का संचालन उन्हीं लोगों के सहयोग से हो रहा है, जो कपड़े आपके लिए अनुपयोगी है लोगों का जरूरत है और लोगों के जीवन मे खुशी ला सकती है। लोगों के जीवन की मुख्य आवश्यकता में रोटी कपड़ा और मकान होती है जिसमें कपड़ा भी एक प्रमुख आवश्यकता होती है जो लोगों के तन ढकने के लिए आवश्यक है जो हमें हरेक मौसम में जरूरी होता है। कपड़ा बैंक के सदस्य निःस्वार्थ इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं और जरूरतमंदों तक अपने खर्च से कपड़ा पहुंचा रहे है। कपड़ा बैंक की टीम में कैलाश कुमार, शक्ति साहू,रवि केशरी, मुकेश कुमार,अनुज कुमार गुप्ता, ककरिया के प्रवीण कुमार समेत कई लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

### प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मना गीता जयंती

**रांची।** प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा चौधरी बगान, हरमू रोड में गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गीता को ईश्वरीय ज्ञान का और अमरता का संगीत आदि नाम दिय गये हैं। ये महावाक्य अलौकिक माधुर्य, अआत्मिक, आनन्द और अतिन्द्रिय सुख देने वाले होते हैं। इनकी श्रुति मधुरता के कारण ही परमात्मा के इन अमृत वचनों को गीत शब्द से अभिहित किया गया है। एस्कॉन के डा राकेश कुमार ने कहा गीता शास्त्र भारत के समस्त प्राचीन योग एवं ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है। पंडित शशिकांत तिवारी ने कहा गीता शास्त्र वास्तव में चरित्र निर्माण का शास्त्र है। डा प्रदीप गुप्ता ने कहा गीता में चरित्र निर्माण की शिक्षाओं का उल्लेख है। जैसे कि काम से ही क्रोध की उत्पति होती है जिससे बुद्धि का नाश होता है।

### स्कूलों में स्वस्थ जांच शिविर का आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के द्वारा रांची उपायुक्त आदेश के अनुसार राष्ट्रीय विक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के सभी स्कूलों में छात्रों का फाइलेरिया जांच किया गया। वहीं सिल्ली डीएभी पब्लिक स्कूल में रविवार को डॉक्टरों द्वारा 81 छात्रों का जांच किया गया! जांच के दौरान छात्रों को नेगेटिव पाया गया।

### झारखंड सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा अंतर्गत अनगडा प्रखंड के टाटी पंचायत के राजाबांध गांव के ग्रामीणों के बीच बैठक कर झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद वेदिया ने झारखंड सरकार द्वारा संचालित किये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं और पार्टी के सिद्धांतों के बारे में विस्तृत रूप से ग्रामीणों के बीच जानकारी दी। मौके पर ग्रामीणों से अपील भी किया कि सभी ग्रामीण इसका लाभ अवश्य उठाये।

### आंध्र प्रदेश, तेलंगाना यूपी में ठगी करने वाले दो सगे भाईयों सहित तीन साइबर ठग गिरफ्तार

**जामताड़ा।** पुलिस ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के हीरापुर और देवीडीह गांव के साइबर ठगी के अड्डे पर छापेमारी की, जहां दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया। इनके अलावा देवडीह गांव में एक शातिर पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने 12 मोबाइल, 18 सिम और एक आईपैड बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों के नाम महफूज अंसारी, खुर्शीद अंसारी और सद्दाम हुसैन बताया गया है। बताया जाता है कि पकड़े गए साइबर अपराधी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना यूपी समेत अन्य राज्यों में फर्जी जीवन बीमा अधिकारी, फर्जी बैंक अधिकारी और बिजली विभाग के फर्जी अधिकारी बनकर लोगों को चूना लगाते थे। क्रेडिट कार्ड बंद होने, बिजली बिल बंद होने के नाम पर, लाइन कटने का फर्जी मैसेज देकर और जीवन बीमा की बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर बैंक स्टेटमेंट से जुड़ी जानकारी हासिल कर वे साइबर ठगी करते थे। इस संबंध में जामताड़ा साइबर थाना के डीएसपी मजरुल होदा ने बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधी आंध्र प्रदेश, यूपी, तेलंगाना और अन्य राज्यों में क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड बंद होने, बिजली बिल ऑनलाइन जमा करने आदि का फर्जी मैसेज देकर और लाइफ इंश्योरेंस बेचने के नाम पर साइबर ठगी करते थे। साइबर डीएसपी ने बताया कि अब तक उन्होंने कितनी ठगी की है इसकी जांच की जा रही है। दूसरे राज्यों की पुलिस से भी संपर्क कर उनके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

### जामिया इसलामिया एकेडमी में तालीमाती कार्यक्रम का आयोजन



मांडर। प्रखण्ड के फुसरा टांड़ में रविवार को जामिया इसलामिया एकेडमी में छात्र छात्राओं का तालीमाती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में प्रसासनिक सेवा से सेवानिवृत्त समाज सेवी डॉ परमेश्वर भगत उपस्थित हुए। श्री भगत ने एकेडमी के तालीम व तरबियत पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य के बने हुए तेईस वर्ष हो गए लेकिन हमारे राज्य का शैक्षणिक स्तर से लेकर समाजिक और आर्थिक सुधार नहीं हो सका। इस पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। कार्यक्रम के दौरान एकेडमी के डाईरेक्टर मौलाना रफीक ने अपने एकेडमी से संबधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम भी दी जा रही है। मौलाना शाकीर इसलाही ने भी अपनी बात रखी। मौके पर मौके पर एकेडमी का निदेशक मौलाना रफीक साहब, प्रिंसिपल अबु सूफियान नदवी साहब, प्रो नाफर अली, सोमा महतो, हाजी शाकिर इस्लाही साहब, तौफीक अंसारी, कौशल ठाकुर, हाफिज चांद, हाफिज फैय्याज, माज अंसारी समेत अन्य ग्रामीण मौजुद थे।

## सभी का बेहतर स्वास्थ्य और सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा हमारा लक्ष्य : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय बाजरा के मैदान में रविवार को मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि अपने मांडर विधानसभा क्षेत्र में सभी को स्वस्थ रखना और उन्हें सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। बेहतर स्वास्थ्य का महत्व तभी पता चलता है जब हम बीमार होते हैं। श्रीमती तिर्की ने कहा कि अपने उच्च लक्ष्य और मानसिकता के तहत ही आज उन्होंने इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है। ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे सभी इसका अधिक-से-अधिक लाभ उठायें। इस हेल्थ कैम्प में अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त 10 अनुभवी चिकित्सकों ने सैकड़ों ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और चिकित्सकीय सलाह देने के साथ ही निःशुल्क दवाईयाँ भी दी। विशेष रूप से डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, नेत्र रोग आदि के मरीज आज बड़ी संख्या में आये। श्रीमती तिर्की ने कहा कि सभी को बेहतर स्वास्थ्य का उनका यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा की और कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि सभी लोग अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति सचेत और जागरूक रहें।

# झारखंड आंदोलनकारियों ने की फतेहपुर में आर्थिक नाकेबंदी



**नवीन मेल संवाददाता। फतेहपुर (जामताड़ा)**
विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारी एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संयुक्त बैनर तले रविवार को फतेहपुर में आर्थिक नाकेबंदी किया और अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नेतृत्व कर रहे झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संथाल परगना संयोजक जीतन कोल ने बताया कि अलग झारखंड राज्य बनाने में हम झारखंड आंदोलनकारी ने अहम भूमिका अदा की थी लेकिन आज अलग राज बनने के 23 वर्ष बाद भी हम लोगों को हमारा हक नहीं मिल पाया है। आंदोलनकारी को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही है। कहां की सरकार सिर्फ घोषणा करती है लेकिन उसे पर अमल नहीं किया जा रहा है। इसलिए हम लोग आज आर्थिक नाकेबंदी कर रहे हैं और इसके बाद भी अगर सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो हम लोग जोरदार आंदोलन करेंगे। मौके पर उन लोगों ने फतेहपुर में रैली भी निकाली और जमकर मांगो के समर्थन में नारेबाजी की। आर्थिक नाकेबंदी लगभग दो घंटे रही और फिर समाप्त हुई।इस अवसर पर राजेंद्र हांसदा, बबलू कोल,राजेंद्र कोल, मोहन हांसदा, मोहन हांसदा, वासुदेव कोल,गीता मुर्मू, सीतामुनी मुर्मू, सुरूजमुनी हांसदा, खुश्बू कुमारी, शांति देवी, जमशेद अंसारी, शकुर मियां,जियाराम राणा,शेखावत अंसारी, लोबिन मरांडी, विश्वेश्वर हेम्ब्रम, नजरूल अंसारी आदि शामिल थे।

### इक्फाई विवि में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन



**रांची।** इक्फाई यूनिवर्सिटी में रविवार को सत्र 2023- 2026 एलएलबी बैच के नए छात्रों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। आभाष नाथ, जीशान अली, अविनाश झा, अंजू तिवारी, अंकिता कुमारी के साथ कल्चरल क्लब और स्टूडेंट काउंसिल की ओर से विवि आडिटोरियम में आयोजित लाइट में नए छात्रों का जोरदार स्वागत किया गया। मालूम हो कि विवि में लाइट को बहुत ही पवित्र माना जाता है। यह सूरज की तरह समृद्धि और अंधेरे को दूर करने का प्रतीक है। कार्यक्रम का उद्घाटन हमारे प्रोफेसर डॉ. आलोक कुमार, डॉ. अमरजीत रंजन, डॉ. निशु, डॉ. मिथिलेश पांडे ने किया। एलएलबी फ्रेशमैन व फ्रेशवुमेन का आयोजन बहुत मजेदार रहा। इस दौरान नाटक, एंकरिंग, स्टैंड अप कॉमेडी का आयोजन हुआ।

## रांची आसपास

## अलविदा लाल सलाम उपन्यास का बाबूलाल मरांडी ने किया लोकार्पण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची सिटीजन फोरम की ओर से लेखिका रेणुका तिवारी के उपन्यास अलविदा लाल सलाम का लोकार्पण हुआ। लोकार्पण समारोह शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत अधिवक्ता सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी और विशिष्ट अतिथि विधायक सरयू राय, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक अरुण सिंह और रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला ने उपन्यास का विमोचन किया। साहित्यकार प्रोफेसर अशोक प्रियदर्शी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। लेखिका रेणुका तिवारी ने विषय प्रवेश करते हुए बताया कि यह उपन्यास देश के विभिन्न हिस्सों में पल रहे अतिवादी विचारधारा नक्सलवाद की असलियत और उससे एक नक्सली कमांडर के मोहभंग होने की कहानी है। जो अंततः लोकतंत्र की ताकत को समझता है और मुख्यधारा में वापसी का संकल्प करता है। उन्होंने कहा कि उपन्यास के नायक करमजोत मुर्मू का नक्सली दुनिया से बाहर आने का द्वंद बेहद मर्मस्पर्शी है जो पाठकों को बेहद पसंद आएगा। मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नक्सलवाद देश की एक प्रमुख समस्या है।

### तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का राज्यपाल करेंगे उद्घाटन, तैयारियां पूरी

## सिल्ली स्टेडियम सज-धजकर तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
सिल्ली में तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का शुभारंभ सोमवार से होगा। महोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपराह्न तीन बजे करेंगे। महोत्सव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिल्ली स्टेडियम सज-धजकर तैयार है। मुख्य मंच को ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर का प्रारूप दिया गया है। गूंज परिवार के संरक्षक तथा सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो सभी तैयारियों की कमान संभाले हुए हैं। उनका कहना है कि सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणा का जीवंत प्रतीक इस महोत्सव ने क्षेत्र में विकास को गतिमान किया है। प्रगति की नई यात्रा और सकारात्मक संभावनाओं को इस साल व्यापक बनाने का ध्येय निर्धारित है। इस ध्येय के तहत सेवा और सम्मान के कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही संस्कृति, परंपरा को सहेजने, लोक कलाकारों को मंच देने की भी तैयारी है। जनकल्याण को लेकर सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर कई शिविर लगाए जायेंगे। विविध आयाम से जुड़े इस महोत्सव के जरिये वैसे अवसर भी तैयार किए जाने हैं, जिनसे सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का वर्तमान और भविष्य संवारा जा सके।
उद्घाटन के मौके पर स्टेडियम परिसर में ही झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पढ़ो तथा लड़ो का नारा देने वाले विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद छऊ नृत्य कलाकारों का प्रदर्शन होगा। साथ ही स्कूली छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जाएंगे। इन कार्यक्रमों के रिहर्सल पूरे कर लिए गये हैं। महोत्सव की पूर्व संध्या पर रविवार की शाम सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में कैंडल मार्च निकाला गया। शहरी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में लोग कैंडल मार्च में शामिल हुए। इस मार्च के जरिए विकास उत्सव में एकजुटता और सामूहिक भागीदारी के संदेश दिए गए। इस दौरान सामूहिक गीत गाए गए।

### बनहोरा में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण



रांची। बढ़ती ठंड से जरूरतमंद और गरीब लोगों को राहत दिलाने के लिए समाजसेवी विकास तिर्की ने कंबल का वितरण किया। बनहोरा में जरूरतमंद बुजुर्ग एवं वृद्ध महिलाओं एवं विधवा महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। विकास तिर्की ने कहा कि जिस तरह प्रभु येशु ने पूरे मानव जाति के बीच सेवा किया। आज जरूरत है कि हम भी ऐसे ही लोगों के बीच सेवा दे। मौके पर समेल कच्छप, अमर लोहरा, जेवियर और संगीत कच्छप आदि उपस्थित रहे।

## झारखंड को बचाने की जरुरत है: पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
सोसई मैदान में रविवार को संकल्प सेंटर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के तरफ से प्रतिभा कल्चरल फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख शामिल हुए। उन्होंने भी एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किए। उन्होंने ने कहा कि आज हमें झारखंड को बचाने की जरुरत है। मौके पर बोलते हुए प्रोफेसर शाहिद हसन ने कहा कि ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लेने की जरूरत है। संकल्प के बुनियाद पर ही दशरथ मांझी ने छोटे से छेनी और हथौड़ी से विशालकाय पर्वत को काट डाला। वहीं आकाशवाणी रेडियो रांची की पूर्व उद्घोषिका शकुंतला मिश्रा ने कहा कि संकल्प के द्वारा आयोजित कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। गांव देहातों में ऐसे आयोजनों में पारंपरिक नागपुरी गीत और नृत्य की भरमार होना चाहिए। नागपुरी अपनी कला संस्कृति के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। नागपुरी हमारी मातृभाषा है ।

### कृष्ण प्रणामी संस्था की ओर से भंडारे के प्रसाद का वितरण



रांची। पुंदाग के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में प्रीति मिश्रा ने अपने पति अशोक मिश्रा की स्मृति में जरूरतमंद लोगों के बीच भंडारे का वितरण किया। कृष्ण प्रणामी संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, ज्ञान शर्मा, विशाल जालान, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी के द्वारा जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आसपास के रहने वाले श्रद्धालुओं के बीच अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। 125 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद के रूप में पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव,आलू-टमाटर, लाल चना, मिश्रित सब्जी और केसरिया खीर का वितरण किया। भंडारे वितरण में विजय जालान, डूंगरमल अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल और सुनीता अग्रवाल ने सहयोग किया।

### जंगल में दिन दहाड़े सखुआ के पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई

## कटी लकड़ियों के व्यापार में लगे ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो समेत लापुंग प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में इन दिनों दिन दहाड़े खुल्लमखुल्ला सखुआ के दर्जनों पेड़ों को बेरहमी से काटा जा रहा है। आमतौर पर जंगल में सखुआ के पेड़ काटने वालों में गांव की महिलाएं और पुरुष काफी हावी रहते हैं। इस दौरान जंगल में अगर पेड़ काटते हुए गांव के ग्रामीणों से बात की जाए तो ग्रामीणों द्वारा तरह-तरह की बातें की जाती है। लेकिन हकीकत तो यह है कि 100 में से 95 प्रतिशत ग्रामीण जंगल से पेड़ों की कटाई कर व्यापार करने में लग जाते हैं। प्रत्येक दिन ग्रामीण रोजगार के नाम पर जंगल में पेड़ों की कटाई कर बाद में बोझा बनाकर उसे शहर और गांव के बाजारों में जाकर बेचा करते हैं। इधर जंगल में कई लोग मोबाइल से फोटो खींचते देख जंगल के अंदर प्रवेश कर गए। लेकिन कटे हुए सखुआ के पेड़ वास्तविक हालात की गवाही दे रहे थे। इधर जंगल में पेड़ों की कटाई करते महिलाओं से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सूखे हुए पेड़ों की कटाई कर रहे हैं लेकिन सच्चाई यह थी कि सभी पेड़ हरे भरे और पूरी तरह परिपक्व थे। इधर जंगल से हो रही पेड़ों की कटाई के बाद गांव के ग्रामीणों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में बैठक के दौरान यही निर्णय हुआ था कि कोई भी ग्रामीण एक भी पेड़ नहीं काटेगा। लेकिन इसके बावजूद पेड़ कटा है तो काटने वालों का पता लगाया जाएगा। दोपहर में जंगल के किनारे से गुजरने वाली सड़क से होकर आने जाने वाले सैकड़ों लोगों ने वृक्षों को काटने वाली इस घटना को देखा। लेकिन पर्यावरण की रक्षा को लेकर कोई सामने नहीं आया। आखिर बड़ा सवाल यह है कि जंगलों को बचाने की जिम्मेवारी किसकी है और कौन बचाएगा। एक ओर घटते जंगलों के बीच जलवायु परिवर्तन हमारे सामने बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रही है। बारिश भी कम होने लगी है।

### जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित होंगे महेंद्र सिंह धोनी

**रांची।** उम्मीद फाउंडेशन की ओर से तीन जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में विभिन्न खेल से जुड़े खिलाड़ियों, कोच, खेल को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। रविवार को उम्मीद फाउंडेशन की ओर उन खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गयी। जिन्हें मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर सम्मानित किया जायेगा। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस वर्ष महेंद्र सिंह धोनी समेत झारखंड के कई दिग्गज खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में अपने खेल के माध्यम से झारखंड का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ी शामिल है। कार्यक्रम महासचिव निरंजन भारती ने बताया कि इस वर्ष छह कैटेगरी में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरू सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरू द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल है।

### हिंडाल्को में गुरु नानक जयंती मनाई गई



मुरी। हिंडालको दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में गुरु नानक जयंती सह प्रकाश उत्सव का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। हिंडालको परिसर में यह त्यौहार लगभग 75 वर्षों से मनाया जा रहा है। इस तीन दिवसीय त्यौहार में 15 दिसंबर से श्री अखंड पाठ का आयोजन किया गया जिसका समापन 17 दिसंबर को हुआ। टाटानगर से आए हुए मंडली में रणजीत सिंह, दिलदार सिंह, नरेंद्र सिंह, तरसेन सिंह ने श्री अखंड पाठ किया। वहीं पिस्का मोड से आए बक्खी सिंह (रागी जत्था) ने कीर्तन भजन किया जिससे आसपास के ग्रामीण भक्ति में लीन हो गए। इसके उपरांत आज रविवार को लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने लंगर का लुफ्त उठाया।

### सुखदेव सिंह गोगामेडी व कृष्ण मोहन सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

## सुरक्षा की अनदेखी पर उठाये सवाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वीर कुंवर सिंह पार्क हरमू रांची में राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेडी एवं बस ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद स्वर्गीय कृष्ण मोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन वीर कुंवर सिंह विचार मंच के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सुरक्षा व्यवस्था में कमी के कारण स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेडी की निर्मम हत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी ही स्थिति झारखंड में भी है। कई नेतृत्वकर्ताओं की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है, जिसमें विशेष कर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह की हाल ही में सुरक्षा हटा ली गयी है, साथ ही भैरव सिंह के घर पर भी सुरक्षा कम कर दी गई है, अतः सरकार से निवेदन है कि जल्द से जल्द उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, अन्यथा बाध्य होकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। वक्ताओं द्वारा स्वर्गीय कृष्ण मोहन सिंह के असामयिक निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज कुमार सिंह, रामेश्वर दयाल सिंह, मनीष सिंह, बालाजी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राज्यपाल विस अध्यक्ष व खेल मंत्री से मिले कश्मीरी युवा

रांची। नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखण्ड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के चौथा दिन भ्रमण सत्र का शुभारंभ हुआ। आज भ्रमण सत्र में सुबह सर्वप्रथम मोराबादी फुटबॉल स्टेडियम का भ्रमण कराया गया, उसके बाद गवर्नर हाउस में राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात एवम लंच का आयोजन किया गया। उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से उनके आवास पर मुलाकात की गई। उसके बाद खेल मंत्री हफीजूल हसन से मुलाकात हुई। तत्पश्चात रांची विश्वविद्यालय में झारखंड के कल्चरल नृत्य का आयोजन, सांस्कृतिक प्रदर्शन और केंद्रीय पुस्तकालय (आरयू) में रांची विश्वविद्यालय के वीसी के साथ बातचीत और रात्रिभोज के साथ कशीमरी युवाओं की मेहमान नवाजी की गई।

### श्मशान घाट के लिए जगह देने की मांग

**रांची।** बिजुलिया गांव में तेली और महली जाति के लोगों को श्मशान घाट पर दाह संस्कार व अन्य समाज के द्वारा नहीं करने दिया जा रहा है। इस घटना को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद से बिजुलिया गांव के तेली और महली समाज के लोग मिले और ज्ञापन सौंपा। बताया कि तेली और महली समाज का श्मशान घाट रोड चोड़ीकारण में चला गया। हिंदुओं का एक दूसरे श्मशान घाट है, लेकिन वहां तेली और महली समाज को अछूत बता श्मशानघाट में दाह संस्कार करने नहीं दिया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस संदर्भ में वे लोग उपायुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीओ और डीसीएलआर रांची को भी ज्ञापन दिया है। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद से मिलने वालों में विकास साहू, तारकेश्वर साहू, दीपक महली, अरविंद साहू धर्मनाथ साहू और अरविंद साहू आदि शामिल थे।

### झारखंड में मां का दूध उपलब्ध कराने के लिए बन रहे स्पेशल बैंक

**रांची।** राज्य के चार जिलों में नवजातों के लिए मां का दूध उपलब्ध कराने के लिए स्पेशल बैंक बन रहे हैं, जो नवजात शिशुओं के लिए वरदान साबित होंगे। कई बार नवजात मां के दूध से कई कारणों से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे शिशुओं की माताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि, अब उन्हें बैंक से ही मां का दूध मिल जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य योजना के तहत राज्य के बोकारो, दुमका, हजारीबाग एवं रांची के अस्पतालों में मानव दूध बैंक यानी ह्यूमन मिल्क बैंक बनाने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने पूरी कर ली है। डॉक्टरों के मुताबिक कई माताओं को प्रसव के बाद दूध नहीं होता। इसलिए उनका नवजात स्तनपान से वंचित हो जाता है। कई ऐसे बच्चे भी हैं, जिनकी माता किसी कारणवश दुनिया में नहीं हैं। ऐसे शिशुओं को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग चार शहरों में मानव दूध बैंक बनाने जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इसकी स्थापना पर सवा करोड़ रुपये खर्च होंगे। टेंडर का प्रोसेस भी शुरू हो चुका है। इसके लिए दो तिहाई राशि केंद्र एवं एक चौथाई राज्य बजट से खर्च होग।

### साहित्य 24 मंच की काव्य गोष्ठी




**रांची।** साहित्य 24 मंच, झारखंड इकाई की काव्य गोष्ठी सिटी पैलेस, लालपुर में संपन्न हुआ। अंशिता सिन्हा ने दीप प्रज्वलित तथा मंत्रोच्चारण कर शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना सीमा कुमार ने किया। सभा की अध्यक्षता मंच की अध्यक्ष रूपा कुमारी ने की। रांची तथा जमशेदपुर से आए साहित्यसेवियों ने मंच को समृद्ध किया। जिनमें रेणु झा रेणुका, रिम्मी वर्मा, निर्मला कर्ण, खुशबू बरनवाल 'सीपी', अजीत प्रसाद, संस्कृति श्री, अन्वेषा रथ, सुमिता सिन्हा, हर्षिता कौशिक इत्यादि शामिल थे।

---

दुकानों के बाहर वाहनों को पार्क करने से दुकानदारों व ग्राहकों को होती है परेशानी

# रंगरेज गली में बनी रहती है जाम की स्थिति




### दुकानों के बाहर वाहन लगाने से दुकानदार परेशान



रंगरेज गली के दुकानदार जिशान अली का कहना है कि पार्किंग की समस्या है। बगल में नगर निगम का पार्किंग है, लेकिन लोग वहाँ बाइक-स्कूटी पार्क नहीं कर गली में लेकर आ जाते है। यह स्थिति पूरे गली की है। उन्होंने बताया कि दुकान के बाहर तीन-चार बाइक लग गयी, तो ग्राहकों के लिए अंदर आने का रास्ता ही नहीं बचता है। इससे व्यापार में असर पड़ता है। इस गली को जाममुक्त कराने के लिए प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अपर बाजार का रंगरेज गली व्यस्त व्यावसायिक स्थल के रूप में जाना जाता है। इस पतली सी गली में सैकड़ों दुकानें रहने से सुबह से शाम तक खरीदारों की भारी भीड़ देखी जाती है। भीड़ के साथ इस गली में खरीदारों के द्वारा दो पहिया वाहन और मालवाहक रिक्शा-ठेला के आने जाने से सड़क जाम की स्थिति बन जाती है। कभी कभी तो ऐसी स्थिति बन जाती है कि पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। इस गली में दोनों ओर की दुकानों के सामने दो पहिया वाहनों के लगाने से सड़क बिलकुल सकरी हो जाती है। जिससे दुकानदारों के साथ यहॉ खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। दुकानदारों को कहना है कि ग्राहक दो पहिया वाहन लेकर अंदर चले आते है। ऐसे लोगों को रोकने वाला कोई है नहीं। इस तरह दिन भर दर्जनों की संख्या में दो पहिया वाहन इस गली में पार्क कर दिये जाते है। इससे यहॉ जाम की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा दुकानों के सामने वाहनों के लगे होने से ग्राहकों के लिए दुकान में प्रवेश करने में दिक्कतें होती है। दुकान के सामने वाहनों के लगे रहने के कारण ग्राहक आगे बढ़ जाते है। यह हम दुकानदारों के लिए बड़ी समस्या है।

## व्यवस्थित हुई फुटपाथ दुकानें, मेन रोड में नहीं लगा जाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अव्यवस्थित रूप से फुटपाथ में दुकान लगने से कचहरी चौक से मेन रोड में जाम की समस्या बनी रहती है। मेन रोड में जाम के कारण वाहनों के रेंगना पड़ता है। इस मामले को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद उपायुक्त ने बैठक कर शहर को जाममुक्त करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त के निर्देश के बाद रांची ट्रैफिक पुलिस सक्रिय हुई और सड़क जाम की समस्या के समाधान के उपाय शुरू कर दिये गये। राष्ट्रीय नवीन मेल में खबर



छपी थी कि मेन रोड के आधे सड़क पर फुटपाथ दुकानदारों का कब्जा रहता है। जिससे सड़क की चौड़ाई कम होने से वाहनों को रेंगना पड़ता है। इस समाचार के बाद ट्रैफिक पुलिस की ओर से कचहरी चौक से लेकर मेन रोड के फुटपाथ दुकानों को व्यवस्थित किया गया।

**सफेद लाइन के अंदर किया गया दुकानों को :** फुटपाथ दुकानों को व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक ने सभी दुकानों को सड़क पर निर्धारित किये गये सफेद लाइन के अंदर कर दिया। जिससे सड़क के उपर से दुकानों का बोझ खत्म हो गया। इससे सड़क पर चलने के लिए वाहनों को पर्याप्त स्थान मिला। इससे जमा की समस्या बहुत हद तक कम हो गयी।

**ट्रैफिक पुलिस के जवान लगातार रख रहे है निगरानी :** कचहरी चौक से लेकर काली मंदिर चौक तक सड़कों पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवान फुटपाथ दुकानदारों पर लगातार नजर रखे हुए है। सफेद लाइन से बाहर आने की कोशिश करने पर दुकानदारों को फटकार लगायी जा रही है। जिससे दुकानें सड़क से बिलकुल किनारें लगाये गये। जिससे अन्य दिनों की तरह मेन रोड पर जाम नहीं लग रही है।

---

1.73 करोड़ की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का शिलान्यास

## हरमू स्थित चडरी मसना में मिलेगी सभी मूलभूत सुविधाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चडरी सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में हरमू स्थित चडरी मसना का सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। निर्माण कार्य की शुरूआत चडरी के गुड्डू पाहन के द्वारा मसना का भूमि पूजन से किया गया। भूमि पूजन आदिवासियों की रूढ़िवादी परंपरागत व्यवस्था में की गई। जिसमें रंगुआ मुर्गा, चरका मुर्गी, करिया मुर्गी, लुपुंग मुर्गी, सिंदूर, अरवा चावल, तपावन में हंड़िया एवं धुवन जलाकर मसना में सोए हुए पूर्वजों को



याद किया गया। बबलू मुंडा ने कहा कि आज का दिन चडरी ग्राम के आदिवासी एवं मूलवासी के लिए ऐतिहासिक दिन है। झारखंड सरकार के मंत्री चंपई सोरेन का पूरा आदिवासी समाज की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मंत्री के द्वारा आदिवासी समाज का उनका धर्म संस्कृति रिति रिवाज उनका परंपरागत व्यवस्था को सरंक्षण करने का कार्य किया है। आने वाले पीड़ी को भी अपनी परंपरागत व्यवस्था को बचा कर रखने की जरूरत है। महासचिव सुरेंद्र लिंडा ने कहा कि इस विकास कार्य के लिए चडरी ग्राम वशियों को आभार। कार्यक्रम में कुमोद कुमार वर्मा, सबलू मुंडा, शंकर लिंडा, राजेश मुंडा, लालू लिंडा, मंगल मुंडा, सागर भगत, अशोक मुंडा, जागेश्वर राम, बबला नायक, चिकू लिंडा, प्रेम लिंडा, विकास सांगा, राजन तिर्की, सीटू कच्छप, रोशन मुंडा, दीपक मुंडा, छोटू पाहन, बिल्टू पाहन, ओम वर्मा, संजय नायक, बादल नायक, बंटी मुंडा, शंटी मुंडा, आशीष लिंडा, राजू मुंडा, शिवनाथ मुंडा, हरीश मुंडा, नकुल मुंडा, महेंद्र लिंडा, संगीता देवी एवं मुन्नी मुंडाईन सिहित अन्य उपस्थित थे।

### गोदा रंगनाथ व्रतोत्सव धनुर्मास में अनुष्ठान शुरु

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में धनुर्मास श्रीगोदा महोत्सव के पहले दिन आयोजित उद्यास्तमन सेवा के अन्तर्गत भगवान श्रीमन्नारायण सहित श्रीश्रीदेवी, श्रीभूमिदेवी और चक्रराज सुदर्शन भगवान का महाभिषेक कराया गया। वेद के उच्चारण के साथ दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल और गंगाजल से महाभिषेक किया गया। इसके बाद वस्त्राभूषण और रजनी गंधा एवं गुलाब के पुष्प गुच्छों से भव्य श्रृंगार किया गया। नक्षत्र कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई।

## आइफा इंटरनेशनल में क्रिसमस फीवर कंपीटिशन के विजेता हुए पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
क्रिसमस के मौके पर आइफा इंटरनेशनल में क्रिसमस फीवर कंपीटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ बड़ों ने भी पेंटिंग और सांता के ड्रेसअप में अपनी कला का शानदार प्रस्तुत किया। पेंटिंग कैंवास पर रंग बिखेरते हुए बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। पेंटिंग कैटेगरी में जीत प्राप्त करने वाले बच्चों ने विभिन्न रंगों का सही संयोजन करके नैतिक मूर्तियों, प्राकृतिक सौंदर्य और क्रिसमस के विशेष दृष्टिकोण को दर्शाया। सांता के ड्रेसअप में लोगों ने अपनी नवीनता और स्वभाव को दिखाया। आयोजक समिति के डायरेक्टर मो साबिर हुसैन तथा सुवेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विजेताओं को पुरस्कृत किया। आयोजन ने सांता के होंठों पर मुस्कान लाने और रंग-बिरंगे पेंटिंग्स के माध्यम से आर्थिक साहित्य में आनंद और समृद्धि का आभास कराया। पेंटिंग प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में प्रथम अभियान, द्वितीय जोहा और तीसरे स्थान पर अमर अब्दुल्ला रहे। वहीं संत्वाना पुरस्कार आराध्य तथा लावण्या को मिला। सीनियर ग्रुप में प्रथम सामिष्ठा लोहार, द्वितीय अल्फिया जहां और तीसरे स्थान अमीरा मंजर को मिला। संत्वाना पुरस्कार हिबा, जीनत एवं नमीरा को दिया गया। ड्रेस कंपटीशन में प्रथम आराध्या, दुसरे सैफ अली और तीसरे स्थान में मिस्कत जोहरा और संत्वाना पुरस्कार जानवी, लावण्या तथा जोहा को मिला। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में शगुफ्ता बानो, आतिक राजा, आयशा तथा आलिया थे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में समीरा, आयशा, आफरीन, अल्मा हसन तथा आईफा के सेंटर इंचार्ज अलीना उपस्थित थे।

### राज्य के 51 एएसआई को दारोगा रैंक में मिलेगी प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड के 51 एएसआई को दारोगा रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। पुलिस मुख्यालय में केंद्रीय चयन पर्षद की बैठक में 51 एएसआई प्रोन्नति योग्य पाये गये जबकि 20 एएसआई प्रोन्नति के लिए अयोग्य पाये गये। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने शनिवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है । एएसआई को दारोगा रैंक में प्रोन्नति पाने वाली लिस्ट में गुप्तेश्वर सिंह, सुरेंद्र दास, दिलीप सिंह, चंद्रभूषण प्रताप सिंह, शिवजी सिंह, अखिलेश कुंवर सत्येंद्र नारायण सिंह,आनंद भूषण सिंह, अरविंद सिंह, मिनेश यादव, नवल किशोर सिंह, सुरेन्द्र कुमार सिंह , शैलेंद्र कुमार, सुभाष सिंह, अनिल सिंह , योगेंद्र शर्मा, संजय यादव, रेमेंत पान, धनंजय सिंह, ओम प्रकाश, ममता कुमारी, साहेब कुंवर, राम प्रवेश शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, राधाकृष्ण सिंह, अर्जुन यादव और मनोहर पासवान शामिल हैं।

## विवाह पंचमी के उपलक्ष में राम विवाह का श्रद्धापूर्वक आयोजन




**आरएनएम**
**रांची।** श्री श्री राम जानकी तपोवन मंदिर निवारनपुर में विवाह पंचमी के उपलक्ष में राम विवाह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। भगवान राम को दूल्हा बना कर कुसाई कॉलोनी राम मंदिर से श्री श्री राम जानकी तपोवन मंदिर निवारनपुर तक बारातियों के साथ लाया गया, जिसमें सभी भक्त बाजे गाजे एवं पटाखों से झूमते हुए बारात का आनंद ले रहे थे। बारात में मुख्य रूप से पुजारी कृष्ण कुमार पांडे प्रेमलता मिश्रा राधा देवी डीके तिवारी और अन्य लोग मौजूद थे। बारात का स्वागत श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण के द्वारा किया गया पुजारी द्वारा भगवान का विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया एवं महा आरती का आयोजन किया गया सभी बारातियों मैं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुदित धरणीधरका अमित बजाज उत्कर्ष पोद्दार अयोध्या दास वह अन्य लोग उपस्थित थे।

### मजलिस का रक्तदान शिविर आयोजित, 26 यूनिट रक्त संग्रहित



**रांची।** श्यामली कालोनी स्थित सामाजिक संस्था मजलिस और वोलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 26यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदाताओं से रिम्स ब्लड बैंक की डॉ.नीलू कुमारी, टेक्नीशियन दीपक चौधरी, संतोष कुमार व आशीष कुमार ने रक्त संग्रहित किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लेकर अपने प्रतिभा प्रदर्शित की। इस अवसर पर मजलिस के सचिव प्रबीर कुमार, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स संगठन के अध्यक्ष डॉ एसके सिंह, सचिव तुषार कांति शीट, सोमेन किस्कू, राम,मंतोष मजुमदार, अरुप चक्रवर्ती, अनिर्वान बोस, तापस दास,सुजय बनर्जी,जेआर काली, विवेक राय, सुभाष चटर्जी सहित अन्य मौजूद थे।

### जेवीएम श्यामली में नर्सरी से कक्षा 2 के नन्हे-मुन्हें बच्चों का मना वार्षिकोत्सव



**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में नर्सरी से कक्षा 2 के नन्हे-मुन्हें बच्चों का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मेकन के निदेशक वाणिज्यिक संजय कुमार वर्मा, विशिष्ठ अतिथि फिरायालाल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार, नीना सिन्हा, विदिशा जाना एवं विद्यालय के प्राचार्य समरजीत जाना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत नन्हें पौधे देकर किया गया। सभी का स्वागत प्राचार्य तथा उच्च माध्यमिक की इंचार्ज अनुपमा श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों के स्वागत में नन्हे-मुन्हें बच्चों द्वारा संस्कृत में एक स्वागत गीत प्रस्तुत कर अपनी छोटी उम्र से संस्कृत बोलने का सुंदर प्रयास किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सबसे पहले नर्सरी के 64 बच्चों ने अब तक पायी शिक्षा हिन्दी औरअंग्रेजी के वर्णमाला एवं संख्याओं पर आधारित अनोखा नृत्य पेश कर दर्शकों को मनमोह लिया। कक्षा प्रेप के बच्चों ने अनुपयोगी चीजों का उपयोग दिखाकर दर्शकों को चकित कर दिया। बच्चों ने अखबार, मच्छरदानी, नारियल के छिलके, गिलास, पुआल, सीडी, बड़े पत्ते, कागज के डिब्बे एवं पैकेट से बने सुंदर परिधान में फैशन शो किया। कक्षा 2 की दीछेन तमांग ने एक मनमोहक वाद्य संगीत (सिंथेसाइजर) प्रस्तुत किया। नीरज कुमार ने कहा कि बच्चों के बीच रह कर अपना बचपन याद आ गया। मुख्य अतिथि संजय कुमार वर्मा ने अपने भाषण में कहा कि इनकी प्रतिभा एवं उत्साह हम सभी को प्रेरित करती है। सभी माता-पिता एवं अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपका सहयोग सराहनीय है। बच्चों ने क्रिसमस कैरोल पर नृत्य और संदेश देकर क्रिसमस की बधाइयां दी। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य एसके झा, बीएन झा, संजय कुमार, अमित राय, एसझा सुशील, सुश्री मीनू दासगुप्ता, सुष्मिता मिश्रा एवं संजय कुमार ने किया।

---

जीडी गोयनका स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

## बच्चों ने अपने अभिनय से लोगों का मन मोहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भावी युवा पीढ़ी को एक मजबूत सकारात्मक आधार देने के उद्देश्य को लेकर पिछले वर्ष झारखंड की राजधानी रांची में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की स्थापना की गई। जीडी गोयनका एजुकेशनल ग्रुप विश्व स्तरीय शिक्षा का एक विख्यात नाम है। शिक्षा में नए प्रयोगों को प्रोत्साहित करते हुए स्कूल ने आज अपना पहला वार्षिकोत्सव मनाया। स्कूल के भव्य प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने पृथ्वी बचाओ थीम पर बहुत ही संवेदनशील नाटक के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सोलह अलग अलग दृश्यों पर आधारित इस भावना प्रधान नाटक में लगभग सभी क्लास के बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से अतिथियों एवं अभिभावकों का दिल जीत लिया । कई अभिभावकों की आंखें सजल हो गईं। थीम की गंभीरता को




समझते हुए शिक्षकों ने बच्चों को ऐसे तैयार किया था कि अभिभावक अपने बच्चों की अभिनय कला के कायल हो गए।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मदन सिंह ने कहा कि सफर के इस छोटे वक्त में हमारी टीम ने जितनी मेहनत से अपने काम को अंजाम दिया है उससे मेरी खुद की भी हिम्मत बढ़ी है। आगे हम और दुगुने उत्साह से कार्य करेंगे इस संकल्प का भरोसा हम आज अपने अभिभावकों को देना चाहते हैं और ये कहना चाहते हैं कि हम मिलकर अपने भावी भविष्य को संवारने का काम अपनी सम्पूर्ण शक्ति के साथ करेंगे। हम अपने शिक्षकों के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे, अपनी सुविधाओं को अपडेट करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बच्चे को ऐसी शिक्षा मिले जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सके। आमंत्रित मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर उमेश ए परब ने कहा कि अगर हम अपने भावी भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं तो हमें प्रकृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्वीकार करना होगा मुझे इस बात की खुशी है कि जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति से जो संदेश दिया है हमें उसपर बहुत गंभीर होकर सोचना चाहिए उसपर अमल भी करना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि हम अपने बच्चों को छोटे छोटे लक्ष्य देते हैं जिसको साधने की टिप्स भी देते हैं जिसे बच्चे बड़ी तन्मयता के साथ करने को उत्सुक रहते हैं। इस कार्यक्रम में अभिनीत अभिनय को जो आपने देखा समझा और सराहा ये हमारे उसी कोशिश की एक छोटी सी बानगी है। बदलाव आप खुद अपने बच्चों में देख सकते हैं। जीवन में जीत और हार का जो मर्म होता है हम उसपर ही काम कर रहें हैं। सृष्टि के आरंभ से लेकर उसके प्रदूषित होते जाने, उसके दुष्प्रभाव ,आग और पहिए का आविष्कार , टिक टिक डांस, बैक्टीरिया डांस इत्यादि के द्वारा हमारे बच्चों ने एक अनुकरणीय संदेश देने का प्रयास किया है।

### रातू गढ़ में शिव गुरू महोत्सव आयोजित

**रांची।** शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के द्वारा रातू गढ़ में शिव गुरू महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महेश्वर शिव के गुरू स्वरूप से एक-एक व्यक्ति का शिष्य के रूप में जुड़ाव हो सके इसी बात को सुनाने और समझाने के निमित्त किया गया। शिव शिष्य साहब हरीन्द्रानन्द के संदेश को लेकर आयी मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनन्द ने कहा कि शिव केवल नाम के नहीं अपितु काम के गुरू हैं। शिव के औघड़दानी स्वरूप से धन, धान्य, संतान, सम्पदा आदि प्राप्त करने का व्यापक प्रचलन है। तो उनके गुरू स्वरूप से ज्ञान भी क्यों नहीं प्राप्त किया जाय। किसी संपत्ति या संपदा का उपयोग ज्ञान के अभाव में घातक हो सकता है। दीदी बरखा आनन्द ने कहा कि शिव जगतगुरू हैं। अतएव जगत का एक-एक व्यक्ति चाहे वह किसी धर्म, जाति, संप्रदाय, लिंग का हो शिव को अपना गुरू बना सकता है।

## मदरसा नूरूल इस्लाम सम्मान समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मदरसा नूरूल इस्लाम, इस्लाम नगर, पथल कुदवा, रांची द्वारा रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । सम्मान समारोह में झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मान समारोह में 2011 की उस घटना को याद करते हुए प्रबंधन कमिटी, मदरसा नूरूल इस्लाम एवं हमदर्द कमिटी, पथल कुदवा द्वारा उपाध्यक्ष श्री आलम को एक मांग पत्र भी सौंपा गया। श्री आलम ने इस्लाम नगर वासियों को आश्वासन किया कि इस्लाम नगर स्थित मदरसा नूरूल इस्लाम की स्थिति बहुत ही दयनीय है जितना जल्द हो सकता है, उपलब्ध जमीन में मदरसा सह स्कूल के निर्माण हेतू अग्रतर कारवाई की जायेगी। श्री आलम ने इस्लाम नगर विस्थपान के बाद जिन परिवारों को सूची बद्ध होने के पश्चात भी घर नहीं मिला उस मामले में भी संबंधित विभाग से जानकारी लेकर घर दिलाने में पूरी सहयोग करने का आश्वासन दिया। श्री आलम ने उपस्थित जनसभा को सम्बोधित करते हुए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने की भी अपील की।

# झारखंड, जहां सरकारी नौकरियों के नाम पर युवाओं को मिलती है तारीख पर तारीख



**सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, लेटलतीफी और भ्रष्टाचार के बेशुमार रिकॉर्ड हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, लेटलतीफी और भ्रष्टाचार के बेशुमार रिकॉर्ड हैं। यहां किसी नियुक्ति परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से एक-दो नहीं, चार-पांच दफा फॉर्म भरवाए जा सकते हैं। किसी परीक्षा की तारीखें छह-सात बार टाली जा सकती हैं। मुमकिन है कि कई बार तारीखें तय करने के बाद परीक्षा ले ली जाए तो नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होते-होते सात-आठ-पंद्रह साल भी गुजर सकते हैं। परीक्षा पास करने के बाद नियुक्ति के लिए अदालतों के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं। ऐसे में रह-रहकर युवाओं और अभ्यर्थियों के सब्र का बांध छलक उठता है। वह सड़कों पर उतरते हैं तो उनके हिस्से कभी आश्वासन की घुट्टियां आती हैं तो कभी उनकी देह पर पुलिस की लाठियां बरसती हैं।

इन दिनों झारखंड के युवा एक बार फिर आंदोलित हैं। बीते शुक्रवार को राज्य के हजारों युवाओं ने झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन का दफ्तर आठ घंटे तक घेरे रखा। परिसर में घुसकर हंगामा किया और इसी बीच एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश की, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ये युवा झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की तारीख छठी बार स्थगित किए जाने से नाराज थे। इस परीक्षा के लिए झारखंड सरकार में 2000 पदों पर नियुक्ति की जानी है और इसके लिए करीब साढ़े छह लाख युवाओं ने आवेदन किया है।

**अबतक केवल 6 बार ही हो पाई स्टेट पीसीएस की परीक्षा :** झारखंड में नियुक्तियों की प्रक्रिया किस कछुआ चाल से चलती हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राज्य बनने के बाद लगभग 23 वर्षों में जेपीएससी सिविल सर्विस की मात्र छह परीक्षाएं ले सका है, जबकि नियमानुसार अब तक सिविल सर्विस की कम से कम 20 परीक्षाएं पूरी कर ली जानी चाहिए थीं। इसके अलावा जेपीएससी की ओर से आयोजित विभिन्न स्तरों की एक दर्जन से ज्यादा नियुक्ति परीक्षाओं में गड़बड़ियों की सीबीआई जांच चल रही है।

## एक जॉब वैकेंसी 8 साल में भी नहीं हुई पूरी

इस परीक्षा के लिए पहली बार आठ साल पहले विज्ञापन निकाला गया था। इसके बाद किसी न किसी गड़बड़ी या पॉलिसी में बदलाव के कारण इसके लिए कुल चार बार आवेदन मंगाए गए। अब परीक्षा के लिए नयी तारीखें 21 व 28 जनवरी घोषित की गयी हैं।छात्रों की मानें, तो सातवीं बार तय इन तारीखों में भी परीक्षाएं मुमकिन नहीं लग रहीं, क्योंकि ये दूसरी भर्ती परीक्षाओं की तारीखों से टकरा रही हैं। झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से राज्य में नगर पालिका सेवा संवर्ग के 921 पदों पर नियुक्ति के लिए बीते 29 अक्टूबर को ली गई परीक्षा भी विवादों के घेरे में फंस गई। रांची, जमशेदपुर, धनबाद में कई केंद्रों पर ली गई इस परीक्षा में कई जगहों पर क्वेश्चन पेपर का सील टूटा होने, कुछ केंद्रों पर परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट न मिलने, बुकलेट पर सीरियल नंबर प्रिंट न होने या मार्कर-पेन से लिखे होने जैसी शिकायतें मिली थीं। इसे लेकर कई केंद्रों पर छात्रों ने हंगामा किया था।

## एक परीक्षा कई बार रद्द होती है

कमीशन ने पहले छात्रों की शिकायतों को खारिज कर दिया था और हंगामा करने वाले कई छात्रों पर एफआईआर दर्ज कराई थी। बाद में छात्रों की शिकायतें सही पाई गईं और कमीशन ने अब पांच केंद्रों की परीक्षाएं रद्द कर दीं। रद्द केंद्रों की परीक्षा के लिए अब 24 दिसंबर की तारीख तय की गई है। झारखंड लोक सेवा आयोग यानी जेपीएससी की ओर से ली जाने परीक्षाओं की भी यही कहानी है। अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर के 77 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। इसके लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से 318 को इंटरव्यू में बुलाया गया। इनमें से 186 ऐसे अभ्यर्थियों को भी इंटरव्यू में शामिल कर लिया गया, जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2020 तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट तक नहीं था, जबकि यह अनिवार्य अर्हता थी। ऐसे में कई अभ्यर्थी इस नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए हाईकोर्ट चले गए।

## झारखंड की ज्यादातर नियुक्ति परीक्षाएं विवादों में क्यों ?

जेपीएससी की ओर से ली जाने वाली ज्यादातर नियुक्ति परीक्षाएं भी विवादों में फंसती हैं। जेपीएससी 7वीं से लेकर 9वीं सिविल सर्विस परीक्षा संयुक्त रूप से एक साथ ली गई थी। इस परीक्षा के विज्ञापन के प्रकाशन के साथ विवाद शुरू हुए। फिर पीटी से लेकर मेन्स तक की परीक्षाओं के रिजल्ट तीन-तीन बार संशोधित किए गए। इस प्रक्रिया में अदालत को भी हस्तक्षेप करना पड़ा, तब कहीं जाकर 252 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जा सकी। इस परीक्षा की प्रक्रिया पूरी करने में 252 दिन लगे। मौजूदा सरकार के पहले रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार पूरे पांच साल चली, लेकिन सरकारी नौकरियों में बहाली के मोर्चे पर उसका प्रदर्शन भी बेहद निराशाजनक रहा। सरकारी विभागों में लगभग साढ़े तीन लाख पद खाली रहे। उनके पांच वर्षों के मुख्यमंत्रित्व काल में जेपीएससी की एक भी सिविल सर्विस परीक्षा की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी।

# हमारा देश प्रस्तुत करता है विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारा देश वैश्विक मंच पर विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच भाषा और संस्कृति में विविधता के बावजूद हम सभी एक हैं और एक रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम एक-दूसरे को जानने और समझने को बढ़ावा देता है और आपसी एकता की भावना को सशक्त करता है।

राज्यपाल रविवार को राजभवन में नेहरू युवा केंद्र की ओर से कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 'वतन को जानें' के तहत जम्मू और कश्मीर से आए युवाओं से संवाद स्थापित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा-संस्कृति को जानना-समझना चाहिए तथा दूसरों की भाषा एवं संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। साथ ही भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की कविता का स्मरण करते हुए कहा कि 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं है, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। हम जिएंगे तो इसके लिए, मरेंगे तो इसके लिए।'



राज्यपाल ने कहा कि जम्मू और कश्मीर अपनी समृद्ध संस्कृति और खूबसूरत परिदृश्यों के लिए जाना जाता है। हिमालय की गोद में स्थित 'पृथ्वी का स्वर्ग' के रूप में जाना जाने वाला यह स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह फिल्म शूटिंग के लिए दुनिया में सबसे अच्छे स्थलों में से एक माना जाता है। प्राकृतिक सौंदर्यता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण जम्मू और कश्मीर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री के जरिये जम्मू और कश्मीर में विकास को बढ़ावा देने के लिए कई पहल हुए हैं। जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 को हटाने का अहम निर्णय लिया गया। हाल ही में अनुच्छेद 370 से संबंधित याचिका पर भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय की पीठ द्वारा संवैधानिक रूप से सही ठहराया गया। जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित होने से प्रगति का लाभ उन तक सुनिश्चित होगा। निश्चित रूप से कमजोर एवं हाशिए पर रहने वाले लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होंगे।

उल्लेखनीय है कि जम्मू और कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों पुलवामा, अनंतनाग, बड़गांव, कुपवाड़ा, बारामुला, श्रीनगर से 122 युवा राजभवन आए थे।

### खरसांवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित

# पीएम मोदी की दूरदृष्टि से राष्ट्र तेजी से प्रगति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है : अर्जुन मुंडा

### विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ से जागरूकता सामग्री का वितरण किया

**नवीन मेल संवाददाता। खरसावां**

भारत सरकार द्वारा संचालित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी से किया गया, जो कि पूरे देश में 26 जनवरी 2024 तक मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 17 दिसंबर को खरसावां जिला के बिटापुर पंचायत और चिल्कु पंचायत में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता वाहन से मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने नए वर्ष 2024 के कैलेंडर और अन्य जागरूकता सामग्री का वितरण किया। मंत्री महोदय ने स्थल पर लगे प्रधानमंत्री मोदी की सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी ली। बिटापुर और चिलकु पंचायत में



अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। मंत्री ने अपने भाषण के दौरान उल्लेख किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उद्देश्यों को प्राप्त करने में काफी मदद करेगी, जिससे देश वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बन सके और उन्होंने स्थानीय निवासियों से इस अभियान को सफल करने के लिए संकल्प लेने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार राष्ट्र तेजी से प्रगति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब सपने हकीकत बन जाएंगे।

मंत्री ने बिटापुर पंचायत एवं चिल्कु पंचायत में स्वयं सहायता समूहों, आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का दौरा किया। कार्यक्रम के समापन के बाद माननीय मंत्री द्वारा खरसावां प्रखंड के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभुकों को निःशुल्क गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अभियान के अंतर्गत पूरे देश में मुख्यतः आम जनों के लिए स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, आधार कार्ड अपडेट, पीएम स्वनिधि से संबंधित शिविर लगाया जा रहा है। भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। इसे सफल बनाने के लिए आमजनों में जागरूकता हेतु आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से इस कार्यक्रम को एक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में प्रारंभ किया गया है।

## एक नजर

### राजद सामाजिक न्याय की पार्टी: सत्यानंद भोक्ता

**लातेहार।** बेतला में राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के समापन के मौके पर रविवार को राज्य के श्रम व कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सामाजिक न्याय की पार्टी है। यह पार्टी अपनी नीति व सिद्धांतों से समझौता नहीं करती है। उन्होंने राजद और पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की नीति व सिद्धांतों को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील कार्यकर्ताओं से की। कहा कि लालू प्रसाद यादव एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा है। वहीं श्रम मंत्री ने दावा किया कि सरकार बेहतर कार्य कर रही है। सरकार समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए योजनाएं तैयार कर रही है और उसका लाभ दे रही है। आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बात कही। पार्टी कार्यकर्ता से कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मजबूती के साथ काम करना है।

### रांची में किताब उत्सव आज से 24 दिसंबर तक

**रांची।** रांची शहर के डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में 18 से 24 दिसम्बर तक किताब उत्सव मनाया जाएगा। किताब उत्सव के दौरान पुस्तक प्रदर्शनी लगाने के साथ ही विभिन्न सत्रों में आदिवासी भाषा साहित्य और संस्कृति पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सामाजिक महत्व के विषयों पर परिचर्चा, लेखक सम्मेलन, रचना पाठ और नई किताबों का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही नई किताबों के लोकार्पण होंगी। छह दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में झारखंड के अलावा देश भर के कई साहित्यकार हिस्सा लेंगे।

# सुदेश महतो ने लोहरदगा में किशोर भगत की प्रतिमा का किया अनावरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा के भूतपूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की द्वितीय पुण्यतिथि पर जिला आजसू कार्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मैंने कमल किशोर भगत की प्रतिमा को लोहरदगा की हृदय स्थली में स्थापित कर दी है। अब पार्टी के सभी कार्यकर्ता और समर्थकों का यह दायित्व है कि कमल किशोर के विचारों को जन-जन के हृदय में स्थापित करें। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कई पार्टियों के बड़े-बड़े नेता आंदोलन के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करते रहे और आंदोलन को बेचते रहे लेकिन रांची जैसे शहर में आंदोलन को जमीन पर उतरते हुए अलग झारखंड राज्य के लिए आंदोलन का ईमानदारी के साथ यदि किसी ने बीजारोपण किया तो उसका नाम कमल किशोर भगत है। सच्चे



अर्थों में वे आंदोलनजीवी पुरुष थे। आजसू पार्टी और झारखंड को सही दिशा देते हुए उन्होंने अपना प्राण न्योछावर कर दियापार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि कमल किशोर भगत सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीक थे। क्षेत्र की जनता के साथ उनके परिवार का सदस्य बनकर रहना उनका दिनचर्या था। वह अपना समय गांव में ही बिताया करते थे और राजनीतिक तामझाम को कभी उन्होंने आत्मसात नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि वास्तव में नेता वही होता है जो मरने के बाद भी लोगों के हृदय में जीवित रहता है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण स्वर्गीय कमल किशोर भगत हैं। आज भी आप क्षेत्र में जहां भी जाएं उनके द्वारा किए गए विकास के कार्यों और उनके सद् व्यवहारों का बखान करते लोग नहीं थकते। वह सही मायने में जनप्रिय नेता थे। कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कमल किशोर भगत के दादा स्वतंत्रता सेनानी, पिता शिक्षाविद और कमल किशोर भगत लोहरदगा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक बनकर जनता की सेवा करते हुए अपने आप को न्योछावर कर दिए। इस मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### नामकुम में भाजपा का मिलन कार्यक्रम आयोजित, बोले बाबूलाल मरांडी

# भाजपा ही समझती है झारखंड की जन भावना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में शपथ ग्रहण करते हुए कहा था कि उनकी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सहित सबका साथ-सबका विकास को समर्पित रहेगी। बाबूलाल रविवार को रांची ग्रामीण जिलांतर्गत नामकुम में आयोजित भाजपा मिलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मौके पर नामकुम जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा और खिजरी ग्राम पंचायत की मुखिया कमेर्ला कच्छप के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बाबूलाल ने कहा कि साढ़े नौ वर्षों से मोदी सरकार अपने वादों पर खरा उतर रही है। इसलिए जनता का विश्वास मोदी सरकार पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के घर तक शौचालय देकर गरीब बहनों का इज्जत बढ़ाया, गरीबों को जनधन खाता से जोड़कर बैंक के दरवाजे पर पहुंचाया, पक्के मकान,गैस कनेक्शन, नल से जल ये सब गरीब के घरों की पहचान बन गए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना ने पांच लाख तक के इलाज की गारंटी दी। प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज ने किसी को भूखा नही सोने दिया। पीएम विश्वकर्मा योजना गांव के हुनरमंद पारंपरिक कारीगरों को मजबूत करेगी।



उन्होंने कहा कि भाजपा जनभावनाओं को समझती है। 50 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने अलग राज्य आंदोलन को दबाया, उसकी बोली लगाई लेकिन अटल बिहारी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने अलग झारखंड राज्य का सपना साकार किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के विकास का ढिंढोरा पीटने वाले आज आदिवासियों को लूट रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासियों को सम्मान देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित कर झारखंड के शहीद को बड़ा सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास को समर्पित है। उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक एक कार्यकर्ता जनता के साथ खड़ा होकर राज्य की 14 लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाने तथा प्रदेश में भी भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने के लिए संकल्पित है।

### पहल | 'बालवाटिका' की कक्षा संचालित करने वाले शिक्षकों का प्रशिक्षण

# प्री नर्सरी के बच्चों को खेल-खिलौनों से दें शिक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान सह प्रशिक्षण परिषद एवं यूनिसेफ की ओर से झारखंड के सभी डायट फैकल्टी के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यशाला खेल आधारित शिक्षण कार्यक्रम 'बालवाटिका' की कक्षा को संचालित करने वाले विद्यालयों के शिक्षकों को शैक्षणिक संवर्धन में सहयोग करने के लिए प्रदान की गयी। इस प्रशिक्षण में सभी जिलों के डाइट फैकल्टी द्वारा राज्य में बालवाटिका के संचालन के लिए सभी सन्दर्भ सामग्रियों का निर्माण किया गया, जिसका उपयोग बालवाटिका के लिए किया जाना है।



इस प्रशिक्षण में विक्रमशिला एजुकेशन सोसाइटी, कोलकाता से आये हुए प्रशिक्षक श्रीती मुखर्जी एवं यूनिसेफ के संजीव कुमार ने पूरे पांच दिन सभी विषयों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम को पूर्ण कराया। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के बालवाटिका प्रभारी कामेश्वर सिंह एवं अनमोल रतन के मार्गदर्शन में इस कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 60 संभागियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से लगभग 1000 बालवाटिका केंद्रों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिए संभागियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन एक अनूठे अनुभव के साथ समापन हुआ है, जिसमें हमने बच्चों के सीखने के सभी गतिविधियों का एक पॅकेज खुद बनाया है, जिसे पहले कभी नहीं किया गया था। हमने प्रशिक्षण के लिए पूरे कार्यक्रम से जुडी संदर्शिका का भी निर्माण किया है, जिसे हम अपने-अपने जिलों में लेकर जा रहे हैं। ये एक यादगार अनुभव हैं।

### क्या है बालवाटिका कार्यक्रम

बालवाटिका पूर्व-प्राथमिक(प्री नर्सरी) स्तर का एक खेल आधारित शिक्षण कार्यक्रम है। इसका निर्माण पहली कक्षा से भी पूर्व की अवस्था वाले बच्चों के लिए किया गया है। इसके अंतर्गत बच्चों को खेल-खिलौनों से संबंधित गतिविधियों की सहायता से शिक्षा दी जाएगी।

### 'अलविदा लाल सलाम' उपन्यास का हुआ लोकार्पण

# लेखन का उद्देश्य मनोरंजन ही नहीं राष्ट्र निर्माण भी हो : मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची प्रेस क्लब में रविवार को लेखिका रेणुका तिवारी के उपन्यास "अलविदा लाल सलाम" का लोकार्पण हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नक्सलवाद देश की एक प्रमुख समस्या है और इसे दूर करने के लिए प्रशासनिक प्रयास के साथ ही साहित्यिक प्रयास के लिए मैं लेखिका को धन्यवाद देता हूं। कहा कि लेखन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं वरन राष्ट्र निर्माण भी होना चाहिए। पूर्व पुलिस महानिरीक्षक अरुण सिंह ने कहा कि लाल सलाम जैसे विषय पर उपन्यास लिखना बहादुरी का कार्य है। हमें नक्सलवाद के उन कारणों का समाधान करना होगा जिस कारण लोग इस ओर जाते हैं। मौके पर दीपेश निराला, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, अशोक प्रियदर्शी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### रेड क्रॉस सोसाइटी चुनाव 31 लोगों ने किया नामांकन मतदान आज

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी की पुनर्स्थापना के लिए 18 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक जिला समाहरणालय सभाकक्ष में चलने वाले चुनाव के लिए शनिवार को 31 लोगों ने नामांकन किया। जिनमें रोशन कुमार, प्रकाश पटवारी, कृष्ण कुमार ठाकुर, विजय कुमार मेवाड़, रोहित कुमार वर्मा, रमेश कुमार, अमित साहू, महावीर प्रसाद अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, इंद्रपाल सिंह सैनी, एस पलविंदर सिंह, कमल किशोर अग्रवाल, प्रणव कुमार मुखर्जी, विनय कुमार सिंह, मनोज चतुर्वेदी, अनूप कुमार, निशांत गुप्ता एवं अरविंद कुमार अग्रवाल शामिल हैं।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की आर्थिक नाकेबंदी

बिरही। झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा विभिन्न मांगों को लेकर बरही में आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन करने का निर्णय लिया है। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक जावेद इस्लाम ने बताया कि सुबह 10 बजे से झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के लोग सड़क पर उतर जाएंगे और सड़क व रेल रोकने का काम करेंगे। आंदोलनकारियों की मांग है न्यू गिरिडीह रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का बरही रेलवे स्टेशन और पदमा रेलवे स्टेशन पर ठहराव हो । समता न्याय के साथ झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित कर सरकार राजकीय सम्मान देने का काम करे। सरकार द्वारा उनकी मांगे नहीं माने जाने पर आंदोलन जारी रहेगा।

### जान माल की सुरक्षा को लेकर पुलिस से लगाई गुहार, सनहा दर्ज

**बरही ।** पंचमाधव निवासी व बरही थाना के पूर्व चौकीदार स्व. महादेव गोप के पुत्र गणेश यादव ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से स्वयं और अपने परिवार के जान माल की सुरक्षा का गुहार लगाया है. मामले को लेकर उन्होंने बरही थाना मे लिखित आवेदन देकर सनहा भी दर्ज करवाई है. आवेदन के माध्यम से पुलिस को बताया गया कि उनके पिता बरही थाना में कार्यरत थे. सेवाकाल के दौरान उन्होंने निष्ठता से ड्यूटी किया.

### प्रदूषण के मुद्दों पर कोई स्थानीय नही कर सकते है समझौता

**बरही।** रियाडा जियाड़ा स्थित फैक्ट्रियों का विस्तारीकरण होना स्थानीय लोगों की समस्या नहीं है. प्रदूषण से सुरक्षा और स्थानीय का नियोजन यहां के लोगो की पहली मांग है. इन्ही मुद्दो पर कंपनी को गंभीर होने की आवश्यकता है. उक्त बाते विगत दिन कोनरा पंचायत भवन में हुए लोक जन सुनवाई के दौरान सामने आया. स्थानीय लोगो ने इन मुद्दो पर मुखरता से कंपनी के क्रियाकलापो पर अंगुली उठाई. स्थानीय लोगो की मांगे तो कंपनी प्रबंधन अपना धंधा चला रहा है परंतु उनलोगो को बीमार बना रहा है. फैक्ट्री क्षेत्र से होने वाले प्रदूषण और लोहे के बारीक कण उनलोगों के लिए जानलेवा हो रहा है. इसे रोकने के लिए फैक्ट्री प्रबंधन को सोचना होगा. साथ ही

### 536 करोड़ के परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

# आज हजारीबाग आएंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, होगी सौगातों की बौछार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने हजारीबाग आयेंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से इचाक के बोधीबागी मैदान में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। सीएम यहां 536 करोड़ की लागत से बनने वाली कुल 334 विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। आयोजन को लेकर पूर्व संध्या इचाक प्रखंड के प्रखंड के बोधी बागी मैदान में प्रशासनिक तैयारी को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने समीक्षा बैठक की। देर रात तक खुद एसपी मनोज रतन चोथे भाग-दौड़ करते दिखाई दिए। संयुक्त रूप से पुलिस व प्रशासनिक दंडाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इचाक को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक की व्यवस्था सुदृढ़ हो इसको लेकर भी प्लान किया गया है। पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल भी तैनात किए गए है।

**कुल 334 विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे हेमंत सोरेन** | **ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर भी प्लान बनाया गया**



**इन योजनाओं का सीएम करेंगे शिलान्यास**

1. ग्रामीण कार्य विभाग :113 योजना, 306.366 करोड़
2. 21 योजना का उद्घाटन - 98.826 करोड़
3. भवन प्रमंडल : 18 योजना 2.963 करोड़
4. 2 योजना का उद्घाटन - 544 करोड़
5. नगर निगम : 50 योजना, 62.286 करोड़
6. 78 योजना का उद्घाटन - 25.713 करोड़
7. लघु सिंचाई में 14 योजनाओं का शिलान्यास, 12.001 करोड़
8. एनआरईपी में 9 योजना : राशि 1.304 करोड़ रूपए
9. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल में 30 योजना : 68.247 करोड़
10. पथ निर्माण विभाग : 7 योजना , 56.572 करोड़

## डीपीएस के तीन एनसीसी कैडेट का रिपब्लिक डे परेड में चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के तीन एनसीसी कैडेट्स करण कुमार, हिमाशु टुडू तथा प्रिंस कुमार का चयन 26 जनवरी को दिल्ली में होने वाले परेड कार्यक्रम के लिए हुआ है। ये तीनों गणतंत्र दिवस में प्रधानमंत्री के समक्ष अपना प्रदर्शन करेंगे। इनके चयन में २२ बटालियन के सी ओ कर्नल हरमीत सिंह तथा एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट एंटोनी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। विद्यालय के निर्देशक आई पी भारती ने बताया कि पूरे बिहार और झारखंड में जूनियर डिविजन में एनसीसी के चार कैडेट्स का चयन हुआ जिसमे तीन डिवाइन स्कूल के विद्यार्थी है।वहीं निर्देशक के द्वारा इन कैडेट्स के अभिभावक को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया साथ ही कैडेट्स को पुरस्कृत कर उन्हे दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इस उपलब्धि को हासिल कराने में एएनओ प्रीति प्रभा को प्रधानाध्यापिका के द्वारा साधुवाद दिया गया साथ ही उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है और इसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पार एनसीसी कैडेट्स के अभिभावक गण, एनसीसी कैडेट्स तथा विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

### भव्य आयोजन के साथ हुआ पब्लिक स्कूल का 11वां स्थापना दिवस

## गुरुद्वारा साहिब में मनाया गया गुरु तेग बहादुर का शहीदी पर्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के श्री गुरुद्वारा साहिब में रविवार को सिख परंपरा के नौवें - गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी का महान शहीदी दिवस मनाया गया। इस दिवस को लेकर गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया। स्त्री सत्संग द्वारा विशेष दीवान का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे हुआ और इसका समापन दोपहर 1:45 बजे हुआ । कार्यक्रम में पटना साहिब से आए हजूरी रागी भाई अरविंद सिंह ने मधुर शब्दों का गायन कर संगत को निहाल किया। हजूरी रागी भाई सरबजीत सिंह ने भी गुरुवाणी का गायन कर संगत को निहाल किया एवं गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी गुरजीत सिंह ने अपने वचनों से संगत को शहीदी की असली मान्यता की याद दिलाई और गुरुसीख की राह बताई। अंत मे सभी साध संगत ने भाव विभोर होकर रामगढ़ गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा और उनके



छोटे भाई सरदार हरमीत सिंह कालरा के लिए वाहेगुरु की गोद में अरदास की वे दोनो निराधार न्यायिक उलझनों से बाहर निकले और अपने परिवार और समाज देखे । इस अरदास के साथ ही दीवान की समाप्ति हुई। गुरुद्वारा साहिब में धन्यवाद ज्ञापन स्त्री सत्संग की ओर से जसमीत कौर सोनी ने किया। जिसके बाद गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्त्री सत्संग की बलविंदर कौर, नवलजीत मल्होत्रा,, मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर रानी जसल , रोमा छाबड़ा,मनप्रीत सैनी नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा,सुमी जोली,चरणजीत कौर, गुरबख्श कौर सैनी, , मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर, रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा,प्रीतम सिंह, रज्जी गांधी, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा,सुमी जोली, गुरबख्श कौर सैनी, विनसी कोहली, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह आदि शामिल हुए ।

## चोरी के समान के साथ चार चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** गोला थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पुरबडीह (बरवाटांड़) तथा ग्राम रुण्डई (पुनर्वास) से प्रतिवेदित दो ट्रेक्टरों एवं कृषि उपकरण के अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी किये जाने की घटना के संबंध में गोला थाना मे कांड अंकित किया गया है। ट्रैक्टर चोरी की घटना को लेकर गोला थाना में दो अलग-अलग कांड पंजीकृत किये गये है। गोला पुलिस ने चोरी की इस घटना का उद्वेदन करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त किया है। उक्त बातों की जानकारी रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक ने प्रेस वार्ता में दी। प्रेस वात्रा में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि गोला थाना कांड सं0-106/2023, दिनांक-01.12.2023 धारा 379 भा० द०वि० यादी विजय कुमार, सा० पुरबडीह (बरवाटॉड)स गोला



थाना कांड सं0-113 / 2023. दिनांक 12. 12.2023 धारा-379 भा०द०वि० वादी अजय महतो, सा०- रुण्डई (पुनर्वास) दोनो थाना गोला, जिला रामगढ़ है । उपरोक्त दोनो काण्डो के उदभेदन तथा चोरी गये ट्रेक्टर के बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निदेशानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान / छापामारी टीम गठित की गई। अनुसंधान हेतु गठित इस विशेष टीम के द्वारा कांड अनुसंधान के क्रम में उपरोक्त दोनो काण्डो में चोरी गये दोनो ट्रेक्टर, कृषि उपकरण रोटावेटर तथा थ्रेसर मशीन एवं अपराधकर्मियो के द्वारा इस घटना में उपयोग मे लाया गया एक आपाची मोटरसाईकिल की बरामदगी की गई जिनका पुरा विवरण नीचे अंकित है। साथ ही साथ गहन छापामारी करते हुये इस घटना के मास्टर माईंड अपराधकर्मी तथा इस घटना में शामिल इनके सहयोगीयो की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने हरा रंग का जोन डियर ट्रेक्टर जिसपर 5042 डी अंकित, इंजन नं0- पी वाय3029डी 400982, हरा रंग का रोटावेटर जिसपर 06-22 634 डीई49जे 2ई 65497 बरामद किया है।

## वन विभाग के अधिकारी हुए सक्रिय, दोषियों पर कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रकृति की बिगड़ती संतुलन और दिनों दिन बढ़ रही विश्व उष्णन को लेकर एक तरफ जहां पूरी दुनिया चिंतित हैं तो वहीं प्रखंड क्षेत्र के वन विभाग की उदासीन रवैया को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों ने प्रमुखता से खबर लगाई। जिसके बाद अधिकारियों की नींद खुली। वन विभाग की टीम ने स्थल पर पहुंचकर जायजा लेते हुए दोषी व्यक्ति टुनटुन मंडल पिता गीरो महतो, ग्राम बसरिया निवासी पर 4096/2023 के तहत मामला दर्ज किया। गश्ती दल में उप वन परिसर पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, प्रभारी वनपाल शंकर मांझी, वाचर आदि लोग थे। साथ ही उप वन परिसर पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जांचोपरांत जिनका नाम सामने आएगा उनके ऊपर मुकदमा दर्ज करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



**क्या है मामला**

बसरिया जंगल पास स्थित जंगलों की हो रही है अंधाधुंध कटाई का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले पर वन सुरक्षा समिति बसरिया के अध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद के अनुसार प्रत्यक्ष रूप से पेड़ काटते हुए पकड़ा था और साक्ष्य के रूप में उक्त दोनों व्यक्तियों का तस्वीर भी मोबाइल में कैद कर लिया था।

### बसरिया में शिव प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमान रूद्र महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के कपका पंचायत स्थित बसरिया गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर व हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हेतु महायज्ञ कराने को लेकर रविवार को स्थानीय पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद की अध्यक्षता में गांव के ग्रामीणों के द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महायज्ञ का सफलतापूर्वक संचालन व संपन्न कराने को लेकर गांव के यूवा, वृद्ध व महिला वर्ग के सैकड़ों बुद्धिजीवी व गणमान्य लोगों ने अपना अपना विचार दिया। जिसमें सर्वसम्मति से सभी ग्रामीण एकजुटता का परिचय देते हुए इस महायज्ञ में तन ,मन, धन व पुरी आस्था के साथ यज्ञ को सफलता पूर्वक संपन्न कराने का निर्णय लिया।यज्ञ को लेकर प्रत्येक रविवार को बैठक करने का निर्णय लिया गया ,साथ ही महायज्ञ से संबंधित सभी कार्यों को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर आगामी बैठक में महायज्ञ हेतु तिथि निर्धारण एवं समिति गठित किया जाएगा। मौके पर समाज सेवी अर्जुन प्रसाद, टुकलाल महतो, शिक्षक इंद्रदेव, प्रसाद अर्जुन राणा, चंद्रिका सिंह, छोटी रविदास,अशोक प्रसाद ,कुलदीप कुमार ,प्रदीप मंडल, छोटी प्रसाद , मेनवा देवी, हीरालाल महतो ,छोटी पांडेय, अशोक पांडेय, रामेश्वर महतो सत्यनारायण प्रसाद चौधरी, शंकर मंडल, दौलत प्रसाद, अजय कुमार, बैजनाथ मंडल सुनील प्रसाद, टुनटुन ठाकुर, शंकर ठाकुर, बासुदेव महतो, अरुण पांडेय, अनिल मंडल कोकिल प्रसाद, कारू प्रसाद रामजी रविदास, कैलाश रविदास, बासुदेव मंडल ,सिकंदर प्रसाद, किशोर प्रसाद, कृष्ण मंडल पवन पांडेय, विनोद मंडल, लक्ष्मण कुमार प्रवीण कुमार मंडल देवराज कुमार, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार 2023 से सम्मानित हुए दुलमी के कैलाश महतो

**रामगढ़ ।** राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार 2023 ऑनलाइन कार्यक्रम में दुलमी प्रखंड के युवा कवि कैलाश कुमार राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कैलाश दुलमी प्रखण्ड के पोटमदगा गाँव निवासी है। कैलाश को प्रसिद्ध कविता संग्रह ₹मेसर कोसर₹ के लिए यह सम्मान दिया गया है। कैलाश ने बताया कि समाज के लिए हर विधा की कविताएँ लिखी है। उनके द्वारा लिखी गई कविता देश के विभिन्न पत्र-पत्रिकाएँ एवं किताब में उनके कविता प्रकाशित है। अबतक कवि कैलाश ने पाँच किताब प्रकाशित हो चुकी है। जिसमें भाषण कला भाग-2, होसलेमंद कविता एवं शायरी, प्रेरेक प्रसून., उत्कर्ष और मेसर-कौसर है। सभी पुस्तक में आज के समाज में हो रहे भिन्न भिन्न घटनाओं पर आधारित है। जिसमें दहेज प्रथा, बाल विवाह, नारी शिक्षा, रोजगार, किसानों की समस्या पर एक से बढ़कर एक कविता है। एक पंक्ति दहेज प्रथा पर ₹ ये दहेज के छरिंदों तेरे सर से ताज उतरुगों, एक दिन ऐसा लाऊँगा बेटियों के लिए बेटों को रुलाऊँगा। इस तरह के कई कविताएँ अब तक प्रकाशित हो चुका है। कैलाश को कविता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरुस्कार 2023 से नवाजा गया है। दुलमी प्रखंड के बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी है।



### शिलाडीह में आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पंसस ने की बैठक

**बरकट्ठा।** शिलाडीह में आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पोखरिया धाम में पंचायत समिति सदस्य ज्योति देवी तथा प्रतिनिधि राजकुमार गिरी के द्वारा बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आगामी 22 दिसंबर को शिलाडीह में आयोजित कार्यक्रम को लेकर लोगों का फॉर्म भरवाया गया तथा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। वहीं अबुवा आवास के लिए 50 फॉर्म, वृद्धा पेंशन के 10, विधवा पेंशन के 10, सर्वजन पेंशन योजना के अलावे कई आवेदन भरवारा गया। मौके पर राजकुमार गिरी ने कहा सभी लोग पूर्व से ही तैयारी कर लें ताकि आगामी 22 दिसंबर को लगने वाले जनता दरबार में किसी को किसी प्रकार का परेशानी ना हो। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सांसद के निर्देश पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा पंचायत में 17 दिसम्बर को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के निर्देशानुसार जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल वितें में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु पोद्दार,जिला किसान मोर्चा महामंत्री रामकृष्ण दुबे ,भाजपा युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश तिवारी, रामगढ़ जिला मंत्री एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी वासुदेव प्रजापति मौजूद थे। मौके पर ननकू साहू, अधीन महतो, अन्नपूर्णा देवी, सुमित्रा देवी, लीला देवी, प्रदीप प्रसाद, गौरी देवी, सुभाष चौधरी, केदार साव, बाबू चौधरी, सोमवार महतो, तुलाराम महतो, देवचंद महतो ,आशा देवी आदि के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

### बच्चों ने प्रस्तुत किये दर्जनों मनमोहक कार्यक्रम दर्शक दीर्घा हुआ मंत्रमुग्ध

**बरही।** मलकोको स्थित डॉ भीम राव अंबेकर पब्लिक स्कूल का 11वाँ स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे विद्यालय के बच्चो ने दर्जनों नृत्य, संगीत, एकांकी जैसे कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे सहित उनके माता पिता और सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद थे. कार्यक्रम की शुरूआत एसडीपीओ नजीर अख्तर सहित उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि कोबरा 203 के कमान अधिकारी कैलाश गंगा राव आवे, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव, पंसस सहदेव महतो, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मो कयूम अंसारी आदि शामिल हुए. अतिथियों का स्वागत प्राचार्य गुलाब कुमार दास सहित विद्यालय के शिक्षको ने पुष्पगुच्छ देकर किया. प्राचार्य ने बताया कि आज से एक दशक पूर्व इस विद्यालय की स्थापना की गई थी. लोगो ने विद्यालय के कार्य को सराहा और आज इसके कई छात्र शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए है. कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य सूरज कुमार दास ने किया. उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि मलकोको के उजार्वान युवाओं ने कम संसाधनों में भी बच्चो को बेहतर शिक्षा देने का काम किया है.

**ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने प्रयास, कबीले तारीफ : पूर्व विधायक**

**आंदोलन** | **झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष समिति का पद्मा रेलवे स्टेशन पर धरना**

# न्यू गिरिडीह के ठहराव व समय में हो परिवर्तन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** दो दिवसीय राज्यव्यापी आर्थिक नाकाबंदी के तहत रविवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा अनुमंडल इकाई ने रेलवे स्टेशन के गेट पर धरना प्रदर्शन किया गया. मोर्चा के सदस्य नारे लगाते हुए बरही रेलवे स्टेशन पहुंचे. रेलवे स्टेशन पर प्रतिनियुक्त विशेष दंडाधिकारी डॉ मुकेश कुमार, हजारीबाग व कोडरमा के रेलवे पुलिस अधिकारी व काफी संख्या में आरपीएफ के जवानो ने आंदोलनकारियों को रेल पटरियों के पास जाने से रोक दिया. इसके बाद आंदोलनकारी स्टेशन के मुख्य गेट की सीढ़ियों पर ही धरना पर बैठ गए. लगभग ढाई घंटो तक अपने मांगो के समर्थन में भाषणबाजी और नारे लगाने लगे. अंत में मोर्चा ने बरही स्टेशन मास्टर को धनबाद मंडल के वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक को संबोधित एक ज्ञापन दिया. ज्ञापन में न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का बरही व पदमा स्टेशन पर ठहराव के साथ समय



परिवर्तन की मांग किया गया है. इसे न्यू गिरिडीह स्टेशन से राँची के लिए सुबह पांच बजे प्रस्थान व राँची से शाम के समय वापसी का समय निर्धारित किये जाने की मांग की गई है. जिससे इंटरसिटी का लाभ आम आदमी को मिल सके. इसके साथ ही दूसरा ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया जिसमे झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों का चिन्हितिकरण व राजकीय सम्मान की मांग का उल्लेख है. धरना का नेतृत्व आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अनुमंडल संयोजक जावेद इस्लाम ने किया. धरना में मो फहीम,श्रवण कुमार,कामेश्वर ठाकुर, खुर्शीद अनवर, मो आजाद भोला, अनवर हुसैन, मो आशिक,कमरुद्दीन, गौत्तम सिंह,राम कुमार सिंह,कैलाश सिंह,चिंतामणि पासवान, सोमर महतो, राजेश कुमार सिंह, मो कामिल, सहित कई लोग शामिल थे।

### प्रखंड के सहायक अध्यापक लेंगे साईबर सिक्योरिटी का प्रशिक्षण

# आईटी के दौर में हर एक व्यक्ति को हो साइबर सिक्योरिटी की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग रोड स्थित राष्ट्रीय कंप्यूटर साक्षरता मिशन की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन 200 लोगो को मुफ्त साइबर सिक्योरिटी कोर्स करवाने की घोषणा किया है. इसे लेकर केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा अपने सहयोगियों के साथ बरही के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भ्रमण कर शिक्षको और विद्यार्थियों को साईबर फ्रॉड की जानकारी देते हुए कोर्स के लिए प्रेरित कर रहे है. केंद्र निदेशक की माने तो आईटी के इस दौर में हर एक व्यक्ति को साइबर सिक्योरिटी की जानकारी रखनी चाहिए. इसी क्रम में शनिवार को प्रखंड के सहायक अध्यापकों से संपर्क कर साइबर सिक्योरिटी कोर्स की जानकारी दिया. साथ ही शिक्षको से निःशुल्क कोर्स का लाभ लेने की अपील किया. केंद्र निदेशक ने बताया कि सभी अध्यापको को ऑनलाइन कार्य करने पड़ते है. परंतु जानकारी के अभाव में कई शिक्षक साइबर फ्रॉड के चक्कर में आ जाते है और ठगी के शिकार हो जाते है. सबों ने सॉफ्टेक के इस प्रयास के लिए प्रशंसा करते हुए साइबर सिक्योरिटी का कोर्स ज्वाइन करने की बात कही. सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे और प्रखंड सचिव मनोज घोष ने प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों से साइबर सिक्योरिटी का कोर्स करने की अपील किया है. मौके पर 36 सहायक अध्यापकों ने पंजीकरण भी करवाया. पंजीकरण करवाने वाले सहायक अध्यापक में मुकेश चौधरी, मो सनौवर आलम, राजेश कुमार, बबिता कुमारी, स्वाति कुमारी, मनोज ठाकुर, रामकृपाल राम आदि शामिल हैं.



## बालक यीशु के आगमन की खुशी में हुआ क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

# मुड़ीया व कुरडेग चर्च में रही क्रिसमस गैदरिंग की धूम

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के मुड़ीया चर्च में एवं कुरडेग केंदूटोली में पारिस स्तरीय क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। दोनों ही स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उनके साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुई। मुड़िया चर्च में फादर सुशील गुड़िया,फादर सुमन कुल्लू के द्वारा पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया। जबकि कुरडेग चर्च में फादर सुनील तिर्की,फादर बिपिन सोरेंग, फादर अभिनाश टोप्पो,फादर अमृत ने मिस्सा बलिदान चढ़ाया। मौके पर चरणी में आशीष जल का छिड़काव भी किया गया। अपने संदेश में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सच्चाई व मानव सेवा करने के लिए प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रभु ने दुख भोग कर जिस तरह मानव की सेवा की थी, उसी प्रकार हम सभी को भी आगे आना होगा। विधायक ने कहा कि बालक यीशु के आगमन के खुशी में क्रिसमस गैदरिंग समारोह होता है। क्रिसमस का पर्व आपसी भाईचारा और प्रेम का संदेश देता है। विधायक ने खीस्तीय विश्वासियों से प्रभु यीशु के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मौके पर मुड़िया चर्च में आयोजित कार्यक्रम में उप प्रमुख सिलबेस्टर बाघवर,उर्मिला केरकेट्टा, सिस्टर सुषमा कुजूर,सिस्टर ज्योति,सिस्टर ब्यात्रिष, सिस्टर मुकुल, मुखिया दुर्गा मुंडा, पूर्व मुखिया मुक्ता तिर्की, मरियानुस डुंगडुंग सहित काफी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे। जबकि कुरडेग चर्च में आयोजित कार्यक्रम मे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, ब्रदर आनद,ब्रदर संदीप,ब्रदर निरल लकड़ा,ब्रदर अमित,सिस्टर निर्मला,सिस्टर रश्मि,सिस्टर दिव्य, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की,20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो,पीटर खाखा,भारी संख्या में मसीही विश्वासी शामिल थे।




### प्रभु येसु के विचारों को धारण कर संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में बांधा जा सकता है: जोसिमा खाखा

**जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि क्रिसमस का पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। हम सबको मिलकर इसका आनंद लेना चाहिए और प्रभु यीशु मसीह के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु का जीवन ही त्याग और परोपकार का संदेश देता है। उनके विचारों को धारण कर संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में बांधा जा सकता है।**

## लापरवाही : ये बिजली के तार कहीं बुझा न दे घरों के चिराग

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड निवासी पुरेंद्र सिंह ने अपने मकान के ऊपर से गुजर रही विद्युत तार को हटाने के लिए सिमडेगा उपायुक्त से गुहार लगाई है। पुरेंद्र सिंह का कहना है कि उनके पुश्तैनी मकान के ऊपर से विद्युत तार गुजरा है। इस संबंध में कई बार स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों से हटवाने के लिए लिखित आवेदन भी दिया गया गया, खुद एसडीओ भी एक बार उनके घर का जायजा लेने पहुंचे थे और फोटो खींच कर ले गए थे लेकिन भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवारों का कहना है कि बिजली तार से जानमाल का खतरा बना हुआ है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। घर के बीचोबीच से विद्युत प्रवाहित लाइन के गुजरने से हर एक क्षण खतरे की घंटी बजती रहती है। क्यूंकि बिजली तार पहले से भी कई बार टूट चुका है, तार टूटने से कई बार बल्ब फ्यूज हो चुके हैं तो दो बार मीटर भी उड़ गया है। विभाग के कर्मी पुराने तार को ही कई जगह जोड़ कर उसी में लाइन चालू किए हुए हैं जिसके कारण अब जरा सी चूक होने पर जान-माल का खतरा मंडराता रहता है और विद्युत स्पशार्घात की चिंता सताती रहती है। परिवार के लोगों का कहना है कि बिजली का तार उनके घर के ऊपर इतना सट गया है कि वे अपने घर के छप्पर को भी ठीक नहीं कर पा रहे हैं।



**परिवार के सिर पर करंट का खतरा, अधिकारियों को खबर के बाबजूद कार्रवाई के नाम धूल फांक रही आवेदन**

## एक नजर

### अवैध महुआ शराब की बिक्री के खिलाफ छापेमारी,एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेको में जयनगर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया. इस दौरान एक होटल से महुआ शराब बेचते होटल संचालक सकलदेव यादव (38) पिता सेवल यादव को 8 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया. वहीं होटल संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द किया गया. वहीं थाना प्रभारी राजेंद्र राणा ने बताया कि अवैध महुआ शराब का व्यापार करने वाले सभी लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इसलिए शराब बनाते,बेचते हुए या पीते हुए जो भी पकड़े जाएंगे, उन्हें सीधा जेल भेज दिया जाएगा।

### अवैध बिजली से धानकुटी मशीन चलाते विभाग ने पकड़ा, एफआईआर

**बोलबा ।** बोलबा प्रखण्ड में बिजली विभाग द्वारा छापामारी के बाद विभाग द्वारा पांच लोगों के विरुद्ध बोलबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार कादोपानी पंचायत के किलसेरा गाँव में संजय टोप्पो, बसन्त खलखो, प्रकाश तिर्की, हैरमन लकड़ा एवं कसीरा गाँव के उपेन्द्र सिंह के नाम से बोलबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है ।बताया गया कि इनलोगों ने व्यावसायिक कनेक्शन बिना लिए धानकुटी मशीन चलाते हुए पकड़े गए है । इस मौके पर बिजली विभाग पदाधिकारी ,कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कृषक पाठशाला का आयोजन कर किसानों को दी गई जानकारी

बानो। प्रखण्ड के कनोरोवा पंचायत के ग्राम बरबेड़ा में किसान पाठशाला आयोजन किया गया। इस किसान पाठशाला में जल प्रबंधन जैसे टपक सिंचाई विधि द्वारा खेती करने पर किसानों को प्रेरित किया गया ।साथ ही टपक सिंचाई की महत्वपूर्ण कार्य के बारे में जानकारी दी गई - जैसे जहां पानी की बचत होती है, वहीं इस विधि द्वारा पानी दवाईयां जैसे यूरिया,पोटाश और अन्य कीटनाशक दवाएं सीधे पौधे की जड़ में जाती है ।फूल की खेती जैसे जरबेरा और ग्लेडुलस बल्ब एवं फसलों के लिए लाभदायक है ।जिसमे सिंचाई के दौरान पानी की बचत होती है। वहीं फसल के उत्पादन इस विधि के अनुरूप पानी जरूरत के अनुसार पेड़ पौधों की जड़ में सीधे पहुंचता है।

### गांव की शोभा बढ़ा रहा है जलमीनार, पानी के लिए तरस रहे हैं लोग

**जलडेगा।** पेयजल और स्वच्छता विभाग की ओर से मुख्यमंत्री जन जल योजना के तहत जलडेगा प्रखंड के कोनमेरला सरदार टोली में स्थापित जलमीनार महज शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। जलमीनार खराब होने से लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। गांव के सोमारी देवी, अघनु बड़ाइक, सुखमईत देवी, रंजिता कुमारी, रोहित सिंह, सुखमनी देवी, आशा देवी, सुजाता देवी, प्रमिला देवी, फुलेश्वर बड़ाईक सहित कई अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कोनमेरला सरदार टोली में पिछले 2 साल से भी अधिक दिनों से जलमीनार खराब है। ग्रामीण इसकी मरम्मत की मांग कर परेशान हो गए है।

## जिले में जमीन चिन्हित कर विधायक मद से बनाया जाएगा क्रिकेट मैदान: विधायक भूषण बाड़ा

# हारून रशीद स्मृति नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, अफजाल सीसी बना चैंपियन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** दिवंगत पत्रकार हारून रशीद स्मृति नाइट सर्किल क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन शनिवार की देर रात हुआ। फाइनल मुकाबला देखने के लिए कड़कड़ाती ठंड में भी दर्शकों की काफी भीड़ रही। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी सौरभ कुमार उपस्थित थे। मैच का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच में अफजाल सीसी की टीम ने केरसई-11 को 69 रनों से हराकर चैंपियन बना। विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय पहल है। क्रिकेट खेल को आगे बढ़ाया जाएगा। इस क्षेत्र में क्रिकेट खेल मैदान निर्माण के लिए प्रशासन से जमीन चिन्हित कराया जाएगा। खेल मैदान निर्माण के लिए जमीन मिलते ही विधायक मद से जिले में एक क्रिकेट मैदान का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब कोई भी खिलाड़ियों की प्रतिभा दबी हुई नहीं रहेगी। चाहे कोई भी खेल के खिलाड़ी हो। हर खेल के खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा युवा साथी ऐसे ही एकजुट रहें। आपके कंधे में न सिर्फ कोई एक परिवार टिका है। बल्कि पूरा समाज, जिला और देश टिका है। देश को आपसे बहुत सारी उम्मीदें है। विधायक ने कहा कि सिमडेगा जिले को हर क्षेत्र में आगे लेकर जाना है। मौके पर मंच संचालन अंजुमन के अध्यक्ष मो ग्यास ने किया। मौके पर सीओ सिमडेगा,सिमडेगा सदर थाना प्रभारी,विधायक प्रतिनिधि शमी आलम, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, जमीर हसन, जमीर खान,सदर मो ग्यास साहब, डा इम्तियाज हुसैन,व्यापार,उद्योग संघ अध्यक्ष शहजाद अंसारी,मो हरिश,मो वसी, मन्नावर आदि शामिल थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने मेंआजाद हिंद क्लब के सभी पदधारियों एवं सदस्यों का अहम योगदान रहा।

**इन खिलाड़ियों को भी किया गया सम्मानित :** मौके पर मैन ऑफ द मैच मो एहसान (मंगल),बेस्ट बैटमन अवार्ड सद्दाम सिद्धू,बेस्ट बोलर ऋषि,बेस्ट फिल्डेट मो नौशाद,बेस्ट डिसीपिलिन अवार्ड लिटिल स्पोटिंग क्लब, मैन ऑफ द सीरीज सद्दाम (सिद्धू) को दिया गया। सभी को विधायक और एसपी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




### जीवन मे अनुशासित रहें: एसपी

एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि सिमडेगा पुलिस जिले को उग्रवाद व अपराध मुक्त बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इस क्षेत्र में अपराध का मुख्य कारण नशापान है। इससे युवाओं के साथ अन्य सभी लोगों को भी दूर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा जिले के विकास में अपना सहभागिता सुनिश्चित करें। जीवन मे अनुशासित रहें। तेज रफ्तार वाहन चलाने से परहेज करें।

## सनकी पति ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या, गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा ।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली कॉलोनी निवासी रविकांत सिंह उर्फ सोनू सिंह ने अपनी पत्नी ममता देवी की गला दबाकर हत्या कर दी. ममता देवी के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है. ममता देवी के पिता सागर सिंह ने कोडरमा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है. सागर सिंह ने ममता देवी के पति रविकांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, ससुर दिनेश सिंह, सास गीता देवी और भैसूर शशिकांत सिंह पर हत्या का आरोप लगाया है.उधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी द्वारिका राम दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. खबर लिखे जाने तक थाना में मामला दर्ज नहीं किया गया था. हालांकि पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. घटना के बाद ससुराल के अन्य लोग फरार हैं।



**मायके वालों ने दहेज हत्या का लगाया आरोप**

**दहेज को लेकर ससुराल वाले करते थे मारपीट :** सागर सिंह ने आवेदन में लिखा है कि रविवार सुबह पांच बजे उनको पता चला कि उसके ससुराल वालों ने उसकी बेटी की शनिवार रात हत्या कर दी. सूचना पाकर जब बेटी के ससुराल गये तो देखा कि कमरे में उसका शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा है. उसके गर्दन व मुंह पर निशान भी थे. आवेदन में लिखा कि दहेज को लेकर बेटी के ससुराल वालों ने पहले भी उसके साथ मारपीट की थी. वे उसको मानसिक रूप से भी प्रताड़ित करते थे।

## कुटुंगीया पंचायत में आयोजित शिविर में 4115 आवेदन मिले

# 2168 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन 1947 पर कारवाई में जुटे अधिकारी

**सीओ ने कहा - सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से जनता को मिल रहा है सीधा लाभ**

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत कुटुंगीया में शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, प्रमुख जुसाफ लुगुन, सीओ मधुश्री मिश्रा, ओडगा ओपी प्रभारी पंकज कुमार, पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा मुखिया जानकी देवी, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया ।सीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। शनिवार की कुटुंगीया पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा अलग अलग समस्याओं का समाधान और नए योजनाओं के लिए कुल 4115 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान 2168 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया और बाकी बचे 1947 आवेदनों की कारवाई में विभाग के कर्मी जुटे हैं ।कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत के मुखिया जानकी देवी, पंचायत परमेश्वर भगत, रोजगार सेवक एडमन समद, जेएसएलपीएस की कर्मी, लीड्स के कुलदीप सुरीन, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा, बीपीओ नरेगा संजीता कुमारी का सहयोग रहा।



**मंथन** — युवा शक्ति देश के भविष्य, समर्पित हो करें राष्ट्र निर्माण का कार्य

# जनसेवा का कार्य कर संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता

नवीन मेल संवाददाता

**केरसइ।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा केरसई कार्यसमिति की बैठक नगर भवन में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम प.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वर्गगीत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजयुमो केरसई मंडल अध्यक्ष गौतम कुमार ने उपस्थित युवा मोर्चा के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का दायित्व है की क्षेत्र में जनसेवा का कार्य कर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें क्योंकि युवा शक्ति देश के भविष्य हैं। वह अपने क्षेत्रों में जनसेवा में अपनी सहभागिता कर ही लोगों की बीच अपनी पैठ जमा सकते हैं ।साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याण कारी कार्यो का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे इस पर भी फोकस करें। कार्य समिति बैठक को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह केरसई मंडल प्रवासी सुभाष महतो ने कहा कि हम युवा मोर्चा के कार्यकताओं को एक दूसरे के सुख-दुख में भाग लेकर अपना दायरा बढ़ाना चाहिए साथ ही मोदी जी के कार्यों को घर घर जा कर बतानी चाहिए। जिससे अधिक से अधिक लोगो का जुड़ाव हमारे संगठन से हों ।युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह दांगी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में युवा मोर्चा के प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्य समिति की बैठक चल रही है। हम सभी युवा मोर्चा के कार्यकताओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाकर बूथ स्तर तक युवा मोर्चा को मजबूत करना है। मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने कहा कि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है,युवा मोर्चा मजबूत बनेगी तभी संगठन मजबूत होगा। सिमडेगा विधानसभा विस्तारक शशि दास ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए युवा कार्यकताओं से आवाहन किया कि संगठन को मजबूत बनाएं एवं आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा दोनों चुनाव में पार्टी का विजय सुनिश्चित करें ।वहीं जिला सो मीडिया प्रभारी सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि तीनों राज्यो के विधानसभा चुनाव की जीत में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका थी, इसीलिए आने वाले लोग सभा एवं विधानसभा चुनाव में भी युवा कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी इसीलिए संगठन को मजबूत बनाने का कार्य अभी से ही शुरू कर दें ।मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार,मंडल भाजयुमो उपाध्यक्ष प्रभु प्रसाद, युवा मोर्चा महामंत्री पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविंद्र बड़ाईक,एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवनारायण देहरी, महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद,अनुज प्रसाद, खिरोधर प्रधान, मन्नू यादव, सूरज प्रसाद आदि मौजूद थे।




### प्रभात फेरी,भजन कीर्तन और हर घर मे जलाए जाएंगे दीप

**केरसई।** आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद की बैठक केरसई महावीर मंदिर में हुई ।बैठक में निर्णय लिया गया कि अयोध्या से निमंत्रण रूपी अक्षत राम भगवान की तस्वीर और प्रपत्र आया है उसे पंचायत स्तर में बैठक कर एक-एक घर तक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देनी है। सबों का अयोध्या जाना तो संभव नहीं अपने गांव पंचायत में जो भी मंदिर हो उसी को राम मंदिर का प्रारूप मानकर 22 जनवरी को मंदिर में भजन कीर्तन भंडारा कर टीवी लगाकर सामूहिक रूप से लाइव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखना है। साथ ही हर घर मे कम से कम पांच दिए जलाने हैं और इस ऐतिहासिक मौके को दिवाली की तरह मनाना है। विश्व हिंदू परिषद जिला सिमडेगा के पुरोहित विधाबंधु शास्त्री ने भी लोगों को बताया की किस तरह से हजारों कर सेवकों के बलिदान के बाद आज यह ऐतिहासिक दिन आया है इस मौके को उत्सव के रूप में मानना है ।बैठक में विश्व हिंदू परिषद जिला कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह, पूर्णकालिक प्रचारक दिलीप कुमार बड़ाईक, ने भी अपने अपने विचार को साझा किया।

### सात घरों से लाखों रुपये, जेवर व अन्य सामान की चोरी की

**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र के सतडीहा पंचायत स्थित लधबेदवा आरामुर्गो गांव में बीती रात चोरों ने सात घरों को निशाना बनाया और पैसे, जेवर व अन्य सामान उड़ा ले गये. चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए चोरों ने नये हथकड़े अपनाये. चोरों ने 11 केवी बिजली तार में साड़ी की रस्सी बनाकर फेंका और शॉर्ट सर्किट कराकर इस घटना को अंजाम दिया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप और भय का माहौल है. घटना की सूचना पर थाना प्रभारी राजेंद्र राणा अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये. थाना प्रभारी ने बताया कि जांच चल रही है. जल्द चोरी की घटना में शामिल लोगों पुलिस की गिरफ्त में होंगे.मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने छट्ठू भुइयां के घर से 40000 नगद व जेवर, रोहित भुइयां के घर से 20000 नगद, धनेश्वर रविदास के घर से 40000 हजार, जेवर, घर में रखे सामान और दुकान का सामान, रामजन्म भुइयां के घर से चावल, साड़ी, चांदी का पायल और 1500 रुपये, भुवनेश्वर राणा के घर से पीतल के बर्तन व जेवर, बसंती देवी के घर से 10000 नगद व घर में रखे सामान और रामदेव रविदास के घर से बकरा सहित अन्य सामान चोरी कर ले गये।

### नोर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च में क्रिसमस गैदरिंग का किया गया आयोजन, विधायक हुए शामिल

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा मंडली में आयोजित नोर्थ वेस्टर्न जीईऐल चर्च में आयोजित क्रिसमस गैदरिंग में प्रखण्ड प्रतिनिधियों के साथ विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी भी उपस्थित हुए । क्रिसमस का संदेश देते हुए उन्होंने कहा क्रिसमस पर्व या बड़ा दिन हम सभी मानव जाति को प्रेम और भाईचारा का संदेश देती है यीशु मसीह के जन्म दिन पुरे विश्व में क्रिसमस के तौर पर मनाया जाता है। यह पर्व ईसाई समुदाय के लिए ही नहीं सभी समुदाय के लोगों के लिए महत्वपूर्ण पर्व है जिसे लोग खुशी से सभी मनाते है। विधायक ने क्रिसमस गाना गाकर लोगों को क्रिसमस की बधाई दी। कार्यक्रम में सिमडेगा, खुटीटोली, कोलेबिरा तथा अन्य मंडलियों से लोग उपस्थित रहे। युवासंघ तथा संडे स्कूल के बच्चों द्वारा क्रिसमस कैरोल ऐक्टिंग डांस, क्रिसमस की एकल तथा सामुहिक नाच गान का प्रस्तुति किया तथा एक दुसरे के साथ झुमते हुए एक दुसरे को क्रिसमस की बधाई दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोलेबिरा प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग तथा श्यामलाल प्रसाद, कोलेबिरा मुखिया अंजना लकडा, सोनु किंडो, बिरोन सांगा, विभिन्न मंडली के पादरी, प्रचारक, युवासंघ आदि उपस्थित रहे।

### बोलबा प्रखंड के विभिन्न गांवों के मन्दिर एवं सरना स्थलों में अक्षत कलश लेकर किया गया भ्रमण

**बोलबा ।** बोलबा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों के मंदिर एवं सरना स्थलों में अयोध्या से लाए गए अक्षत एवं कलश को लेकर भ्रमण किया गया । इस मौके पर बोलबा बाजार टाँड़ स्थित दुर्गा मन्दिर में विश्व हिन्दू परिषद की एक बैठक आहूत कर चल रहे कार्यक्रम के बारे विचार विमर्श किया गया ।इस मौके पर बताया गया कि बोलबा प्रखण्ड के सभी देवी-देवताओं के मन्दिर, सरना स्थलों में अक्षत- कलश लेकर अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले भगवान मन्दिर के उदघाटन के मौके पर निमंत्रण किया जा रहा है । इसके साथ ही गाँव गांव में लोगों को कार्ड देकर निमंत्रण किया जा रहा है । अबतक कादोपानी, किलेसेरा, बरघाट, समसेरा, पालेमुण्डा गाँवों में निमंत्रण दे दिया गया है । जबकि अन्य गांवों में कार्यक्रम चल रहा है । इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह दे०,, प्रखण्ड अध्यक्ष टकबर सिंह,, भानुप्रताप सिंह,, रघुनंदन सिंह, बिनोद बड़ाईक, माधव सेनापति, हीरालाल प्रधान, अजय जायसवाल, किशोर सिंह, कपिलानंद प्रधान एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

### सेमेरिया में पारंपरिक इंद मेले का आयोजन... नागपुरी गीतों पर झूमे लोग

**जलडेगा।** प्रखंड के लमडेगा पंचायत अंतर्गत सेमेरिया गांव में रविवार में को पारंपरिक इंद मेला का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मेला का शुभारंभ गांव के पाहन शंकर बड़ाईक ने इंद्र देव का विधिवत पूजा एवं अनुष्ठान कर अच्छी वर्षा एवं उत्तम फसल हेतु आभार प्रकट किया। वहीं इंद मेला में भव्य तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झापा के पुर्व विधायक व मंत्री एनोस एक्का एवं युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान एनोस एक्का ने कहा कि परबा जैसे सुदूर क्षेत्र में इतने भव्य रूप से मेला का आयोजन करना सराहनीय है। पुर्वजों के संस्कृति को परम्परागत चलाना हमलोगों की जिम्मेदारी है। हमारे पुर्वज इंद्रदेवता को रिझाने एवं अच्छी उपज के उपलक्ष में पारम्परिक भेष-भूषा में अपनी संस्कृति एवं परंपरागत तरीके से इंद मेला का आयोजन करते थे। कहा हमारी पार्टी पुर्वजों की परम्परा का सम्मान करता है। मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में झारखंड के प्रसिद्ध ठेठ नागपुरी गायक सह उस्ताद बिस्मिल्लाह खान पुरस्कार से सम्मानित जगदीश बड़ाईक सहित ओडिशा और झारखंड के कई कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

## एक नजर

### बाइक के धक्के से डीवीसी सप्लाई मजदूर घायल

**चंद्रपुरा।** डीवीसी चद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट में काम करने वाले सप्लाई/ठेका मजदूर ललन शर्मा को डीवीसी अस्पताल के नजदीक बाइक सवार युवकों ने धक्का मार दिया। जिससे वे घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय व्यक्तियों ने उठाकर उनको अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। बताया कि गया है कि बाइक की रफ्तार तेज थी तथा उसमें तीन युवक सवार थे।

### चंद्रपुरा डीवीसी अस्पताल में 48 लोगों की हुई ह्रदय जांच

**चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा के शहीद तिलका मांझी मेमोरियल डीवीसी अस्पताल में मेडिका अस्पताल रांची के सौजन्य से आयोजित ह्रदय रोग जांच शिविर में 48 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक सलाह दी गई। मेडिका रांची के ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ धनंजय कुमार, डीवीसी अस्पताल के उप महाप्रबंधक डॉ पीके घोष, डा एस हेमरोम, डॉ एल सोरेन, डॉ पी कुमार बसंत महापात्रा, विकास कुमार, ज्योतिष कुमार, प्रेमशिला आदि ने भाग लिया। रोगियों का ईसीजी किया गया तथा उनके ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की जांच की गई। डीवीसी अस्पताल के डा घोष ने बताया कि इस तरह का शिविर आगे भी लगेगा। चिकित्सा का लाभ अधिक से अधिक को मिले इसके लिए अस्पताल प्रबंधन व डीवीसी गंभीर है।

### खेतको में बिजली व्यवस्था की जा रही दुरुस्त, बदले जा रहे केबल

**खेतको।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत खेतको में बिजली विभाग द्वारा 11 हजार वोल्ट का बिजली तार के लिए केबल लगने का काम शुरू हो गया है। हालांकि इससे पहले भी केबल लाया गया था लेकिन दुरुस्त नहीं रहने का कारण उसे बिजली विभाग द्वारा वापस ले जाया गया। और अब जाकर लगना चालू हो गया है। इसी साल मोहर्रम के दिन ताजिया अखाड़ा ले जाने के क्रम में ताजिया के 11 हजार वोल्ट की तार सटने से चार व्यक्तियों इमामउल रब, गुलाम हसनैन, आसिफ राजा व साजिद अंसारी की मौत हो गयी थी। उस समय यहां जो भी आए थे, कहा था कि पूरे जर्जर तार को बदलने की आवश्यकता है नहीं तो आए दिन ऐसा हादसा पुनः हो सकता है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता जगदेव महतो ने कहा कि डीपीआर तैयार हो गया है।

### बीएमएस मजदूरों की लड़ाई लड़ने में सक्षम है : रंजय कुमार

**गुवा ।** अखबारों से जानकारी प्राप्त हुई है कि एनजेसीएस के चारों यूनियन हड़ताल में जा रहें हैं। इसकी कोई सूचना या संपर्क बैठक में शामिल होने हेतु भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से नहीं की गई है। यद्यपि बीएमएस मजदूरों की लड़ाई अपने स्तर से लड़ने में सक्षम है। उक्त बातें बीएमएस के महामंत्री सह एनजेसीएस के सदस्य रंजय कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को बिना क्षति पहुंचाये जो कार्य हो सकता है, बीएमएस उस कार्य को कर रहा है और मजदूरों का पूरा समर्थन प्राप्त हो रहा है।

# पक्की सड़क के बजाय कच्ची सड़क बनाकर पांच करोड़ हड़पे : विजिलेंस की रिपोर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

पक्की सड़क के बदले ठेकेदार ने मिट्टी और बोल्डर डाल कर कच्ची सड़क बनाकर पांच करोड़ का बिल पास करा कर चलता बना। सूत्रों के अनुसार इसमे ठेकेदार ही नहीं बल्कि अधिकारियों की भी मिलीभगत है। बगैर अधिकारियों के मौन समर्थन के इतना बड़ा घोटाला संभव नहीं था। राशि की बंदरबांट कई लोगों के बीच हुई। जिसका खुलासा साउथ साइड धनबाद स्टेशन भवन के सामने छह साल पहले बनी सड़क की शिकायत मिलने पर केंद्रीय विजिलेंस टीम ने बारीकी से जांच कर किया है। बाकायदा इसकी रिपोर्ट रेलवे मुख्यालय को सौंप दी गई है। जानकारी के अनुसार कतरास, झरिया, केंदुआ, पुटकी, महुदा, धनसार, गांधीनगर, मनईटांड़, पुराना बाजार, बैंकमोड़ समेत दर्जनों इलाके के यात्रियों की सुविधा के लिए धनबाद स्टेशन के साउथ साइड में भवन बनाने के साथ बैंकमोड़ व पुराना बाजार तक एप्रोच रोड बनाया गया, ताकि यात्रियों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। वे आसानी से नया बाजार ओवर ब्रिज, गया पुल, श्रमिक चौक रांगाटांड़ व धनबाद स्टेशन की भीड़ से बचकर पहुंच सकें। श्रमिक चौक व स्टेशन रोड में ट्रैफिक जाम के कारण सैकड़ों यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। यात्रियों की परेशानी दूर करने के लिए ही साउथ साइड का कायाकल्प किया गया, लेकिन ठेकेदार और अधिकारियों ने सौंदर्यीकरण के बजाय नरक बना दिया। विजिलेंस रिपोर्ट के बाद अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारी अपनी गर्दन बचाने में जुट गए हैं। बारिश में कीचड़ व जलजमाव से यात्री रहते हैं परेशान : लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में कीचड़ व जलजमाव से यात्री परेशान रहते हैं। आम दिनों में भी धूल उड़ने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है। छह साल में किसी अधिकारी ने कभी सुधि नहीं ली। ऐसा नहीं है कि अधिकारी सड़क बनने के बाद कभी साउथ साइड का निरीक्षण नहीं किया है। सड़क बनाने में घोटाला दिखने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई या फिर दोबारा उस सड़क को पक्कीकरण कर बनाया गया है, तो जरूर इसमें अधिकारी को अपना हिस्सा मिल चुका है। इसलिए उसने पांच करोड़ का बिल पास कर दिया।

### पास में बीच सड़क में लगता है सब्जी बाजार

**पुराना बाजार और बैंकमोड़ से होकर साउथ साइड धनबाद स्टेशन भवन जाने के लिए बनी सड़क पर ही अतिक्रमण कर दर्जनों लोगों ने सब्जी बाजार बना दिया। सुबह से शाम तक सब्जी की बिक्री होती है और रात में सड़क पर ही कचरा फेंक देते हैं। जहां से यात्रियों व आम लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। शिकायत के बाद कभी-कभार अभियान चलाया जाता है। फिर दूसरे सब्जी की दर्जनों दुकानें लग जाती है।**

# मुख्यमंत्री 22 को आएंगे बलियापुर, तैयारी शुरू



**नवीन मेल संवाददात। धनबाद**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 दिसंबर को बलियापुर आएंगे। वह यहां हवाई पट्टी मैदान में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस बीच मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, सीटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी अमर कुमार पांडेय, सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार, सीओ रामप्रवेश कुमार, थाना प्रभारी एसके यादव सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल बलियापुर हवाई पट्टी मैदान का जायजा लिया। मैदान को समतल बनाने में आधा दर्जन जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर लगाए गए हैं। साफ- सफाई व समतलीकरण का कार्य जोरों पर चल रहा है। मौके पर मुखिया रंगा किस्कू, शेखर महतो, आजाद हांसदा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सूरजकांत सोरेन, अब्दुल कादिर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभिभावक सजग रहेंगे तो बच्चे जरूर सफल होंगे : जयमंगल

**नवीन मेल संवाददाता। करगली**

कार्मेल स्कूल करगली में शनिवार को पेरेंट्स डे के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ऊर्फ अनूप सिंह, विशिष्ट अतिथि बेरमो सीओ संजीत कुमार, सीसीएल बीएंडके जीएम के रामाकृष्णा, कार्मेल स्कूल की अध्यक्ष सिस्टर लेशी टेरेसा व प्रिंसिपल सिस्टर सेरीन जोसेफ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत पुष्प व स्वागत गीत से किया। विधायक ने कहा कि बच्चों को संस्कार अपने घर और अविभावक से ही मिलता है। माता पिता भी बच्चों के प्रथम गुरू होते हैं शिक्षक तो उसके बाद हैं। आज के समय में बच्चों को स्कूल के बाद माता पिता समय नहीं दे पा रहे है। अभिभावक सजग रहेंगे तो बच्चे जीवन में जरूर सफल होंगे। आगे कहा कि विद्यालय शिक्षा का घर होता है इसे जाति, धर्म व राजनीतिक का हब नहीं बनने देना चाहिए। विद्यालय में धर्म को लेकर भेदभाव नहीं होना चाहिए। विद्यालय के लिए डीएमएफटी, विधायक मद व अन्य किसी भी प्रकार से मदद करने के लिए हमेशा तैयार हूं। बेरमो सीओ व बीएंडके जीएम ने कहा कि बच्चों को बेवजह मोबाइल का उपयोग करने नहीं देना चाहिए। स्कूल की अध्यक्ष व प्रिंसिपल ने कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों के कल के भविष्य को सोचते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम करता है। सिस्टर जैस्मीन, सिस्टर अरुणा, सिस्टर प्रेमा, सिस्टर रेशमी, सिस्टर जेन टेरेसा, सिस्टर सुनीता, सिस्टर अर्नित डेविस, संजीव किड्डुर, अंजुला सिंह, मुखिया पुष्पा देवी, उत्तम सिंह, जगता नंद सिंह, विरेंद्र साव, चिकू सिंह, रश्मि सिंह, मुनमुन प्रसाद, दौलत महतो, डॉ ए डॉन सहित अभिभावक मौजूद थे।

### सीआरपीएफ ने ग्रामीणों में बांटे जरुरत के सामान

**पीरटांड़।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र पारसनाथ पर्वत के तराई इलाका में पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर सम्बन्ध बनाने के उद्देश्य से सीआरपीएफ द्वारा लगातार सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को सीआरपीएफ 154 बटालियन द्वारा चतरो गांव में कैम्प लगाकर ग्रामीणों के बीच जरूरत का सामान वितरण किया गया। कार्यक्रम भारी संख्या में ग्रामीण लाभांवित हुए। बताया जाता है कि पारसनाथ पर्वत के तराई क्षेत्र में बसे नक्सल प्रभाव वाले गांव में ग्रामीणों का विश्वास जीतने तथा बेहतर सम्बन्ध बनाने के उद्देश्य से चतरो में सीआरपीएफ द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों के बीच जरूरत का सामान वितरण किया गया। सीआरपीएफ द्वारा क्षेत्र की समस्या को लेकर ग्रामीणों से संवाद भी किया गया तथा ग्रामीणों के सुख दुख में हमेशा सहयोग का भी भरोसा दिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के बीमार लोगों का भी चिकित्सक द्वारा इलाज कर निःशुल्क दवा भी दी गई।

**बेटे की चाह में दूसरी शादी की थी तैयारी**

# पत्नी को देखकर दूल्हा हुआ फरार



**नवीन मेल संवादाता। गिरिडीह**

विवाह का मंडप सज चुका था। बारात के स्वागत की तैयारी भी पूरी थी। वधू पक्ष के लोग दूल्हे के साथ बारातियों का इंतजार कर रहे थे, तभी एक महिला ने पुलिस के साथ इंट्री मारी और विवाह की तैयारी धरी की धरी रह गई। मंडप पहुंचने से पहले ही दूल्हा फरार हो गया। यह मामला जिले के पचम्बा से सामने आया है। दरअसल, बिहार के वैशाली जिले के एक गांव का रहने वाला एक युवक वर्ष 2015 से गिरिडीह में रह रहा है। यहां पर वह युवक एक प्रसिद्ध लौह फैक्ट्री में काम करता है। युवक शादीशुदा है और दो बच्चों का बाप भी है। अपनी पहली शादी को छिपाकर युवक ने गिरिडीह मुफ्फसिल थाना इलाके की एक लड़की को प्रेमजाल में फंसाया और फिर उससे शादी रचाने की तैयारी कर ली।मंडप में पहुंच गई पत्नीः 16 दिसंबर की रात को विवाह के लिए पचम्बा के धर्मशाला को सजाया भी गया, लेकिन इसकी भनक युवक की पत्नी को लग गई। पत्नी अपने परिजनों के साथ पचम्बा थाना आ पहुंची और आपबीती सुनायी। मामला पत्नी के रहते दूसरे विवाह से जुड़ा था। ऐसे में थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह हरकत में आए। पीड़िता को लेकर थाना की टीम उक्त धर्मशाला पहुंची और पूरे मामले से लड़की के पक्ष को अवगत कराया। मामला जानने के बाद लड़की पक्ष ने विवाह से इंकार कर दिया। वहीं इसकी भनक लगते ही दूसरी शादी रचाने की तैयारी कर चुका दूल्हा शादी मंडप पहुंचने से पहले ही फरार हो गया। बेटा नहीं होने से पत्नी से था युवक का मनमुटावः बिहार के वैशाली से आयी महिला ने बताया कि 2007 में ही उसकी शादी मुकेश नाम के युवक संग हुई थी। दोनों की दो बेटी भी है। जिनकी उम्र 10 और 16 साल है। महिला ने बताया कि वर्ष 2015 में उसके पति गिरिडीह आ गए और यहां आने के बाद कहने लगे कि तुमसे पुत्र नहीं होता है। इसी बात को लेकर मनमुटाव चलने लगा। हालांकि इस दौरान उसके पति उसके पास आते थे। पिछले एक वर्ष से उसके पति ने राशन का खर्च देना भी बंद कर दिया था।

# तीन दिनों से सर्द हवाओं ने बढ़ाई कंपकंपी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

। गिरिडीह में लगातार तीन दिनों से कड़ाके की ठंड जारी है। दिनभर चली सर्द हवाओं से लोगों की कंपकंपी छूट रही है। सुबह और शाम की सैर के लिए निकले लोगों को कंपकंपी ज्यादा महसूस हो रही है। हालांकि 9 बजे के आसपास धूप निकल रही है। दस बजे के बाद तो धूप में तपिश आ रही है और कंपकंपी का अहसास कम हो रहा है। शनिवार को सर्दी का तापमान जस की तस रहा। न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री रहा, वहीं अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। कनकनी ठंड ने गरीब और मजदूरों की मुश्किलें बढ़ा दी है। दिनभर सर्द हवाओं से राहत को लोग गर्म कपड़ों से लदे नजर आये। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए कंपकंपी जानलेवा साबित हो रही है। बुजुर्गो को तबीयत ज्यादा बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। यही हाल गर्म कपड़े के अभाव में गरीबों का कट रहा है। हालांकि प्रशासन स्तर पर गरीब और जरुरतमंदों में कंबल का वितरण किया जा रहा है, जो अब गरीब भी ठंड से लड़ने के लिए उपयोगी साबित नहीं हो रहे है। दूसरी और अलाव की मांग अब बढ़ने लगी है। रिक्शा चालक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल ने शहर के प्रमुख रोड और चौक-चौराहे पर अलाव जलाने की व्यवस्था करने की मांग की है।

### झाकोमयू बीएंडके क्षेत्रीय कमेटी का पुनर्गठन

बेरमो। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल बीएंडके क्षेत्रीय कमेटी का पुनर्गठन शनिवार को जोनल अध्यक्ष के निर्देश पर करगली स्थित बीएंडके जीएम कार्यालय के कैंटीन में बैठक कर किया गया। क्षेत्रीय कमेटी का पुनर्गठन जोनल कमेटी के उपाध्यक्ष दिलीप मंडल व महासचिव जयनारायण महतो की देखरेख में किया गया। अध्यक्ष आलमगीर ऊर्फ भोलू खान एवं किशोर कुमार को क्षेत्रीय सचिव बनाए गए। साथ ही उपाध्यक्ष विनीता प्रसाद व गोपाल प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष अवनित कुमार, संगठन सचिव अशोक कुमार महतो, संयुक्त सचिव किरण देवी, मोइन अंसारी व राजेश कुमार को बनाया गया। यहां सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत पर्यवेक्षक दिलीप मंडल, जय नारायण महतो, तेजलाल महतो व जगत पासवान ने किया। पर्यवेक्षकों ने बताया कि संगठन को महबूत बनाने के लिए कमेटी का पुनर्गठन किया गया है ताकि संगठन के माध्यम से मजदूरों की आवाज उठाई जा सकेगी।

# बोकारो थर्मल केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेलकूद



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो थर्मल**

बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में स्कूल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल मैदान में ही किया गया। उद्घाटन डीवीसी के मैनेजर एचआर सुनील कुमार ने विद्यालय ध्वजारोहण एवं औपचारिक घोषणा के साथ किया।। मुख्य अतिथि का स्वागत वरीय शिक्षक डॉ डी कुमार ने किया। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ बीआर डे ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खेल भावना से खेल को खेलने की बात कहते हुए विद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। शपथ ग्रहण बारहवीं विज्ञान के विद्यालय के छात्र कप्तान रोहित कुमार एवं छात्रा कप्तान शुभांगी कुमारी द्वारा दिलाया गया। सभी सदनों के कप्तान ने अपने सदनों क्रमशः शिवाजी, टैगोर, अशोक एवं रमन का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद में प्रतिभागी बच्चों द्वारा मशाल जलाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की गई। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़, कबड्डी, रिले रेस, लबी कूद, जलेबी दौड़, प्रिंस प्रिंसेस दोड़ आदि का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः शिवाजी, टैगोर एवं रमन सदन रहे। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक विजय नारायण सिंह द्वारा किया गया। पूरी प्रतियोगिता खेल शिक्षक प्रणव कुमार के नेतृत्व में किया गया। संचालन हिंदी की शिक्षिका राजश्री सिंह एवं सना परवीन द्वारा किया गया।

### अवैध माइका लदी दो गाड़ियां जब्त, चालक व खलासी गिरफ्तार

**तिसरी।** तिसरी पुलिस ने शुक्रवार देर रात तिसरी बाजार के आगे अवैध माइका लदी दो गाड़ियों को जब्त किया है। पुलिस द्वारा जब्त की गई गाड़ियों में से एक पिकअप बोलेरो गाड़ी है और एक ट्रैक्टर है। हालांकि रात का फायदा उठाकर ट्रैक्टर ड्राइवर भागने में सफल रहा और पिकअप के ड्राइवर और ट्रैक्टर के खलासी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। बतला दें कि माइका माफियाओं द्वारा तिसरी के विभिन्न गांवों के जंगलों से एक 407 छोटे ट्रक व पिकअप गाड़ी में अवैध माइका लोड कर परसाटांड़ पचम्बा स्थित माइका फैक्ट्री ले जाने की तिसरी के थाना प्रभारी प्रदीप कुमार को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर ही थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ रात में ही छापेमारी के लिए क्षेत्र की ओर निकल पड़े। पुलिस की छापेमारी टीम खिड़किया मोड़ की ओर जा रही थी। इसी दौरान रात में लगभग डेढ़ से दो बजे के बीच एक अवैध माइका लदी पिकअप बोलेरो जंगल की ओर से निकलती दिखी।

## धनबाद में नहीं रुक रहा है अवैध कोयले का काला धंधा

# प्रशासनिक कड़ाई के बावजूद जारी है अवैध धंधा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा की सख्ती के बावजूद जीटी रोड से अवैध कोयले की पासिंग बंद नहीं हो पा रही है। जीटी रोड पर टोल प्लाजा कुलगो के पास अवैध कोयले की धर-पकड़ के लिए रोज चेकिंग लगाई जाती है पर जैसे ही चेकिंग बंद होती है कोयला लदे ट्रकें धड़ाधड़ पास करा दिया जाता है। दूसरी ओर नगलो पहरीधर में बेरमो, बोकारो थर्मल और फुसरो इलाके से ढोकर लाए गए कोयले को डंप किया जाता है फिर उसे पोड़ा कर ट्रकों पर लादकर उसे बाहर भेजा दिया जाता है। बतला दें कि यह सब खेल रोज चल रहा है। सुविज्ञ सूत्रों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि जीटी रोड के थानों की पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस के अधिकारियों को सब कुछ पता है। धनबाद के कोई गणेश पांडेय हैं जिनके




मैनेजमेंट में कोयला की तस्करी का खेल जारी है। गणेश पांडेय के खिलाफ जीटी रोड के थानों में प्राथमिकी भी हुई है। जानकारों का कहना है कि जीटी रोड के थानों से पासिंग के लिए प्रति ट्रक रेट भी डेढ़ गुना हो गया है। बताया गया कि धनबाद जिले से कोयला लेकर निकले सभी ट्रक तोपचांची के पास आकर खड़ा रहता है। जैसे ही टोल प्लाजा के पास ट्रकों की चेकिंग पुलिस की बंद होती है उसके कुछ देर बाद ही ऐसे ट्रकों का गुजरना शुरू हो जाता है। प्रत्येक दिन 40 से 60 अवैध कोयला लदे ट्रक जीटी रोड से होकर गुजर रहा है। यह ट्रक चेकिंग के बाद भी समय बदलकर कैसे गुजर रहा है, पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है यह संभव नहीं लगता है। दूसरी ओर बेरमो, बोकारो थर्मल और फुसरो के इलाके से बाइक, बैलगाड़ी, ट्रैक्टर, वैन आदि से कोयला ढोकर नगलो पहरीधर जमा किया जाता है। इतनास ही नहीं पोरदाग के एक फैक्ट्री में भी इसे डंप किया जाता है। फिर उसे रात के अंधेरे में ट्रकों पर लादकर उसे बिहार के विभिन्न मंडियों में पहुंचा दिया जाता है। कोयला तस्करों का दुःसाहस इतना बढ़ा हुआ है कि वेलोग नगलो पहरीधर में कोयला को पोड़ा तक बना रहे हैं। फिर उसे बुझाकर ट्रकों से तस्करी कर रहे हैं। ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि यह कैसे संभव है कि इसकी जानकारी निमियाघाट और डुमरी पुलिस को नहीं हो। कहते हैं कि जब एसपी गिरिडीह का दबाव बढ़ता है तो एक-दो ट्रक पकड़कर उस पर कथित रुप से दिखावे के लिए केस कर दिया जाता है। बहरहाल, लगातार हो रहे कोयले की तस्करी से जीटी रोड के थानों की पुलिस अधिकारियों पर सवाल उठ रहे हैं।

### बिष्टूपुर थाना प्रभारी सहित दो को शोकॉज

जमशेदपुर। बिष्टूपुर थाना प्रभारी अंजनी कुमार सहित दो को अदालत ने शोकॉज जारी किया है। बिष्टूपुर पुलिस ने वर्ष 2017 के धोखाधड़ी के एक मामले के आरोपी बुजुर्ग डीवी राव (बिष्टूपुर रामदास मंदिर) एवं संतोष कुमार साहू (सोनारी एक्सटेंशन) को गिरफ्तार कर प्रभारी सीजेएम चन्द्रभूषण कुमार एसीजेएम के समक्ष पेश किया। अदालत ने पाया कि दोनों अभियुक्त को हाईकोर्ट से जमानत मिल मिल चुकी है। अदालत ने जमानत देने के समय अभियुक्त को आदेश दिया था कि 5 लाख 79 हजार रुपये सोसाइटी के एकाउंट में जमा करने के बाद संबंधित अदालत में उपस्थित होकर 25 हजार के दो जमानत बंद पत्र दाखिल कर जमानत पर रिहा हो सकते हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद वे टिस्को फ्रेंड्स को ऑपरेटिव सोसाइटी में रुपये जमा करने लिए कई बार जा चुके हैं, लेकिन सोसाइटी द्वारा कहा गया कि ऐसा एकाउंट यहां है ही नहीं।

# 19 को विधानसभा घेराव करेंगे सहायक अध्यापक



**नवीन मेल संवाददाता। सरिया**

प्रखण्ड संसाधन केंद्र सरिया में सहायक अध्यापकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर रुपांशु ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक संघ के निर्णय अनुसार अपनी मांगों के समर्थन में विधानसभा घेराव के लिए 19 दिसंबर को रांची जाएंगे जिसमें सभी सहायक अध्यापकों ने अपनी अपनी सहमति जताई।

इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर रूपांशु ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के समय झामुमो द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जो वादा किया उसे पूरा नहीं किया गया है। इसके लिए प्रखंड से भी सभी 350 सहायक अध्यापक उस आंदोलन में शामिल होंगे। बैठक में रीतलाल प्रसाद वर्मा, महेश पासवान, प्रकाश मंडल, मनोज कुमार, राजेश कुशवाहा, योगेंद्र पांडे, श्रीनिवास श्रोत्रिय, सुष्मी कुमारी, नारायण महतो, राजकुमार पंडित, कुंदन यादव, खूब लाल महतो, छोटेलाल विश्वकर्मा, लक्ष्मण प्रसाद महतो, नारायण यादव, मोहम्मद नईमुद्दीन, मोहम्मद ताजुद्दीन, मनोज कुमार सहित दर्जनों की संख्या में सहायक अध्यापक मौजूद थे।

सुप्रभात

**नियत साफ हो व मकसद नेक हो तो, परमात्मा किसी ना किसी रूप में आपकी मदद जरूर करता है : अज्ञात**



# ठंड में मदद करें..

**राज्य** में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। ढंड ने रंग जमाना शुरू कर दिया है। पछुआ हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। तापमान में गिरावट जारी है। ठंड का आलम यह है कि रात ही नहीं दिन में भी गर्म कपड़ों की जरूरत पड़ने लगी है। धूप भी शरीर को गर्माहट नहीं दे पा रही है। शाम ढलते ही सड़कें सूनसान होने लगी हैं तो शहर की चहल पहल भी कम होती जा रही है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। बदले मौसम में बच्चे व बुजुर्गो की परेशानी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में अभी ठंड और बढ़ने की संभावना है। इधर बढ़ती ठंड के मद्देनजर सरकार व प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। नागरिकों को ठंड से बचाव को लेकर सतर्क रहने व गर्म वस्त्र पहनने की सलाह दी जा रही है। ठंड को देखते हुए प्रशासन की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। निकट के हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अभावग्रस्त मरीजों के लिए ऐसे हॉस्पिटल वरदान साबित हो रहे हैं। इस मामले में व्यवस्था की कमियां भी सामने आ रही हैं। ठंड में इजाफा होने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो चला है। इस मौसम में सर्दी से बचाव रखने की जरूरत है। डा. भी इससे बचने की सलाह दे रहे हैं। अगले कुछ दिनों में और ठंड बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड ने खुले आसमान में रहने वाले लोगों को काफी परेशान कर रखा है। ऐसे लोग ठंड की विदाई की कामना ईश्वर से कर रहे हैं। बहरहाल यह प्रकृति है। उसके सामने किसी की नहीं चलती है। जाड़ा,गर्मी और बरसात मानव के सहचर हैं। उसके साथ तालमेल बैठाकर ही मनुष्य को चलना चाहिए। सावधानी किसी मौसम में जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर परेशानी का आना स्वभाविक है। इस बात को समझना जरूरी है। खुले आकाश से ठंड की बमबारी ने जहां कहर मचाया है,वहीं सहृदय व्यक्ति मदद के लिए सामने आ रहे हैं। गरीबों की मदद ईश्वर की पूजा है। कई जगहों पर देखा जा रहा है कि ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े बांटे जा रहे हैं। दूसरी तरफ प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था की जा रही है। सुखद मानवता की इस विरासत को कायम रखने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में जंगल कट जाने की वजह से लकड़ी की भारी कमी देखने को मिल रही है। यही कारण है कि गांव की चौपालों पर सन्नाटा पसरा रह रहा है। लोग धूप उगने का इंतजार कर रहे हैं। धान की फसल नहीं होने की वजह से इस बार पुआल पर भी आफत है। इसकी कमी दूर करने के लिए पेड़ पौधों को लगाना जरूरी है। साथ ही जंगल बचाने के अभियान को भी गति देने की जरूरत है। कारण पेड़,पौधे व जंगल हमारे सहचर हैं। यह हमारे जीवन में काफी उपयोगी हैं। ठंड के इस मौसम में सामर्थवान लोगों को आगे आकर गरीबों की मदद करनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास अभावग्रस्त जीवन जीने वाले लोगों की मदद करने के लिए आगे आने की जरूरत है। साथ ही पुराने गर्म कपड़े जो उनके लिए उपयोगी नहीं हो उसे जरूरतमंद को अवश्य दें। इससे जहां एक गरीब को जिन्दगी मिलेगी,वहीं उसकी दुआ का असर भी दिखेगा। दूसरों की मदद करने वालों को ईश्वर जरूर मदद करता है। यह एक सच्चाई है। इससे भागा नहीं जा सकता है।

**ठंड में इजाफा होने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो चला है। इस मौसम में सर्दी से बचाव रखने की जरूरत है। डा. भी इससे बचने की सलाह दे रहे हैं। अगले कुछ दिनों में और ठंड बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड ने खुले आसमान में रहने वाले लोगों को काफी परेशान कर रखा है। ऐसे लोग ठंड की विदाई की कामना ईश्वर से कर रहे हैं। बहरहाल यह प्रकृति है। उसके सामने किसी की नहीं चलती है। जाड़ा,गर्मी और बरसात मानव के सहचर हैं। उसके साथ तालमेल बैठाकर ही मनुष्य को चलना चाहिए।**

# लोस में पृथक झारखंड के पहले उद्घोषक थे राम नारायण

इन दिनों



विजय केसरी



**स्वाधीनता** आंदोलन के शिखर पुरुष, संविधान सभा के सदस्य , लोकसभा में पृथक झारखंड के पहले उदघोषक, हजारीबाग के प्रथम सांसद, गौ सेवक,समाजसेवी, ग्राम सभा के पक्षकार बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन भारत की आजादी, देश की आजादी के बाद आजादी की रक्षा, समाजोत्थान को समर्पित रहा था। वे आजादी के पक्के दीवाने थे। आजादी उनके जीवन का मकसद बन चुका था । उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था। उनकी राजनीति का उद्देश्य सिर्फ देश हित था। सत्य और अहिंसा का प्रथम पाठ उन्होंने गांधीजी से ही सीखा था । इस धर्म का पालन उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक किया था। आज की बदली परिस्थिति में जहां राजनीति जाति आधारित बन चुकी है। वोट के लिए राजनीति का ध्रुवीकरण हो रहा है। नेताओं के कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क दिख रहा है। राजनीति से धीरे धीरे कर नैतिकता का लोप होता चला जा रहा है। इस विषम परिस्थिति में हम सबों को बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति से त्याग और बलिदान की सीख लेनी चाहिए। उनकी राजनीति समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास से जुड़ी हुई थी। आजादी का मतलब सिर्फ देश की संप्रभुता ही नहीं थी, बल्कि देश में निवास करने वाले हर एक व्यक्ति की संपूर्ण आजादी थी। उनकी राजनीति गांव और पंचायत से शुरू होकर जिला, प्रांत और केंद्र तक पहुंचती थी। वे महात्मा गांधी की तरह चाहते थे कि आजादी के बाद सबसे अधिक अधिकार ग्राम सभाओं को प्राप्त हो। उसके बाद राज्य को अधिकार प्राप्त हो। इसके बाद केंद्र को अधिकार प्राप्त हो। जबकि देश की आजादी के बाद इस विचारधारा पर देश चला ही नहीं। देश में एक अलग व्यवस्था काम में हुई। उन्होंने संविधान सभा की बैठक में पुरजोर तरीके से ग्राम सभाओं को सबसे अधिक अधिकार दिये जाने की बात कही थी। क्रमशः प्रांत और केंद्र को ग्राम सभाओं से कम अधिकार मिले। लेकिन उनकी बातों को नहीं माना गया था। अगर देश उनके विचारधारा पर चला होता तब आज आजादी के 76 वर्ष बीत भी जाने के बाद भी देश के गांवों की स्थिति में बहुत कुछ फर्क नहीं दिख रहें हैं। विकास सिर्फ शहरों तक ही सिमट कर रह गया है। देश की आजादी के संघर्ष बाबू राम नारायण सिंह आठ बार जेल गए थे। वे लगभग 10 वर्षों तक जेल में बंद रहे थे। उनकी जेल यात्रा 1920 से शुरू हुई थी। वे अंतिम बार 1942 में गिरफ्तार हुए और 1944 में रिहा कर दिये गये थे। वे झारखंड के पहले सांसद रहे, जिन्होंने लोकसभा में पृथक झारखंड के लिए 16 अगस्त 1956 को यादगार भाषण किया था। इस बात का जिक्र झारखंड के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार, लेखक बलबीर दत्त ने अपनी पुस्तक 'कहानी झारखंड आंदोलन की' में जिक्र भी किया है। वे गायों के संरक्षण और संवर्धन चाहते थे। गाय को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पशु मानते थे। वे देश भर में गायों की हो रही हत्या के प्रबल विरोधी थे। 1956 में उन्होंने गौ हत्या के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के मथुरा में भाषण दिया था। उनके भाषण का ऐसा असर हुआ कि मथुरा पुलिस ने 19 जनवरी 1956 को चतरा जिले के दंतार ग्राम से उन्हें गिरफ्तार कर मथुरा के जेल में डाल दिया था। उस समय देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी पर जवाहरलाल नेहरू विराजमान थे। बाबू राम नारायण सिंह की गिरफ्तारी की बात जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के पास पहुंची तब उन्होंने एक पत्र बाबूराम नारायण सिंह को लिखा। डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रयास से 31 मई 1956 को बाबू राम नारायण सिंह को जेल से रिहा कर दिया गया। देश की आजादी के बाद स्वाधीनता की रक्षा एवं समाज सेवा से आजीवन जुड़े रहे थे।

**आज की बदली परिस्थिति में जहां राजनीति जाति आधारित बन चुकी है। वोट के लिए राजनीति का ध्रुवीकरण हो रहा है। नेताओं के कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क दिख रहा है। राजनीति से धीरे धीरे कर नैतिकता का लोप होता चला जा रहा है। इस विषम परिस्थिति में हम सबों को बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति से त्याग और बलिदान की सीख लेनी चाहिए। उनकी राजनीति समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास से जुड़ी हुई थी। आजादी का मतलब सिर्फ देश की संप्रभुता ही नहीं थी, बल्कि देश में निवास करने वाले हर एक व्यक्ति की संपूर्ण आजादी थी। उनकी राजनीति गांव और पंचायत से शुरू होकर जिला, प्रांत और केंद्र तक पहुंचती थी। वे महात्मा गांधी की तरह चाहते थे कि आजादी के बाद सबसे अधिक अधिकार ग्राम सभाओं को प्राप्त हो। उसके बाद राज्य को अधिकार प्राप्त हो। इसके बाद केंद्र को अधिकार प्राप्त हो। जबकि देश की आजादी के बाद इस विचारधारा पर देश चला ही नहीं। देश में एक अलग व्यवस्था काम में हुई। उन्होंने संविधान सभा की बैठक में पुरजोर तरीके से ग्राम सभाओं को सबसे अधिक अधिकार दिये जाने की बात कही थी। क्रमशः प्रांत और केंद्र को ग्राम सभाओं से कम अधिकार मिले। लेकिन उनकी बातों को नहीं माना गया था। अगर देश उनके विचारधारा पर चला होता तब आज आजादी के 76 वर्ष बीत भी जाने के बाद भी देश के गांवों की स्थिति में बहुत कुछ फर्क नहीं दिख रहें हैं। विकास सिर्फ शहरों तक ही सिमट कर रह गया है।**

## आप की बात

### झारखंड में सर्दी का सितम

**रांची** के आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को कड़ाके के सर्दी रही। कांके का न्यूनतम पारा 4.0 डिग्री दर्ज किया गया। यहां 1.6 किमी की रफ्तार से सर्द हवा चली। मैकलुस्कीगंज का तापमान पांच डिग्री रहा। रांची के आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को कड़ाके के सर्दी रही। कांके का न्यूनतम पारा 4.0 डिग्री दर्ज किया गया। यहां 1.6 किमी की रफ्तार से सर्द हवा चली। मैकलुस्कीगंज का तापमान पांच डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में सोमवार से मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान है। अगले 24 घंटे में दक्षिणी-पूर्वी हवा चलने के आसार हैं। आसमान में हल्के बादल छाएंगे, जिससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि की संभावना है। सुबह व रात की कनकनी से राहत मिलने की उम्मीद है। 19 दिसंबर तक ये आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन इसके बाद इनके छंटने की उम्मीद है। बादल छाने से अधिकतम तापमान में कमी आयेगी। इससे दिन में ठंड बढ़ेगी। आसमान साफ होने के बाद न्यूनतम पारा नीचे आयेगा और फिर से कनकनी बढ़ेगी। चतरा व खूंटी जिले में न्यूनतम पारा 6.2 डिग्री तक नीचे गिर गया है। अधिकांश स्थानों पर सुबह में कुहासा छाया रहा। रांची में इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में जमशेदपुर, देवघर, पाकुड़, साहिबगंज समेत कुछ जिलों को छोड़कर अधिकांश शहरों का न्यूनतम पारा 10.0 डिग्री के नीचे है।

**- अनिल कुमार डालटनगंज**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

प्रकृति

# अमेरिकी केन्द्रीय बैंक के फैसले से भारतीय शेयर बाजारों में तेजी



किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तर पर एक कहावत अमेरिकी केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) ने पूरी तरह सच्चा साबित कर दियाकि अमेरिका शींक्ता भी है, तो पूरी दुनियां में सर्दी लग जाती है। हुआ यूं कि देर रात्रि को फेडरल रिजर्व ने एक बैठक में ब्याज दरों को स्थिर रखना, यानी कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया जिस पर पूरी दुनियां की नजरें लगी हुई थी! बस फिर क्या था फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का निर्णय आते ही पूरी दुनियां का शेयर बाजार जगत झूम उठा। शेयरों के भाव ऊंचाइयों तक चले गये भारतीय सेंसेक्स व निफ़्टी भी नई ऊंचाइयों को छूनें लगा और तूफानी तेजी देखने को मिली जो कि अभी भी शुरू है इसीलिए ही आज भी कहा जाता है कि केंद्रीय मौद्रिक नीति उपकरण व ब्याज दरों पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फसलों से वित्तीय बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है चूंकि एफओएमसी के फैसले से भारत का सेंसेक्स हजार से अधिक युवा उछल गया, रिकॉर्ड ऊंचाइयों तक पहुंच गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाइयों को छू गया है, यानी अमेरिकी केंद्रीय बैंक के फैसले से भारतीय शेयर बाजारों में तूफानी तेजी देखने को मिली। साथियों बात अगर हम एफओएमसी के निर्णय के प्रभाव की करें तो, फेडरल रिजर्व ने एफओएमसी की बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और इनको 5.25-5.50 फीसदी पर स्थिर रखा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की ब्याज दरें निर्धारित करने वाली फेडरल ओपन मार्केट कमिटी के इस फैसले से दुनियाभर के बाजारों को राहत मिली है। फेड चेयरमैन ने ब्याज दरों को यथावत रखते हुए इन्हें 22 साल की ऊंचाई पर बरकरार रखा है। एफओएमसी की दो दिन चली बैठक के बाद यूएस फेडरल रिजर्व चेयरमैन ने साल 2023 की आखिरी रेट बैठक में बेंचमार्क इंटरेस्ट रेट को 5.25-5.50 फीसदी पर रखा है।

**बात अगर हम एफओएमसी के निर्णय के प्रभाव की करें तो, फेडरल रिजर्व ने एफओएमसी की बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और इनको 5.25-5.50 फीसदी पर स्थिर रखा है।**



बोधि वृक्ष

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

**कुछ** सभ्य होते हैं, वे कहते हैं कि किसने देखा है, गधे बनते हैं? फिर उनको बताया जाता है कि सब संत तथा ग्रन्थ बताते हैं कि भक्ति नहीं करोगे तो गधे बनोगे। तो अधिकतर कहते हैं कि देखा जायेगा। उनसे निवेदन है कि मृत्यु के पश्चात गधा बनने के बाद आप क्या देखोगे, फिर तो कुम्हार देखेगा कि आपके के साथ कैसा बर्ताव करना है? देखना है तो वर्तमान में देखो। इसी तरह, जो शराब पीते हैं, वे छोड़ना नहीं चाहते क्योंकि वे उस गतिविधि में आनंद लेते हैं। वास्तविकता यह है कि इसी प्रकार ब्रह्मा, विष्णु और शिव भी अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद मरेंगे और 84 लाख योनियों में जायेंगे। ब्रह्म-काल तथा प्रकृति देवी के संयोग से (अष्टंगी) नई योग्य महान आत्माओं का जन्म होगा। तब उन्हें तीन लोकों (स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल लोक) का दायित्व प्रदान किया जायेगा। रजगुण-ब्रह्मा सृष्टि रचना करते हैं, सतगुण-विष्णु पालन करते हैं और तमगुण-शिव संहार करते हैं। इसका प्रमाण गीता प्रेस गोरखपुर, गोविंद भवन कार्यालय, कोलकाता का संस्थान, द्वारा प्रकाशित और प्रिंटर संचित मार्कण्डेय पुराण में पृष्ठ 123 प्रदान किया गया है। मार्कण्डेय जी ने कहा 'रजोगुण प्रधान ब्रह्मा, तमोगुण प्रधान रुद्र (शिव) और सतोगुण प्रधान विष्णु इस दुनिया के पालनकर्ता हैं। ये तीन देवता और तीन गुण (गुण) हैं'। चूँकि ब्रह्म-काल को प्रतिदिन एक लाख मानवधारी सूक्ष्म शरीरों का मैल खाने का श्राप लगा हुआ है; इसीलिए उसके तीन पुत्रों को उसके लिए भोजन की व्यवस्था करनी पड़ती है और जन्म और पुर्नजन्म की यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



## X-से

ना पैसा लगता है और
ना कोई खर्चा होता है,
मुस्कुराया कीजिये
बड़ा अच्छा लगता है

# सनातन हिन्दू संस्कृतिः गाय के गोबर से आकाश में उड़ते रॉकेट



डॉ. मयंक चतुर्वेदी


**भारत** की ऋषि और ज्ञान परम्परा में गाय का सदा से महत्व बताया जाता रहा है, ऋग्वेदकालीन समाज से लेकर सनातन हिन्दू धर्म में आज का आधुनिक समाज ही क्यों न हो, गाय को एक माता के रूप में पूज रहा है। गाय के बारे में अनेक मंत्र, श्लोक भी मिल जाते हैं जोकि उसके प्रत्येक तत्व (दूध, घी, दही, मक्खन, मूत्र, गोबर) तक को पवित्र मानकर उसके विविध प्रकार से मनुष्य जीवन में व्यवहार करने की आज्ञा देते हैं। किंतु इस विचार के विपरीत भी कुछ जन हैं जिन्हें गाय सदैव से अन्य पशुओं के समान ही नजर आती रही है और उसकी कोई विशेषता उन्हें दिखाई नहीं देती बल्कि जो उसके लिए श्रद्धा भाव रखते हैं, ऐसे लोगों को ये जन मूर्ख, जड़वत और घोर अंधकारवादी नजर आते हैं। अभी हमने देखा भी कि एक संसद सदस्य ने कैसे गाय के प्रति श्रद्धा रखनेवालों का खुले में मजाक बनाया! चलिए, गाय और उसके प्रति सम्मान भाव रखनेवालों से जिन्हें घृणा करनी है वे घृणा करते रहें, किंतु उनके लिए भी जो समझने वाला सच है कि वह यह है कि जो गाय को एक आम पशु से अधिक कुछ नहीं समझते हैं, उन्हें भी यह जान लेना चाहिए कि गाय विशेष जानवर है, तभी भारतीय प्रज्ञा उसके प्रति सदियों से सम्मान का भाव रखती आई है। अब इसके एक नहीं अनेक वैज्ञानिक प्रमाण भी मिल रहे हैं । वस्तुतः आज के वैज्ञानिक युग में विज्ञान भी इस बात को स्वीकार्य करने के लिए बाध्य हुआ है कि गाय आखिर इतनी विशेष क्यों है! क्यों भारतीय ज्ञान परम्परा में इसके प्रति अब तक इतनी श्रद्धा रखी जाती रही है! जब ये खबर आई कि ''गाय के गोबर से अंतरिक्ष की उड़ान भरेगा रॉकेट'' तब जरूर कई लोग अचंभित हुए होंगे। किंतु जिस तरह से रॉकेट इंजन में एलबीएम यानी कि तरल बायोमीथेन के सफल प्रयोग का प्रयोग सामने आया है उसने उन लोगों के मुंह जरूर बंद किये हैं जोकि गाय को लेकर हिन्दू संस्कृति पर आघात एवं व्यंग्य करने का प्रयास करते रहे हैं। जापान में इंजीनियरों ने गाय के गोबर से प्राप्त तरल मीथेन गैस से संचालित एक नये किस्म के रॉकेट इंजन का परीक्षण किया है, जो अधिक टिकाऊ प्रणोदक के विकास की ओर ले जा सकता है।

**वस्तुतः आज के वैज्ञानिक युग में विज्ञान भी इस बात को स्वीकार्य करने के लिए बाध्य हुआ है कि गाय आखिर इतनी विशेष क्यों है! क्यों भारतीय ज्ञान परम्परा में इसके प्रति अब तक इतनी श्रद्धा रखी जाती रही है!**

## टेक वर्ल्ड

### अब चांद पर घर बनाने का सपन होगा पूरा

**चंद्रमा** पर दुनिया भर की स्पेस एजेंसियां अपने मिशन भेजना चाहती हैं। अमेरिका अंतरिक्ष एजेंसी नासा दावा करती है कि उसने बरसों पहले इंसान को चांद पर पहुंचा दिया था। दुनिया भर की स्पेस एजेंसियां चंद्रमा पर अपने मिशन भेजना चाहती हैं। अमेरिका अंतरिक्ष एजेंसी नासा दावा करती है कि उसने बरसों पहले इंसान को चांद पर पहुंचा दिया था। बाकी स्पेस एजेंसियों से एक कदम आगे रहते हुए नासा की योजना चंद्रमा पर घर बनाने की है। नासा अब चांद पर लंबे वक्त तक रुकना चाहती है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस मुद्दे पर आधा दर्जन से ज्यादा साइंटिस्टों से बात की। जिसके बाद उनका मानना है कि चांद पर स्ट्रक्चर बनाने का लक्ष्य साल 2040 तक हासिल किया जा सकता है। इस काम में एक 3D प्रिंटर की मदद ली जायेगी। वहीं रिपोर्ट में कहा गया है कि 3D प्रिंटर चंद्रमा की गड्ढे वाली सतह की ऊपरी परत से रॉक चिप्स और खनिज टुकड़ों से बने कंक्रीट का इस्तेमाल करेगा। नासा की डायरेक्टर ऑफ टेक्नॉलजी मैच्युरेशन निकी वेरखाइजर के हवासे से रिपोर्ट में लिखा गया है कि हम निर्णायक मोड़ पर हैं और कुछ मायनों में सपने जैसा लगता है। मनू मिशन के लिए नासा यूनिवर्सिटीज और प्राइवेट कंपनियों के साथ साझेदारी कर रहा है। वेस्खाइजर ने कहा कि हमें सही समय में सभी लोग मिले हैं। मुझे लगता है कि हम अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे। अगर हमने अपनी क्षमताओं को डेवलप कर लिया तो ये काम संभव बनाया जा सकता है। साथ ही नासा की योजना अगले साल ही चांद पर एक 3D प्रिंटर भेजने की भी है। फिलहाल इसकी टेस्टिंग की जा रही है सब कुछ ठीक रहा तो फरवरी में इसे रवाना भी कर दिया जायेगा। नासा ने चंद्रमा के लिए आर्टिमिस मिशन को तैयार किया है। इसका पहला भाग सफल रहा है। **- कुसुम**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बिहार की हवा में घुलता जा रहा जहर, 14 जिलों में स्थिति खराब

**पूर्णिया।** बिहार में बढ़ती ठंड के साथ-साथ राज्य की हवा भी खराब हो चुकी है। कई जिलों में प्रदूषण युक्त हवा चल रही हैं। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण की रिपोर्ट के अनुसार, आज सुबह 7 बजे राजधानी पटना सहित प्रदेश के 14 जिलों की हवा में प्रदूषण का जहर फैला दिखाई दिया। इस प्रदूषण युक्त हवा की वजह से सांस लेने संबंधी बीमारियां होने लगी है। राज्य के 14 जिलों में सबसे अधिक पूर्णिया जिले की स्थिति ज्यादा खराब है। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 419 दर्ज किया गया। प्रदूषण विभाग के अनुसार 400 से ऊपर एक्यूआई वाले इलाकों में स्वस्थ व्यक्ति को भी सावधान रहने की जरूरत है। इन जिलों के लोगों को प्रदूषण से बचाव की उचित सलाह दी जाती है।

### डॉ. रमन सिंह ने विस अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किया नामांकन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता रमन सिंह ने कहा कि आज मैंने नामांकन दाखिल किया है। मैं पक्ष और विपक्ष दोनों को धन्यवाद देता हूं। हम नई जिम्मेदारी की ओर बढ़ रहे हैं। मुझे इस पवित्र सदन और पूरे छत्तीसगढ़ के 90 विधायकों के संरक्षण का दायित्व मिलने जा रहा है। मैं सभी को धन्यवाद दूंगा। मेरी कोशिश रहेगी की बेहतर ढंग से विधानसभा का संचालन हो और सारे मुद्दे राज्य के हित के लिए उठें। सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास रहेगा।

### यूपी की सभी 80 सीटें जीतेगा इंडिया गठबंधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए भाजपा को उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हरायेगी। भाजपा हटेगी तो देश खुशहाली के रास्ते पर जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी और पीडीए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के खिलाफध षडयंत्रकारी रणनीति बनाने में जुटी है। हमें भाजपा की चालों से सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक सदभाव को खत्म कर रही है। उसने बांटो और राज करो की नीति अंग्रेजों से सीखी है। समाज में नफरत फैलाना भाजपा का एजेंडा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के बिना समाज में न सदभाव रहेगा और न विकास का रास्ता प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय हुए कामों का ही भाजपा उदघाटन और शिलान्यास कर उन पर अपने नाम का ठप्पा लगाने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए भाजपा को हटाना जरूरी है, तभी डॉ. भीमराव अम्बेडकर का संविधान बच सकेगा।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से सर्द हवा ने बढ़ाई ठंढ, दिन में धूप भी बेअसर



**एजेंसी। गोरखपुर**

मौसम विभाग के अनुसार अभी चार-पांच दिन ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। शनिवार को धूप निकलने के साथ सर्द हवा चलती रहीं। धूप में खड़े होने पर कुछ राहत थी। बफीर्ली हवा के चलते पूरे दिन गलन बरकरार रहा। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते सर्द हवा ने ठंड बढ़ा दिया है। आठ से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली सर्द हवा के चलते दिन में निकली धूप भी बेअसर साबित हो रही थी। शनिवार को न्यूनतम तापमान के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी चार-पांच दिन ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। शनिवार को धूप निकलने के साथ सर्द हवा चलती रहीं। धूप में खड़े होने पर कुछ राहत थी। बफीर्ली हवा के चलते पूरे दिन गलन बरकरार रहा। दिन का अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम वैज्ञानिक शफीक सिद्दीकी ने बताया कि एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है। इसका असर 19 दिसंबर तक बने रहने की संभावना है।

**ठंड में यह उपाय जरूर करें**

- हमेशा गर्म कपड़े पहनें, कान को ठीक से ढक कर रखें।
- खुद को साफ रखें और आसपास भी स्वच्छता बनाकर रखें।
- ज्यादा ठंडे पानी के सेवन से बचें, हो सके तो गर्म पानी पीएं, इससे कई फायदे मिलेंगे।
- गुनगुने पानी से ही स्नान करें।
- ठंड में मौसमी फलों का सेवन जरूर करें।
- समय पर खाना खाएं और अच्छी नींद जरूर लें।
- बच्चों को हमेशा गर्म कपड़े पहनाकर रखें और पांव में मोजे पहनाएं।

डॉ. आलोक ओझा ने बताया कि बदलते मौसम में लोग बिस्तर से तुरंत उठते ही बाहर चले जाते हैं, योग करने लग जाते हैं। एकदम से गर्मी से ठंडे में जाना ही लोगों को बीमार बनाता है।

### नेपाल-बिहार से आते हैं भक्त, योगी ने दिए सुरक्षा के प्रबंध के निर्देश

**गोरखपुर।** गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नव वर्ष के पहले दिन से ही मंदिर में भारी संख्या में लोग आने लगते हैं। नेपाल एवं बिहार से भी लोग खिचड़ी चढ़ाने आते हैं, इसलिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध हो। किसी से दुर्व्यवहार न होने पाए। इसके दृष्टिगत भीड़ को नियंत्रित करने तथा जाम आदि न लगने पाए इसके लिए लिए पुलिस-प्रशासन व्यवस्था करे। यह सुनिश्चित करें कि वाहन पार्किंग स्थल में खड़े हों और वाहन स्टैंड पर प्रकाश, सुरक्षा, अलाव, सीसीटीवी एवं साफ-सफाई के इंतजाम हों। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस की व्यवस्था कराएं। हर जगह सीसीटीवी कैमरा लगाएं और सफाई की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। कराये। नगर निगम, मेला क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराए और पर्याप्त संख्या में अलाव जलवाएं। गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा पीडब्लूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग सड़कों को ठीक कराएं। टेलीफोन विभाग मेला के दौरान टेलीफोन के अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराएं। बिजली विभाग मोहल्लों के जर्जर तारों एवं पोल ठीक करवा लें।

### राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाने के लिए वॉशिंगटन के उपनगर में निकाली रैली



**नई दिल्ली/ वाशिंगटन।** 'विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका डीसी' इकाई के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा कि हिंदुओं के 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन (मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) किया जा रहा है। हम इसी खुशी में अगले साल 20 जनवरी को लगभग 1,000 अमेरिकी हिंदू परिवारों के साथ वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक उत्सव आयोजित कर रहे हैं। जिसे लेकर यहां हिन्दु भाईयों ने एक रैली निकालकर खुशी जाहिर की है। बताया गया कि उत्सव में राम लीला आयोजित की जाएगी, श्री राम की कथाएं सुनाई जाएंगी, श्री राम की पूजा की जाएगी, भगवान श्री राम एवं उनके परिवार के लिए भजन गाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में अलग-अलग आयुवर्ग के लोग भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित लगभग 45 मिनट की ऐसी प्रस्तुति देंगे जो अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को समझ आ सके। सह-आयोजक और एक स्थानीय तमिल हिंदू नेता प्रेमकुमार स्वामीनाथन ने तमिल भाषा में भगवान श्री राम की स्तुति की और अमेरिका में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्सव में सभी परिवारों को आमंत्रित किया।

### गाजियाबाद के डासना जेल में एचआईवी पॉजिटिव मिले सात कैदी, पांच दर्जन से अधिक हेपेटाइटिस के भी मरीज

**गाजियाबाद।** जिला कारागार गाजियाबाद में तकरीबन 4000 बंदियों की मेडिकल स्क्रीनिंग कराई गई। मेडिकल स्क्रीनिंग के दौरान विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई। मेडिकल स्क्रीनिंग के दौरान बंदियों में एचआईवी, हेपेटाइटिस सी और हेपेटाइटिस बी की पुष्टि हुई है।
जेल अधीक्षक के आलोक सिंह के मुताबिक, उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रदेश की सभी कारागारों में मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया था। मेडिकल कैंप में जेल में बंद बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। मेडिकल स्क्रीनिंग में डासना जेल में बंद करीब 4000 बंदियों में 7 में एचआईवी पॉजिटिव, 49 मरीज हेपेटाइटिस सी, जबकि 18 मरीज हेपेटाइटिस बी के लक्षण पाए गए हैं। फिलहाल, जेल प्रशासन द्वारा पॉजिटिव मिले बंदियों को पर्याप्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

### प्रेमिका के साथ आए युवक ने की अधेड़ की हत्या

**फरुर्खाबाद।** उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां एक प्रेमिका के साथ आए युवक ने देर रात अधेड़ की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी के हमले में एक महिला भी घायल हुई है। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। फतेहगढ़ कोतवाली इलाके के मोहल्ला भोलेपुर क्रॉसिंग के पास यह वारदात हुई। दरअसल, बीती रात महिला ज्योति शर्मा के घर उसकी बेटी की सहेली नाई नूर रुकने के लिए आई थी। इस दौरान बेटी की सहेली ने महिला को बॉयफ्रेंड के आने की भी जानकारी दी। घायल महिला ने बताया कि उसके घर में ही परचून और कपड़े की दुकान है। उसका भाई पप्पू शर्मा अविवाहित था, उसने घर में ही परचून की दुकान करा दी थी। रात में घर रुकी युवती के बॉयफ्रेंड ने मसाला मांगा, जब हम उठकर मसाला देने गए तो उसने मेरे गले में फांसी लगाने के लिए मफलर डालकर कश दिया। किसी तरह चीख-चिल्ला पर भाई पप्पू शर्मा से बचाने के लिए आवाज लगाई और दरवाजा खोलकर करके बाहर भागी। घायल महिला ने बताया युवक के हाथ में चाकू था, उसने मेरे गले में चाकू मार दिया। बचाने आए भाई का युवक ने चाकू से गला रेत दिया और उसके ऊपर चाकू से कई ताबड़तोड़ बार किए, जिसके बाद युवक मौके से भाग गया।

### फैक्टरी का भंडाफोड़ लोकसभा चुनाव के लिए मिला था ऑर्डर

**मेरठ।** मेरठ में एसटीएफ की टीम ने लिसाड़ी गेट पुलिस के साथ लिसाड़ी गेट फतेहउल्लापुर रोड न्यू लक्खीपुरा गली नंबर 24 में छापा मारकर अवैध पिस्टल बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। एसटीएफ के एसपी ब्रजेश सिंह ने बताया कि इस दौरान तौसीफ (55) और उसके बेटे मईनुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। मौके से दो पिस्टल, चार मैगजीन और हथियार बनाने के उपकरण, स्कूटी और दो मोबाइल बरामद किए। पूछताछ करने पर तौसीफ ने बताया कि एक वर्ष से पिस्टल बनाकर तैयार कर रहा है। बेटे मईनुद्दीन व्हाट्एसप के जरिए डीलरों को पिस्टल के फोटो भेज देता है। पिस्टल 30 से 40 हजार रुपये में बेची जा रही थी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े पैमाने पर पिस्टल बनाने का ऑर्डर मिला था। पुलिस उन तीनों डीलरों की तलाश में जुट गई है। एसपी सिटी पीयूष सिंह ने बताया कि एसटीएफ व पुलिस टीम ने हथियार तैयार करने वाले पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है।

उप राष्ट्रपति ने किया अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन

# दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा भारत : जगदीप धनखड़




**एजेंसी। लखनऊ**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ के राजाजीपुरम में आयोजित अटल स्वास्थ्य मेले का रविवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनने जा रहा है। आज अटल जी होते तो वह देख पाते कि भारत आज दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था है। आज दुनिया हमारा लोहा मान रही है। आने वाले पांच साल में जापान और जर्मनी को हम पीछे छोड़ देंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि अटल जी बहुत याद आते हैं। अटल जी सिद्धांतों पर अटल रहे। मैं जब केंद्र में मंत्री था, मुझे यूरोप की संसद में जाने का अवसर मिला। मुझे 15 दिनों तक अटल जी का सानिध्य मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक पास कराकर महिलाओं को न्याय देने का काम किया। इस कदम से दुनिया आश्चर्यचकित है। अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई प्रतिनिधित्व मिलेगा। यह बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम है। यह आरक्षण सामाजिक न्याय का प्रतीक है। धनखड़ ने कहा कि आज की जो शासन व्यवस्था है उसकी प्राथमिकता में स्वास्थ्य है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया। उसका महत्व आज लोगों को समझ में आ रहा है। हम स्वस्थ रहें, यह बहुत आवश्यक है। आपके अंदर कितनी भी प्रतिभा हो अगर आप स्वस्थ नहीं रहेंगे तो कुछ कर नहीं पाएंगे। स्वस्थ जीवन ही जीवन है। आपको खुश रहना है तो स्वस्थ रहें। आयुष्मान भारत, हर घर में शौचालय की सोच हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। भारत जैसे विशाल देश में क्या हर घर में शौचालय हो पाएगा। अटल जी का सपना आज पूरा किया जा रहा है। अटल जी कहते थे कि दो विधान, दो निशान नहीं चलेंगे। आज अनुच्छेद 370 इतिहास हो चुका है। अन्य सभी समस्याएं हल हो रही हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया को दिशा दे रहा है।

# सोलर एक्सक्लूसिव कंपनी में हुआ ब्लास्ट, अबतक सात लोगों की मौत



**घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों की मान्य तो यह सोलर कंपनी नागपुर की अमरावती रोड पर बनी हुई है**

**एजेंसी। नागपुर**

माना जा रहा है कि ब्लास्ट बेहद गंभीर है और हादसे में मरने वालों की तादाद में इजाफा हो सकता है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक मरने वालों में चार महिलाएं और तीन पुरुष शामिल है, जबकि हादसे में तीन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। यह जानकारी एसपी नागपुर ग्रामीण हर्ष पोद्दार ने साझा की है। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों की मान्य तो यह सोलर कंपनी नागपुर की अमरावती रोड पर बनी हुई है। माना जा रहा है कि हादसा रविवार की सुबह नौ बजे के समय हुआ जब एक्सप्लोसिव को पैक किए जाने का काम किया जा रहा था। चश्मदीदों की माने तो ब्लास्ट बहुत तेज था और इस ब्लास्ट में कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ब्लास्ट में अब तक सात लोगों की मौत की खबर है और तीन लोग घायल है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विस्फोट सुबह नौ बजे बाजारगांव इलाके में सोलर इंडस्ट्रीज की कास्ट बूस्टर इकाई में हुआ। उन्होंने बताया कि कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक जब धमाका सुबह हुआ तो उस समय यूनिट में कुल 12 कर्मचारी उपस्थित ते। विस्फोट फर्म के कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ है। अब तक ये जानकारी सामने नहीं आई है कि ब्लास्ट क्यों हुआ था और इसका कारण क्या था।

### इंस्टाग्राम पर लड़की बन युवक से की दोस्ती, फिर किया ब्लैकमेल

**फरीदाबाद।** इंस्टाग्राम पर लडकी के नाम पर झूठ आईडी बनाकर युवक से दोस्ती करके उसे मर्डर केस में फंसाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को रविवार को साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को सूरजपुर, गौतम बुद्धनगर उतरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिलशाद हुसैन उर्फ दिल्लू उर्फ कादर बिहार गोपाल गंज जिले के गांव कपुरचिक का रहने वाला है। वर्तमान में गांव सुरजपुर गौतम बुद्धनगर में रह रहा है। 22 सितंबर को इंस्टाग्राम पर शिकायतकर्ता कमल के पास अंजली नाम की लड़की की फ्रैंड रिक्वट आई। जिस पर कमल की लडकी बनी आरोपी से चैट होने लगी। करीब 5-7 दिन चैट होने पर आरोपी ने शिकार युवक से मिलने की बात कही और बताया कि वह हॉस्टल में रहती है।

# जदयू की रणनीति : गठबंधन में साथ साथ, लेकिन 'एकला चलो' की नीति



**जदयू अगले साल 2024 में 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में एक रैली का आयोजन करने वाली है**

**एजेंसी। पटना**

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अब अपनी रणनीति के तहत चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल प्रमुख घटक दल जदयू ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जदयू जहां आगामी कुछ दिनों में कई रैलियां आयोजित करने जा रही है, वहीं इसके नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपने प्रदेश से बाहर अन्य राज्यों में रैली कर जमीन की तलाश करने वाले हैं। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन इंडिया गठबंधन से अलग जदयू द्वारा किया जा रहा है, जिसमें केवल जदयू के नेता ही शामिल होंगे। इसमें कोई शक नहीं है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के विरोधी दलों को एकजुट करने और इंडिया गठबंधन में जदयू के नेता नीतीश कुमार की बड़ी भूमिका रही हैं। ऐसे में अब सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब इंडिया गठबंधन आकार ले चुका है तो फिर जदयू एकला चलो की रणनीति पर आगे क्यों बढ़ रही है। जदयू ने पटना के वेटनरी कॉलेज में 24 नवंबर को भीम संसद का आयोजन किया था। कहा जा रहा है कि इस रैली के जरिए जदयू ने दलित वोट बैंक को साधने की कोशिश की। इस रैली में भीड़ जुटने के बाद जदयू काफी उत्साहित है। माना तो यहां तक जा रहा है कि इस रैली का उद्देश्य जदयू को अपने सहयोगी दलों को अपनी ताकत का एहसास कराना भी था। जदयू के नेता नीतीश कुमार इसके बाद यूपी के वाराणसी में 24 दिसंबर को रैली करने वाले थे। यह रैली हालांकि फिलहाल रद्द कर दी गई है, लेकिन जदयू के नेताओं ने जल्द ही यूपी में रैली कराने की घोषणा की है। तमाम रैली इंडिया गठबंधन से अलग हैं। जदयू के नेता और प्रवक्ता नीरज कुमार कहते हैं कि जदयू गठबंधन में है, लेकिन सभी राजनीतिक दलों को अपना जनाधार बढ़ाने का हक है। जदयू भी अपने जनाधार को बढ़ाने में जुटी है। इसमें राजनीति खोजने और कोई अन्य अर्थ लगाने की जरूरत नहीं है।

# शिक्षा विभाग का नया फरमान बढ़ा रहा टीचर्स की टेंशन



**एजेंसी। पटना**

बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के एक फरमान से सरकारी स्कूलों के टीचर बेचैन नजर आ रहे है। दरअसल, केके पाठक एक सरकारी स्कूल की शिक्षक से कह रहे है कि अगर बच्चे शाम 5 बजे तक भी पढ़ना चाहते है तो आप उन्हें पढ़ाइए। इसके साथ ही बच्चों से कह रहे है कि आप पढ़े चाहे नहीं पढ़े लेकिन आपको स्कूल में 3:30 बजे तक रहना है भागना नहीं है। उनका ये बयान कैमरे में कैद हो गया है, जिससे बेचैन शिक्षक सोच में पड़ गए है कि क्या 5 बजे तक पढ़ाने का फरमान जारी होने वाला है। बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक शुक्रवार को वैशाली जिले के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने सरकारी स्कूलों का जायजा लिया कि स्कूलों को लेकर जो गाइडलाइन जारी की गई है उसका पालन हो रहा है या नहीं।
बच्चें स्कूलों में आ रहे या नहीं, शिक्षक समय पर आते है या नहीं, स्कूलों में पढ़ाई हो रही है या नहीं। निरक्षण के दौरान केके पाठक हाजीपुर के हंसतारगंज मध्य विद्यालय भी पहुंचे यहां उन्होंने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए।

# बिहार पुलिस सब इंस्पेक्टर के 1275 पदों के लिए 6.61 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



**एजेंसी। पटना**

बिहार पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का आयोजन सोमवार को किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में कुल 613 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 10:00 से 12:00 तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:30 से 4:30 तक होगी। आपको बता दें कि इससे पहले 1 अक्टूबर को दो शिफ्टों में बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। लेकिन केंद्रीय भर्ती चयन परिषद ने पेपर लीक होने के चलते दोनों शिफ्ट में हुई सिपाही भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया था।

**1275 पदों पर निकली है भर्ती :** बिहार पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का आयोजन 1275 पदों के लिए किया जा रहा है। इस परीक्षा में 6.61 लाख अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। आज अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्र के अंदर एडमिट कार्ड के साथ फोटोग्राफी होगी और बायोमेट्रिक लिया जाएगा। यदि परीक्षा में कोई किसी प्रकार की गड़बड़ी करते पाया जाता है तो उसे अगले तीन वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं से निलंबित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना है और परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले ही गेट बंद कर दिए जाएंगे। इस बार परीक्षा में काफी हाईटेक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। गड़बड़ी करने वाले बच नहीं पाएंगे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिसकी निगरानी कंट्रोल रूम से की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी को ई-एडमिट कार्ड के साथ अपना एक वैध फोटो पहचान-पत्र ले जाना होगा। आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस में से कुछ भी ले जा सकते हैं। अगर अभ्यर्थी के ई-प्रवेश पत्र पर फोटो साफ नहीं दिख रहा है तो उसे अपने साथ दो फोटो भी ले जाने होंगे। वो महीने से ज्यादा पुराने नहीं होने चाहिए। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में किसी भी तरह की कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या मोबाइल नहीं लेकर जा सकते है। पकड़े जाने पर जेल भेजा जा सकता है।

# उज्जैन महाकाल से संबंधित सौ वर्षों से भी पुराने अंधविश्वास को तोड़ा मुख्यमंत्री ने

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुख्यमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद पहली बार उज्जैन स्थित अपने निवास पर रात्रि विश्राम किया है। डॉ मोहन यादव का यह रात्रि विश्राम चर्चा का विषय बन गया है। क्योंकि उन्होंने एक वर्षों पुरानी परंपरा या मिथक को तोड़ दिया है जिस कारण वह चर्चा में आ गए हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर को लेकर एक मिथक है जो बीते कई वर्षों से चला रहा है जिसमें कहा जाता है कि कोई भी राजा उज्जैन में रात को नहीं रुक सकता। इस कारण देश का कोई भी नेता कभी भी उज्जैन में रात नहीं बीता सका है। इस मिथक के पीछे कारण बताया जाता है कि उज्जैन के राजा महाकाल है, और एक शहर में दो राजा एक साथ एक रात विश्राम नहीं कर सकते। वहीं अपने रात्रि विश्राम को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मैं भगवान महाकाल का बेटा हूं और मैं यहां रुक सकता हूं। उज्जैन में रात बिताकर उन्होंने वर्षों पुराने मिथक को तोड़ दिया है। बता दें कि वर्षों पुराने इस मित्र के पीछे कुछ कारण बताए जाते हैं इसका खुलासा खुद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया है। उन्होंने इस कहानी से जुड़ा एक वाक्या साझा करते हुए बताया कि सिंधिया महाराज को एक रणनीति के तहत अपनी राजधानी को ग्वालियर ले जाना था। हालांकि इस दौरान किसी तरह का आक्रमण ना हो और आक्रमण से बचने के लिए उन्होंने इस मिथक को गढ़ा था। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल तो सिर्फ उज्जैन नहीं बल्कि पूरे ब्रह्मांड के राजा है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें नुकसान करना होगा तो तो वह कहीं भी कर सकते हैं।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 57.550

चांदी (किलो) 78.500

## एक नजर

### लियोन का 500वां विकेट ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन से रौंदा

**पर्थ।** ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने दो विकेटों के साथ अपना 500वां विकेट हासिल किया और ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट के चौथे दिन रविवार को 360 रन के बड़े अंतर से रौंद दिया और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 233 रन पर घोषित कर पाकिस्तान के सामने 450 रन का लक्ष्य रखा। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में 30.2 ओवर में मात्र 89 रन पर ढेर हो गयी। पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने सर्वाधिक 24 रन बनाये जबकि अन्य बल्लेबाज विकेट पर टिकने का जज्बा नहीं दिखा सके। लियोन ने इसके साथ ही अपने 500 विकेट पूरे कर लिए। ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मार्श ने 90 और नाबाद 63 रन बनाये तथा एक विकेट भी हासिल किया।

### 2-3 टेस्ट मैचों की सीरीज बेहतर होती : हीथर नाइट

**मुंबई।** इंग्लैंड की महिला कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि अगर इस दौरे पर सिर्फ एक लाल गेंद के मैच के बजाय भारत के खिलाफ अधिक टेस्ट मैच होते तो उनकी टीम बेहतर गेंदबाजी करती, उन्होंने कहा कि तीन मैचों की टेस्ट सीरीज होती और उन्हें अपने विरोधियों के विरुद्ध परखने का बेहतर तरीका मिलता। इंग्लैंड की टीम को चार दिवसीय टेस्ट के ढाई दिन के भीतर भारत से 347 रन की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा, भारत के 428 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम दो पारियों में 136 और 131 रन पर आउट हो गई। नाइट ने कहा कि उन्होंने 2005 के बाद भारत में इंग्लैंड द्वारा खेले गए पहले टेस्ट से सबक सीखा है। हमारे पास दो तीन मैचों की श्रृंखला होती, तो मुझे लगता है इंग्लैंड की टीम ने इससे पहले टी20 सीरीज 2-1 से जीती थी। एक दर्जन टेस्ट मैचों की 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी, जो महिला क्रिकेट में लंबे प्रारूप में सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है।

### वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**रांची।** वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रविवार से डोरंडा उर्स मैदान में शुरू हुआ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कल 42 टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसमें कर भला तो हो भला की तरफ से दो टीम मैदान में उतारे गए हैं। जिसमें टाइगर-11 और कर भला तो हो भला का नाम शामिल है। इन दो टीमों का टी शर्ट विमोचन अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने किया। इस अवसर पर शमशेर आलम ने कहा कि इस तरह का टूर्नामेंट कराना अच्छी बात है। मौके पर दोनों टीमों के कप्तान और खिलाड़ी उपस्थित थे।

# टेस्ट में विकेटकीपिंग के लिए तैयार हैं राहुल, रिंकू खेल सकते हैं वनडे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हम वनडे में कैसा खेलना चाहते हैं, इसमें ज्यादा कुछ नहीं बदलेगा। लेकिन एक नये खिलाड़ी से आते ही यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह वही भूमिका निभाये जो रोहित शर्मा और विराट कोहली ने विश्व कप में निभायी थी। ध्यान अब टी20 विश्व कप है जो आने ही वाला है इसलिये ध्यान इसी पर लगा होगा। राहुल ने कहा, टेस्ट क्रिकेट हमेशा हमारे देश के लिए महत्वपूर्ण प्रारूप रहेगा। पर अभी भारतीय क्रिकेट टीम वनडे श्रृंखला पूरी करेगी जो बहुत ही मजबूत दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाफ है और हमारा ध्यान अभी इसी पर लगा है। केएल राहुल वनडे में विकेटकीपिंग जारी रखेंगे और उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में उन्हें स्टंप के पीछे की जिम्मेदारी उठाने के लिए कहा जाता है तो उन्हें इससे गुरेज नहीं होगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए ब्रेक लिया है जिसके बाद राहुल वनडे टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। इस स्टाइलिश दायें हाथ के बल्लेबाज ने संकेत दिए कि टी20 श्रृंखला में शानदार जज्बा और तकनीक दिखाने वाले रिंकू सिंह को वनडे पदार्पण का मौका दिया जा सकता है। यह पूछने पर कि क्या वह रविवार से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला में विकेटकीपिंग करेंगे तो राहुल ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, हां, मैं विकेटकीपिंग करूंगा और मध्यक्रम में बल्लेबाजी करूंगा। और इसके बाद टेस्ट मैचों में भी विकेटकीपिंग करने में खुशी होगी। राहुल ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में



कहा, मैं हमेशा नयी भूमिका निभाने के लिए और टीम जो भी भूमिका में मुझे प्रदर्शन करते हुए देखना चाहती हूं, उसके लिए तैयार रहा हूं। अगर प्रबंधन मुझे इसी भूमिका में देखना चाहता है तो मुझे इसमें खुशी होगी। उन्होंने साथ ही यह भी संकेत दिया कि फिलहाल संजू सैमसन को पांचवें नंबर के विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में देखा जा रहा है। हैमस्ट्रिंग चोट और फिर सर्जरी के कारण राहुल 2023 के ज्यादातर हिस्से में खेल से दूर रहे लेकिन अब बेंगलुरु का यह खिलाड़ी अब कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहता है। राहुल ने कहा, मैं देश के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच खेलना चाहता हूं। चोटों के कारण मैं कई मुकाबलों में नहीं खेल पाया इसलिये मैं ज्यादा से ज्यादा मैच खेलना चाहता हूं और मुझसे जिस भी भूमिका की उम्मीद है, वो निभाना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मेरे लिये टीम सबसे आगे है। यह टीम का खेल है तो आपको लचीला होना पड़ेगा और सामंजस्य बिठाना होगा। यह पूछने पर कि उत्तर प्रदेश और मध्य क्षेत्र के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले रिंकू सिंह को वनडे में पदार्पण का मौका मिलेगा या नहीं। इस पर उन्होंने कहा, हां, मुझे ऐसा लगता है। यह पूछने पर कि भविष्य में रिंकू पांचवें या छठे नंबर पर फिट होंगे तो राहुल ने कहा,उसने दिखाया है कि वह वाकई बहुत अच्छा खिलाड़ी है। हमने आईपीएल में उसे खेलते देखा कि उसमें कौशल है लेकिन उसने टी20 श्रृंखला में जो जज्बा दिखाया, दबाव में संयम दिखाया, वो देखना अच्छा रहा। मैंने उससे भी यह बात कही। राहुल ने कहा, वनडे प्रारूप में भी, उसने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के सभी प्रारूपों में प्रदर्शन किया इसलिये हां, उसे वनडे श्रृंखला में मौका मिलेगा। वह एक और बल्लेबाज बी साई सुदर्शन के बारे में भी बात करते हुए इतने ही उत्साहित थे जिनके भी इस श्रृंखला में सीनियर पदार्पण करने उम्मीद की जा रही है।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 सीरीज में कप्तानी करेंगे केन विलियमसन

**एजेंसी। नेपियर**

बांग्लादेश के खिलाफ 27 दिसंबर से शुरू होने वाली टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हो चुका है। साथ ही केन विलियमसन की कप्तान के रूप में वापसी हुई है। विलियमसन ने आखिरी बार नवंबर 2022 में भारत के खिलाफ टी20 मैच खेला था और वह घुटने की सर्जरी से उबरने के कारण इंग्लैंड में इस साल की श्रृंखला सहित प्रारूप में हालिया असाइनमेंट से चूक गए थे। विलियमसन के अलावा, जिमी नीशम और बेन सियर्स भी इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से चूकने के बाद टी20 टीम में लौट आए हैं। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के चयन पर विचार नहीं किया गया। इस साल भारी कार्यभार के बाद वह आराम की अवधि पर हैं। चोट के कारण माइकल ब्रेसवेल, लॉकी फर्ग्यूसन,



मैट हेनरी और हेनरी शिप्ले बाहर हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने श्रृंखला के लिए चयन के लिए खुद को बाहर रखा। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला अगले साल 4-30 जून तक वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए टीम की तैयारी की शुरूआत है।

## फिल साल्ट का शतक, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी। सेंट जॉर्ज**

सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने पहला नाबाद टी-20 शतक जमाया, जबकि युवा हैरी ब्रूक की छोटी लेकिन विस्फोटक पारी ने इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से बढ़त दिला दी। निकोलस पूरन ने 45 गेंदों में 82 रनों का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने जीत के लिए 223 रनों का बड़ा लक्ष्य इंग्लैंड के सामने रखा था। साल्ट ने सिर्फ 56 गेंदों में नाबाद 109 रन बनाए और 51 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने कप्तान जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ 11.2 ओवर में 115 रन जोड़े। बटलर और जैक के जल्दी आउट होने के बावजूद साल्ट क्रीज पर जमे रहे। फिर, लिविंगस्टोन (18 गेंदों पर 30) के साथ मिलकर दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 34 गेंदों पर 70 रन जोड़े। बाद में, ब्रुक ने आंद्रे रसेल के खिलाफ अंतिम ओवर में 24 रन बनाए और केवल सात गेंदों पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे और इंग्लैंड को एक गेंद शेष रहते हुए जीत दिलाई, जो इस प्रारूप में वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका सबसे सफल लक्ष्य भी है।

## वॉर्नर की शतकीय पारी के बावजूद अपनी बातों पर कायम जॉनसन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट की पहली पारी में सलामी बल्लेबाज के 164 रन बनाने के बावजूद वह अभी भी डेविड वार्नर पर अपने विचारों पर कायम हैं। मिचेल जॉनसन तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने कहा कि वार्नर पिछले तीन वर्षों में अपने खराब फॉर्म के कारण विदाई टेस्ट श्रृंखला के हकदार नहीं थे। साथ ही वो एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें 2018 केप टाउन सैंड पेपर गेट घोटाले में शामिल होने के कारण 12 महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

# मुंबई इंडियंस के कप्तान बने हार्दिक

**एजेंसी। मुंबई**

पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने टूर्नामेंट के 2024 सीजन के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को अपना नया कप्तान घोषित किया है। हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा की जगह ली है, जिन्होंने 10 सालों तक मुंबई इंडियंस की कमान संभाली है और पांच बार टीम को चैंपियन भी बनाया। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा कि हार्दिक को कप्तान बनाना भविष्य को ध्यान में रखते हुए 2024 आईपीएल सीजन से पहले उनके महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन का एक हिस्सा है। यह घोषणा 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल 2024 खिलाड़ी नीलामी से ठीक पहले हुई है। मुंबई इंडियंस के वैश्विक प्रदर्शन प्रमुख माहेला जयवर्धने ने कहा, ₹मुंबई इंडियंस को हमेशा सचिन से लेकर हरभजन और रिकी से लेकर रोहित तक शानदार कप्तान मिले। अब हार्दिक पांड्या आईपीएल 2024 सीजन के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालेंगे। हम रोहित शर्मा के नेतृत्व के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। 2013 से मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका कार्यकाल यादगार रहा है। हार्दिक ने अपने पहले सीजन में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 2023 में, हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उपविजेता रहे। आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीजन में गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। बाद में, रिटेंशन विंडो समाप्त होने के एक दिन बाद 25 नवंबर को मुंबई ने गुजरात से



## क्रिस्टल पैलेस ने मैन सिटी को 2-2 से ड्रा पर रोका

**मैनचेस्टर।** माइकल ओलीस की स्टॉपेज-टाइम पेनल्टी ने देर से वापसी करते हुए क्रिस्टल पैलेस को मैनचेस्टर सिटी से 2-2 से बराबरी दिला दी। क्रिस्टल पैलेस ने एतिहाद स्टेडियम में एक असाधारण देर से बदलाव पूरा किया, क्योंकि जीन-फिलिप मटेटा के गोल और माइकल ओलिसे के 97 वें मिनट की पेनल्टी ने क्रिस्टल पैलेस को 2-2 से ड्रा दिला दिया। सिटी, जो फिर से घायल एर्लिंग हालैंड के बिना था, चौथे स्थान पर है, रविवार को मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ रेड्स के घरेलू मैच से पहले लिवरपूल से तीन अंक पीछे है जबकि पैलेस 17 अंकों के साथ 15वें स्थान पर है।

# पाक कप्तान निदा डार न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर

**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**

पाकिस्तान की कप्तान निदा डार न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 दिसंबर को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में होने वाले तीसरे महिला वनडे मैच से बाहर हो गई हैं। अनुभवी ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर निदा के चेहरे पर 11 दिसंबर को क्वीन्सटाउन के जॉन डेविस ओवल में पहले वनडे के दौरान एक गेंद लगी थी और चोट के लक्षण विकसित होने के बाद उन्हें हेगले ओवल में दूसरा वनडे नहीं खेलना पड़ा था। पाकिस्तान क्रिकेट



बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि डॉक्टर और टीम फिजियो द्वारा मूल्यांकन के बाद निदा में पिछले दो दिनों में काफी सुधार हुआ है। बयान में कहा गया है, ₹हालाँकि, उन्हें चोट से उबरने के लिए अभी भी कुछ और समय की आवश्यकता है और खिलाड़ी की भलाई को ध्यान में रखते हुए, निदा को और आराम करने की सलाह दी गई है और इसलिए वह दौरे के अंतिम मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगी।

## व्यापार


# संकट के साल में भी चमका अदाणी ग्रुप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में शुमार गौतम अदाणी पर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा उनके बिजनेस समूह पर स्टॉक हेरफेर और अकाउंटिंग धोखाधड़ी के आरोप लगाने के बाद कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई। अदाणी ने आरोपों को नकारते हुए इसे भारत पर सोचा-समझा हमला बताया। लेकिन, अब इंफ्रास्ट्रक्चर किंग को बर्बाद करने की इस शॉर्ट-सेलर की नाकाम कोशिश, अदाणी ग्रुप के लिए वरदान साबित हो सकती है। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के आने के बाद बाजार लगभग धराशायी हो चुका था। इस हमले ने समूह की 9 सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्य में 150 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान पहुंचाया था। लेकिन, अगर जवाबों में कहीं उल्लंघन पाया गया तो उन पर सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) से जुमार्ने से थोड़ा अधिक लग सकता है। ऑल टाइम हाई पर कारोबार कर रहे भारतीय शेयरों को लेकर व्यापक उत्साह से रेगुलेटर की कमियां भी फिलहाल दूर हो गई हैं। अदाणी की कोलंबो बंदरगाह परियोजना में अमेरिकी सरकार का निवेश भी इस पर मुहर लगाता है। अदाणी बंदरगाहों और हवाईअड्डों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में भारत का सबसे बड़ा निजी ऑपरेटर है। रिन्यूएबल एनर्जी और ग्रीन हाइड्रोजन में उनका निवेश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को तेल आयात पर निर्भरता कम करने में मदद कर सकता है। हिंडनबर्ग की झूठी रिपोर्ट ने कम से कम समूह के बारे में मुंबई के वित्तीय हलकों में बेचैनी को काफी कम कर दिया है और इससे भारत की तरक्की की तस्वीर भी दिखने लगी। जब अदाणी समूह को साल की शुरूआत में एक अमेरिकी शॉर्ट-सेलर ने

### अदाणी ग्रुप का घाटा भी काफी हद तक कम

अब ना सिर्फ बाजार की रौनक लौट चुकी है, बल्कि, अदाणी ग्रुप का घाटा भी काफी हद तक कम होकर 64 अरब डॉलर पर आ गया। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर अभी भी 18% कम हैं। साथ ही 27 अरब डॉलर अदाणी पोर्ट्स और 24 अरब डॉलर अदाणी पावर जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से 36% और 89% ऊपर हैं। अदाणी ने संकट का भरपूर फायदा उठाया। निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए उन्होंने अपनी कुछ कंपनियों में जीक्यूजी और अबू धाबी समूह इंटरनेशनल होल्डिंग जैसे निवेशकों का स्वागत किया, जिससे समूह को काफी मदद मिली। अदाणी ने स्टॉक द्वारा समर्थित कर्ज का भी भुगतान किया,



उदाहरण के तौर पर अदाणी पोर्ट्स में सिर्फ 2.4% शेयर, सितंबर तिमाही तक गिरवी रहे और दिसंबर 2022 के आखिर में 17.3% से कम हैं। कैलकुलेट रिस्क ने समूह की तेजी से वृद्धि, लेवरेज और वैल्यूएशन का टेस्ट भी लिया। जबकि, शुद्ध कर्ज करीब 22 अरब डॉलर पर काफी हद तक अपरिवर्तित है। एबिटडा में कैश फ्लो की प्रॉक्सी बढ़ गयी है, जिससे कंसोलिडेटेड अनुपात 3.3 गुना से घटकर 2.5 गुना हो गया है। एलएसईजी डेटा के मुताबिक मार्किट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से चार सबसे बड़े बिजनेस की कमाई 89 और 202 गुना के बीच है।

## अमेजन पर होम शॉपिंग सेल शुरू, 70% तक की छूट

**रांची।** अपने घर को आरामदायक माहौल और क्रिसमस के उत सवी रनों से सराबोर करें। अमेजन.इन की होम शॉपिंग सरी के साथ इस बार सर्दियों में अपने घर को एक आरामदायक और आकर्षक स्थल के रूप में बदलें और हैवेल्स, लिवगार्ड, ल्यूमिनस आदि टॉप ब्राड्स के गीजर, रूम हीटर और अन्य जैसे सर्दियों की आवश्यक वस्तुओं पर शानदार ऑफर प्राप्त करें। अमेजन.इन पर विक्रेताओं की ओर से शानदार डील्ला के साथ उपलब्ध लोकप्रिय होस, किचन और आउटडोर उत्पादों और क्रिसमस उत्पादों पर टॉप ऑफर्स के साथ 70% तक की छूट मिल रही है। होम डेकोरेशन के लिए नैटिविटी क्रिस सेंट बैवी जीसस 60% तक की छूट, जिल्लामा केक मौला और अन्य 40 % तक, बैंकिंग टूल से और एप्लाएसेस 70% तक की छूट, क्रिसमस नाइटिसम पर 70% तक की छूट मिल रही है।

## ऊंचे मूल्यांकन व अल नीनों के कारण बाजार में करेक्शन संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा है कि ऊंचे मूल्यांकन, अल नीनो पर चिंता और विश्व जीडीपी में मंदी के कारण बाजार में निकट भविष्य में करेक्शन की संभावना है। उन्होंने कहा, घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों से सकारात्मक संकेतकों के कारण बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गया।

मजबूत घरेलू औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण पीएमआई के साथ-साथ भारत के जीडीपी पूर्वानुमान पर आरबीआई की सकारात्मक टिप्पणियों ने तेजी के रुझान में योगदान दिया। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट और 2024 में फेड द्वारा कई दरों में कटौती की संभावना ने बाजार में उम्मीद बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि निवेशकों ने विश्वास जताया है कि मौद्रिक नीति में सामान्यीकरण से सॉफ्ट लैंडिंग की उम्मीद करते हुए, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में



अमेरिकी आर्थिक विकास पर छाए बादल हट जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका से मांग बढ़ने, एआई-आधारित अवसरों के बारे में उम्मीदें और फेड द्वारा 2024 में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद में इस सप्ताह आईटी क्षेत्र में 7.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के अनुसंधान प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा है कि फेड द्वारा दरों को बरकरार रखने के फैसले से इक्विटी बाजार सभी सेक्टर और मार्केट कैप में बढ़ गया है। अगले साल दरों में कटौती की संभावना के कारण अमेरिकी बाजार सहित लगभग सभी बाजारों में तेजी आई है।

### बड़े ब्रांडों के कारण इलेक्ट्रॉनिक सामानों के एक मजबूत निर्यातक के रूप में उभरा भारत

# पीएलआई योजना रोजगार सृजन में गेम चेंजर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा मार्च 2020 में शुरू की गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना भारत के विनिर्माण क्षेत्र, रोजगार सृजन और निर्यात को बड़ा बढ़ावा देने में गेम चेंजर साबित हुई है। शीर्ष वैश्विक ब्रांडों एप्पल और सैमसंग के भारत निर्मित स्मार्टफोन के नेतृत्व में देश पहली बार इलेक्ट्रॉनिक सामानों के एक मजबूत निर्यातक के रूप में उभरा है।

पीएलआई योजना के कारण प्रमुख स्मार्टफोन कंपनियों ने अपने आपूर्तिकताओं को भारत में स्थानांतरित कर दिया है। इनमें ताइवान की दिग्गज कंपनी फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन शामिल हैं। औद्योगिक मोर्चे पर एक और बड़ी सफलता में, अमेरिकी चिप दिग्गज माइक्रोन टेक्नोलॉजीज द्वारा अहमदाबाद के पास



सेमीकंडक्टर्स का उत्पादन करने के लिए एक कारखाना स्थापित करने पर काम चल रहा है। इस साल अप्रैल-अक्टूबर में भारत के इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह 15.5 अरब डॉलर हो गया है, जबकि 2022-23 में पूरे साल में यह 23.6 अरब डॉलर रहा था। डीपीआईआईटी सचिव राजेश कुमार सिंह के अनुसार, पीएलआई योजनाओं के परिणामस्वरूप पिछले वित्त वर्ष 2020-21 (12.09 अरब अमेरिकी डॉलर) की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 (21.34 अरब अमेरिकी डॉलर) में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई में 76 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई। भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित पीएलआई योजना उत्पादन क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक चैंपियन बनाने में मदद करने के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये (लगभग 26 अरब अमेरिकी डॉलर) के प्रोत्साहन परिव्यय के साथ 14 क्षेत्रों की नींव पर बनाई गई है। दूरसंचार क्षेत्र में 60 प्रतिशत का आयात प्रतिस्थापन हासिल किया गया है और भारत एंटीना, जीपीओएन (गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क) और सीपीई (ग्राहक परिसर उपकरण) में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, पीएलआई योजना के कारण ड्रोन क्षेत्र के कारोबार में 7 गुना उछाल देखा गया है, जिसमें सभी एमएसएमई स्टार्टअप शामिल हैं। खाद्य प्रसंस्करण के लिए पीएलआई योजना के तहत, भारत से कच्चे माल की सोर्सिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिससे भारतीय किसानों और एमएसएमई की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। फार्मा सेक्टर में कच्चे माल के आयात में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

## 40 करोड़ के आयात कम करने के लिए पाम ऑयल की खेती पर फोकस

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार ने अगस्त 2021 में खाद्य तेल-पाम ऑयल (एनएमईओ-ओपी) पर राष्ट्रीय मिशन शुरू किया, जिसमें घरेलू तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने और पाम तेल के तहत क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से 11,040 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों में आक्रामक तरीके से खेती की जा रही है। हर साल 40,000 करोड़ रुपये का लगभग 9 मिलियन टन पाम तेल आयात किया जाता है, जो खाद्य तेल के कुल आयात का लगभग 56% है। वर्तमान में लगभग 28 लाख हेक्टेयर के कुल संभावित क्षेत्र के मुकाबले, केवल 3.70 लाख हेक्टेयर में पाम तेल की खेती होती है। एनएमईओ-ओपी के तहत 2025-26 तक पाम ऑयल क्षेत्र विस्तार के लिए निर्धारित लक्ष्य पाम ऑयल के क्षेत्र को 2019-20 के दौरान 3.5 लाख

# पाकिस्तान की महंगाई दर छह महीने के उच्चतम स्तर 43% पर

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की साप्ताहिक मुद्रास्फीति दर 14 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में छह महीने के उच्चतम स्तर 43.16 प्रतिशत पर रही। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, मुद्रास्फीति के मुख्य चालक खाद्य पदार्थ, विशेष रूप से चीनी, दालें, अंडे और चावल थे, जिनकी कीमतों में साल भर में तेज वृद्धि देखी गई। पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स (पीबीएस) के अनुसार, संवेदनशील मूल्य संकेतक (एसपीआई) में सप्ताह-दर-सप्ताह 0.06 प्रतिशत की गिरावट आई है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 1 जून को समाप्त सप्ताह के बाद से यह उच्चतम स्तर था, जब एसपीआई मुद्रास्फीति 43.17 प्रतिशत थी। यह लगातार पांचवां सप्ताह था, जब एसपीआई मुद्रास्फीति 40 प्रतिशत से ऊपर



रही। 16 नवंबर को समाप्त सप्ताह के लिए, एसपीआई 41.9 प्रतिशत, 23 नवंबर (41.13 प्रतिशत), 30 नवंबर (41.06 प्रतिशत), 7 दिसंबर (42.68 प्रतिशत) और अब 43.16 प्रतिशत पर थी। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने इस सप्ताह की शुरूआत में अपनी बेंचमार्क ब्याज दर को 22 प्रतिशत की रिकॉर्ड ऊंचाई पर अपरिवर्तित रखा, क्योंकि वह गैस की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद मुद्रास्फीति के दबाव में कमी के संकेतों का इंतजार कर रहा था। एसबीपी ने उच्च मुद्रास्फीति के जवाब में पिछले दो वर्षों के दौरान ब्याज दरों में कुल 15 प्रतिशत अंक की वृद्धि की है।

## चैनलों के लिए ऑटोमैटिक एल्बम फीचर शुरू करेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप चैनल फीचर को लेटेस्ट एंड्रॉइड बीटा में ऑटोमैटिक एल्बम क्रिएशन प्राप्त हुआ है। व्हाट्सएप चैनलों में ऑटोमैटिक एल्बम फीचर की शुरूआत से जनता के लिए उपलब्ध होने पर चैनल मालिकों को एक महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। डब्ल्यूए बीटा इंफो की रिपोर्ट के अनुसार, यह नई कार्यक्षमता चैनलों में शेयर किए गए मीडिया के संगठन को बढ़ाकर और उन्हें एक एल्बम में समाहित कर यूजर एक्सपीरियंस को बढ़ाती है। रिपोर्ट में कहा गया, चूंकि यूजर्स कलेक्शन तक पहुंचने और ब्राउज करने के लिए ऑटोमैटिक एल्बम पर आसानी से टैप कर सकते हैं, हमारा मानना है कि यह चैनलों में शेयर मीडिया कंटेंट के नेविगेशन को सरल बनाता है और इंडिविजुअल मैसेज बबल्स की आवश्यकता को कम करता है, और अधिक विजुअली कन्वर्सेशन व्यू प्रदान करता है। कुछ बीटा टेस्टर्स चैनलों में मीडिया साझा करते समय ऑटोमैटिक एल्बम फीचर के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं।

## एक नजर

### विद्या मंदिर के बच्चों ने लहराया परचम

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के भैया बहनों ने राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय कला संगम में विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के भैया बहनों ने मूर्ति कला, पोस्टर मेकिंग, चित्रकला, गीत प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय की समिति, प्रधानाचार्य और आचार्यों ने बच्चों को बधाई दी है।

### श्राद्धकर्म में मुखिया ने किया सहयोग

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने रविवार को चेचरीया गांव निवासी मृतक लाइची कुंवर के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की और श्राद्धकर्म में सहयोग किया। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि 2010 में मृतका के पति चंद्रदेव सिंह की मृत्यु ॅसड़क दुर्घटना में हो गई थी। इस मौके पर रमेश राम, मनीष कुमार गुप्ता, समोद राम, राजू सिंह आदि मौजूद थे।

### अवकाश प्राप्त मजिस्ट्रेट भोला बाबू नहीं रहे

**मेदिनीनगर।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता सह बांका बिहार से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रहे भोला प्रसाद अग्रवाल का रविवार की सुबह नई मुहल्ला स्थित आवास पर निधन हो गया। मृत्यु का कारण अधिक उम्र का होना बताया जा रहा है। उनकी मृत्यु पर शहर के कई प्रबुद्ध लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उनके भतीजे अरविन्द अग्रवाल ने बताया कि उनकी मृत्यु से एक युग का अंत हो गया है। उनकी सादगी से पूरा शहर प्रभावित रहा है। शोक व्यक्त करने वालों में व्यास मुनी त्रिपाठी,संतोष कुमार,अनिल कुमार सोनी इत्यादि के नाम प्रमुख हैं। इनका अंतिम दाह संस्कार राजा हरिश्चंद्र घाट पर कर दिया गया। बताते चलें कि उनके बड़े बेटे मनोज कुमार झारखंड उच्च न्यायालय में वकालत करते हैं। दूसरे बेटे संदीप मेदिनीनगर में व्यवसाय करते हैं। उनके निधन की खबर सुनते ही बार के अधिवक्ता गण सहित गणमान्य नागरिकों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### हृदयगति रुकने से जैप आठ के रसोईया की मौत

**मेदिनीनगर।** नावा जयपुर थाने में रसोईया के रूप में कार्यरत सेवालाल मौर्या उम्र 60 वर्ष की रविवार की सुबह हृदयगति रुकने के कारण मौत हो गई। बताया जाता है कि रविवार की सुबह सेवालाल मौर्या थाने में तैनात जवानों का खाना बनाने के बाद खुद भोजन कर बैठे थे। इसी बीच अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद थाना के कर्मियों द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय रजक दलबल के साथ अस्पताल पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस द्वारा सलामी देने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### नये तरीके में कहीं पैरामिलिट्री तो कहीं सिविल पुलिस अधिकारी के ड्रेस का कर रहे इस्तेमाल

# सावधान! फांसने के लिये वर्दी का इस्तेमाल कर रहे साइबर ठग



**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया। साइबर ठगी रोकने के लिये प्रशासनिक महकमा जैसे-जैसे नयी तकनीक अपना कर जालसाजों पर शिकंजा कसते जा रहा है। उससे दो कदम आगे बढ़ते हुये साइबर ठग नित्य नयी-नयी तकनीक इजाद कर रहे हैं। अब तो प्रशासनिक कवायद को मात देने के लिये साइबर ठग पुलिस व पैरामिलिट्री की वर्दी का इस्तेमाल कर रहे हैं। वाट्सअप अथवा वीडियो काल पर बकायदा वर्दी पहले आदमी को देख लोग भी सहजता से उनके झांसे में आ जा रहे हैं। हालांकि कुछ लोग किस्मत के धनी हैं, जो समय रहते उनकी चालाकी समझ जाने से ठगी का शिकार होने से बच जा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ऐसा ही वाक्या शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पांडेय के साथ घटित हुआ। श्री पांडेय ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक फोन आया। उधर से बताया गया कि वह सीआरपीएफ अधिकारी बोल रहा है। उसके कैंप से एक जवान का ट्रांसफर हुआ है। उसे तत्काल वहां पोस्टिंग लेनी है। ऐसे में वह टीवी, कूलर, फ्रीज, आलमीरा, वाशिंग मशीन, सोफासेट, पलंग, डाइनिंग टेबल सहित अन्य सामान सस्ते दामों पर बेचना चाह रहा है। कुछ देर बातचीत के बाद उसने कहा कि सभी सामान 70 हजार रूपये में वह दिलवा सकता है। अंततः सौदेबाजी के बाद बात 40 हजार पर तय भी हो गया। लेकिन एडवांस पेमेंट की बात पर पेंच फंस गया। उधर से बात करने वाला जब इस पर उतारू हो गया कि अभी कम से कम 10 हजार रूपये ही दिलवा दीजिये। तब वकील दिमाग जागा एवं सहयोगी अधिवक्ताओं से चर्चा के बाद सच्चाई सामने आ गयी। बताया जाता है कि वर्दी का इस्तेमाल कर साइबर ठग ट्रांसफर-पोस्टिंग का भी खेल रच रहे हैं। उनके झांसे में सरकारी कर्मी भी आ जा रहे हैं।

# बालूमाथ को शीघ्र मिलेगा सभी सुविधाओं से युक्त स्वास्थ्य केंद्र

### विधायक व नेताओं ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास

**अजित कुमार। बालूमाथ**

ब्लॉक कंपाउंड के अंदर लातेहार विस क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम सहित महागठबंधन के नेताओं ने करोड़ों रुपये की लागत से सभी सुविधाओं से युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया। इससे पूर्व विधायक बैजनाथ राम व झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष अरुण दुबे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी सहित कई इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं का प्रखंड ाठबंधन के कार्यकर्ताओं ने झारखंडी रीति रिवाज के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि बालूमाथ एकीकृत प्रखंड हेरहंझ एवं बारियातु के लिए वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक जिमखाना में सिमट कर रह गया था। इससे जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उचित इलाज के लिए अन्यत्र जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमलों से अब बालूमाथ को नया अस्पताल भवन मिलने जा रहा है। यह अस्पताल सभी सुविधाओं से लैस होगा। कहा आज से 14 वर्ष पूर्व भी बालूमाथ पुरानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में नया भवन निर्माण करोड़ों रुपये की लागत से होना था, लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। जनता का हक मारने वाले उन भ्रष्टाचारियों की जांच की जा रही है। बहुत जल्द ही मामले का उद्भेदन होगा और स्वास्थ्य भवन जैसी योजना में भी भ्रष्टाचार फैलाने वाले जेल जाएंगे। वहीं शाहदेव ने कहा कि सरकार को गिराने के लिए ईडी जैसी कई केंद्रीय एजेंसियां विरोधी दल लगा रखा है, पर सरकार डटी हुई है और विकास का काम कर रही है। गांव गांव में सड़क सहित कई विकास की योजनाएं चलाई जा रही हैं। सीएस लातेहार ने कहा कि बालूमाथ घनी आबादी वाला क्षेत्र है। यहां बहुत दुर्घटनाएं हुआ करती हैं। मरीजों को भवन के अभाव में उचित इलाज नहीं मिल पाता है। आने वाले दिनों में नए भवन में स्टाफ से लेकर डॉक्टर एवं आधुनिक मशीनों उपलब्ध होंगी। जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि विधायक ने सरकार में रहकर भी सरकार के विरोध में धरना देकर बालूमाथ की जनता के लिए सुविधा युक्त भवन देकर इतिहास रचने का काम किया है। आने वाला दिनों में यहां की जनता इस उपकार के बदले फिर से विधायक बैद्यनाथ राम को विधायक एवं इंडिया गठबंधन के नेता को सांसद चुनने का काम करेगी। मौके पर संवेदक ने एक वर्ष के भीतर गुणवत्तापूर्ण भवन बनाने का दावा किया। मौके पर बीडीओ सोमा उराव, सीओ तृतीय विजया कुजूर, झामुमो अध्यक्ष ईश्वर उरांव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हायत, हेरहंज कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लाडले खान, मोतिउर रहमान, राजद नेता श्यामा सुंदर यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव, बारियातु प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, झामुमो जिला सचिव मोहम्मद इमरान, प्रदीप गंझू, राजेश यादव, अबुल भाई, झामुमो युवा अध्यक्ष ओरंगजेंब खान, पंकज तिवारी, अरविंद यादव, सुरेश गंझू, मुखिया नरेश लोहरा, संध्या देवी, विमल देवी, नरेश उरांव, पसस रामलाल भगत, प्रेमचंद गंझू, संजीत लाल, जिप सदस्य विनोद उरांव, हरि साव, राजीव रंजन आदि उपस्थित रहे।




### स्टेट बार काउंसिल के निर्देश के बाद लिया जायेगा निर्णय

# हंगामे के कारण बार चुनाव का मतगणना रुका

**मतगणना रोकने के समय 500 मतों की हो चुकी थी गणना, 27 मतों की गिनती शेष**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बैलेट पेपर को लेकर कतिपय उम्मीदवारों व समर्थकों के हंगामे के बाद बार चुनाव की मतगणना रोक दी गयी। चुनाव समिति के पदाधिकारियों द्वारा वस्तुस्थिति से पर्यवेक्षकों को अवगत करा दिया गया है। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश के बाद आगे का कदम उठाया जायेगा। रविवार की सुबह निर्धारित समय पर पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव की काउंटिंग शुरू की गयी। मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे, चुनाव आयुक्त सतीश चंद मेहता व शौकत अली, व्यवस्थापक संजय दुबे की उपस्थिति में पड़े 527 मतों में से 500 वोटों की गणना भी की जा चुकी थी। तभी कतिपय उम्मीदवारों व उनके समर्थकों ने बैलेट पेपर में सभी चुनाव पदाधिकारियों का हस्ताक्षर न होने की बात कहते हुये हंगामा शुरू कर दिया। काफ समझाने के बाद भी जब शोरगुल शांत नहीं हुआ तो चुनाव समिति के पदाधिकारियों ने पर्यवेक्षक एमके सिन्हा व बीपी सिंह को सूचना देकर मतगणना रोक दिया गया।



**स्टेट बार काउंसिल ने मांगा सीसीटीवी फुटेज**

चुनाव प्रक्रिया के व्यवस्थापक संजय दुबे ने बताया कि झारखंड स्टेट काउंसिल ने मतदान व मतगणना प्रक्रिया के फुटेज मंगाये हैं। स्टेट काउंसिल का निर्देश आने के बाद ही मतगणना व चुनाव परिणाम की घोषणा के संबंध में निर्णय लिये जायेंगे। अब सभी की नजरें स्टेट बार काउंसिल के निर्णय पर टिकी है।

# सड़क सुरक्षा विषय पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कोयल रिवर फ्रंट पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फ्लैट व अपार्टमेंट कल्चर से निकलकर बच्चे खुली हवा व धूप में इस आयोजन में आकर बेहद प्रफुल्लित नजर आये। तीन वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के निर्धारित विषय सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट चित्रकारी कर ग्रुप ए में रानू कुमार,ग्रुप बी में खुशी कुमारी व ग्रुप सी में अनुराग कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण उपमेयर मंगल सिंह ने किया। झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। समाजसेवी विकास दुबे ने भी अपनी भागीदारी दी। साथ ही टीम के सक्रिय सदस्य राखी सोनी, मयुरेश दुबे, रोहित गुप्ता, कंचन गुप्ता, फरहा नाज, खुशबु शर्मा, लक्ष्य श्रेष्ठ, सौभाग्य सृजन, दीक्षा कुमारी एवं विवेक वर्मा आदि व्यवस्था की देखरेख में जुटे रहे।



### खिलाड़ियों को गांव से राज्य तक सुविधा प्रदान करना सीएम की सोच

**लातेहार।** जिला स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण महिला पुरुष फुटबॉल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, विशिष्ट अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार एवं जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने संयुक्त रूप से किया। साथ में जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, वॉलीबाल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा आदि मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम ने कहा कि मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर मंच देना है। वे बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा के साथ-साथ उनके परफॉरमेंस में सुधार हो सके।

# सांसद ने किया 5 सड़कों का भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र में 33.28 करोड़ रुपये की लागत से 36.5 किलोमीटर बनने वाली पांच सड़कों का भूमि-पूजन एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। लखेया मोड़ पर भूमि पूजन के बाद सांसद राम ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ रहा है। उन्होंने कहा कि 2018 के बाद पीएमजीएसवाई से क्षेत्र में 1656 किलोमीटर सड़क एवं 89 पुल का निर्माण कराया गया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हो रहा है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडे ने कहा कि सांसद के प्रयास से क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ नेशनल हाईवे सड़क निर्माण तथा स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि संसद का प्रयास है कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ पलायन को रोकने के लिए यहां कल कारखाना लगाई जाए इसके लिए तेजी से प्रयास किया जा रहा है। वहीं भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान ने कहा कि जिन सड़कों का आज भूमि पूजन किया गया उन सड़कों के साथ साथ माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ रहा है। पीएमजीएसवाई की सड़कों में 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार तथा 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार का होता है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार द्विवेदी, संजय भगत ने भी कार्यक्रम को संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे ने किया। रविवार को जिन सड़कों का भूमि पूजन किया गया उसमें मेराल से करकोमा पीपरडोलिया होते हुए हासनदाग तक 6.25 किलोमीटर, लखेया मोड़ से हासनदाग कजराठ होते हुए डंडई ब्लॉक तक 9 किलोमीटर, टी 05 से तेनार होते हुए बगही टोला तक 5.50 किलोमीटर, पढ़ुआ मोड़ से पढ़ुआ सिकनी पतहरिया होते हुए भंडार तक 9.60 किलोमीटर तथा लगमा एनएच 75 रोड़ से करकोमा होते हुए चामा तक 5.70 किलोमीटर रोड शामिल है।




### बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाएगी माले

**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले की अनुमंडल स्तरीय बैठक अनिकेत पैलेस में रविवार को रामचंद्र उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न जन समस्याओं को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया। वरुण बिहारी यादव ने कहा कि आंदोलन को सशक्त बनाने के लिये मजबूत संगठन का होना आवश्यक है। दिसंबर माह में संगठन का विस्तार किया जायेगा। जनवरी माह में सभी प्रखंड मुख्यालयों में आंदोलन किया जायेगा। बैठक में वर्ष 2024 में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर पूरे अनुमंडल में हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

# हाथियों ने गरीब परिवार को कर दिया बेघर, 10 बोरा धान किया सफाचट



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र के पालामाटी गांव में हाथियों ने शनिवार रात एक गरीब परिवार को घर से बेघर कर दिया। रात करीब 12 बजे दर्जनों की संख्या में हाथियों ने पलामाटी गांव पर हमला बोलकर उक्त गांव निवासी गोरख सिंह के मिट्टी के खपरैल घर को पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने घर के अंदर रखे लगभग 10 बोड़ा धान को भी सफाचट कर दिया। गनीमत यह रही कि घर के अंदर सो रहे परिवार को हाथियों ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। लोगों ने समय रहते घर के पीछे दरवाजे से निकलकर अपनी जान बचाई, लेकिन इस परिवार के सामने अब एक बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। परिवार बेघर हो चुका है। परिवार के सदस्यों ने वन विभाग से अविलंब मुआवजा की मांग की है। वहीं पूछे जाने पर प्रभारी वन पाल अनिमेष कुमार ने बताया कि पालामाटी गांव निवासी गोरख सिंह के खपरैल घर को हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त करने की जानकारी मिली है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड विधानसभा...

हेमंत सरकार पीछे क्यों है? शीतकालीन सत्र का दूसरा कार्यदिवस सोमवार को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। 15 दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही शोक प्रकाश के साथ सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।

### विकसित भारत यात्रा ...

अपनी कसौटी बताया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित भारत' का संकल्प भी लोगों को दिलाया। यहां से प्रधानमंत्री एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत नमो घाट पर आयोजित तमिल संगमम के द्वितीय चरण का शुभारंभ करेंगे। साथ ही कन्याकुमारी-वाराणसी तमिल संगमम ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री बरेका गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री चौबेपुर उमरहा में विहंगम योग संत समाज के 100वें वार्षिकोत्सव समारोह में भाग लेंगे। स्वर्वेद महामंदिर धाम के प्रथम चरण के निर्माण का लोकार्पण करेंगे।

### संसद की सुरक्षा ...

का हमला तब हुआ जब पीएम मोदी ने कहा कि संसद में सुरक्षा उल्लंघन की गंभीरता को कम करके नहीं आंका जा सकता है और संसद में विपक्ष के विरोध के बीच इस मुद्दे पर कोई झगड़ा नहीं करने का आह्वान किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने आखिरकार 13 दिसंबर को लोकसभा में हुई असाधारण घटनाओं पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उनका कहना है कि बहस की नहीं बल्कि जांच की जरूरत है और ऐसी जांच चल रही है।' रमेश ने कहा कि भारत की सभी पार्टियां गृह मंत्री के एक बयान की मांग कर रही हैं और इसके लिए दबाव डालना जारी रखेंगी कि 13 दिसंबर को क्या हुआ और वास्तव में यह कैसे हुआ। लोकसभा में घुसपैठियों के प्रवेश को सुविधाजनक बनाने में मैसूर के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा की भूमिका पर सवाल उठाए जाएंगे।' इधर प्रधानमंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियां घटना की जांच कर रही हैं और कड़े कदम उठा रही हैं, यह देखते हुए कि इसके पीछे के लोगों और उनके उद्देश्यों की जड़ तक जाना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने इस उल्लंघन को दर्दनाक और चिंता का विषय बताया है।

**शाह से मांगा गया इस्तीफा :** वहीं, कुछ सदस्यों ने शाह का इस्तीफा भी मांगा है। सरकार ने जोर देकर कहा है कि संसद परिसर में सुरक्षा की जिम्मेदारी लोकसभा सचिवालय की है और वह अध्यक्ष के निर्देशों का पालन कर रही है। इसमें विपक्ष पर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए अतीत में भी ऐसे कई उल्लंघनों का हवाला दिया है।

### शिक्षा के बड़े मंदिरों में ...

महाविद्यालों में उपस्थिति कम होने के कारण अनेक हैं जिन्हें कई बार डर से लोग नहीं बताते। फैकल्टी की नियुक्ति में भी जाति, धर्म और राजनैतिक पैरवी के बलबूते लोग पहुंचते हैं जिसकी सूचना सीधे राजभवन तक भेजने की शुरूआत हो तो निश्चित ही सुधार संभव है और पुराने गौरवपूर्ण दिन वापस आ सकते हैं। राजभवन की पहल के साथ आमजन भी भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए आगे आएं तभी ऐसा संभव है।

**परेशानी** सड़क के किनारे अतिक्रमण के साथ पार्किंग की व्यवस्था का न होना मुख्य कारण

# जाम की समस्या ने थामी जिला मुख्यालय की रफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला मुख्यालय में सड़क जाम एक प्रमुख समस्या बन गया है। सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण से भी जाम की समस्या खड़ी हो जाती है। स्थायी दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने एस्बेटस या प्लास्टिक का शेड बनाकर सड़क के किनारे की भूमि का अतिक्रमण कर लिया गया है। वहीं ठेले खोमचे वाले भी सड़क किनारे अपनी दुकानदारी करने के कारण सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति रहती है।

### बाजार के बड़े दुकानदार भी अतिक्रमण करने में नहीं पीछे

शहर के बीचोंबीच से होकर गढ़वा-मुड़ीसेमर एनएच 75 गुजरती है। एनएच 75 के किनारे की अधिकतर दुकानों के सामने सड़क की भूमि का कमोबेश अतिक्रमण कर लिया गया है। कई दुकानदारों ने सड़क की भूमि पर एस्बेस्टस या प्लास्टिक का शेड बना लिया है। उससे भी सड़क संकीर्ण हो गई है। रंका मोड़, मझिआंव मोड़ जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में सड़क की भूमि का अतिक्रमण किया जाना अक्सर जाम होने का कारण बन रहा है। कुछ यही हाल शहर से ही शुरू होने वाला गढ़वा-अंबिकापुर सड़क एनएच 343 रंका रोड का भी है। उक्त सड़क के किनारे भी कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण कर लिया है। उससे रंका रोड में रंका मोड़ से लेकर टंडवा तक अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी ने कहा कि रंका मोड़ से लेकर मंझिआव मोड़ के बीच में दो जगह पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए। वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग सड़क किनारे वाहन को खड़ा कर देते हैं। वहीं कई दुकानदार ऐसे हैं जो अपनी दुकान से बाहर सामान रख देते हैं। इससे आए दिन शहर में जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं लक्ष्मीकांत पांडेय ने कहा कि गढ़वा शहर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं रहने के कारण जाम की स्थिति शहर में बन जाती है। इसके कारण शहर से निकलने में घंटों लग जाते हैं। नगर परिषद को शहर में पार्किंग और नो पार्किंग का बोर्ड लगाना होगा और उसका बेहतर तरीके से पालन कराना आवश्यक है। वहीं थाना प्रभारी केके साहू ने कहा कि बड़े वाहनों का परिचालन शहर से बंद होगा तभी जाम की समस्या दूर हो सकेगी। वहीं नगर परिषद की ओर से शहर की कुछ जगहों को चिन्हित कर वाहन पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए। उसे बाजार में सामान खरीदने जाने वाले लोग आसानी से वाहन को खड़ा कर खरीदारी कर सकेंगे।






## एक नजर

### श्रीनगर में पुलिस पर हमला करने के आरोप में 3 आतंकी गिरफ्तार


**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर जिले में एक स्थानीय पुलिसकर्मी पर हमले के आरोप में तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। 9 दिसंबर को आतंकियों ने श्रीनगर जिले के बेमिना इलाके के हमदानिया कॉलोनी के पास सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद हाफिज चक पर फायरिंग कर दी थी। घायल पुलिस कांस्टेबल का श्रीनगर में सेना के बेस अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### कुवैत में युवराज मिशाल बने नए अमीर



**कुवैत सिटी।** कुवैती कैबिनेट ने क्राउन प्रिंस शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा को कुवैत का नया अमीर घोषित किया है। शनिवार को 86 साल की उम्र में अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा की मृत्यु के बाद वह गद्दी पर बैठे। अमीर नवाफ के निधन पर 40 दिनों के शोक की घोषणा की गई है। कुवैत के उप प्रधान मंत्री और कैबिनेट मामलों के राज्य मंत्री इस्सा अल-कंडारी ने एक बयान में कहा कि कैबिनेट की घोषणा संविधान के अनुसार हुई।

### गाजा में इजरायली सेना के दो और सैनिकों की मौत



**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दो और सैनिकों की मौत की घोषणा की है, जिससे 27 अक्टूबर को जमीनी अभियान शुरू होने के बाद से मरने वाले इजरायली सैनिकों की संख्या 121 हो गई है। मृतकों की पहचान मास्टर सार्जेंट जोसेफ अवनेर डोरान (26 साल) और सार्जेंट मेजर शैलेव जल्ट्समैन (24 साल) के रूप में हुई है।

### छत्तीसगढ़ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर शहीद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए हैं। सब इंस्पेक्टर की शहादत को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नमन किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह सात बजे जगरगुंडा थाना अंतर्गत बेदरे कैंप से सीआरपीएफ 165वी बटालियन की कंपनी उर्सांगल की तरफ ऑपरेशन पर निकली थी। ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। घटना में 165वी बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गए।

### केजरीवाल ने पंजाब में 13 सीटों पर चुनाव लड़ने के दिए संकेत

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले सभी केंद्रीय पार्टियों के नेता लगातार अलग-अलग राज्यों के दौरे करने में व्यस्त हो गए हैं। इसी घड़ी में पंजाब के बठिंडा में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी एक रैली में हिस्सा लिया। उन्होंने इस रैली में एक बड़ा इशारा किया है जिसके बाद इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा जोरों पर होने पर लगी है। इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट शेयरिंग से पहले ही अरविंद केजरीवाल ने एक बड़ा बयान देकर खलबली मचा दी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि लोकसभा में पंजाब की सभी 13 सीटों पर आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव लड़ सकती है।

# वायु सेना के नए अधिकारी परंपरा-नवीनता के बीच संतुलन बनाएं : राजनाथ

### रक्षा मंत्री ने वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा करने के बाद ली सलामी

### मित्र देशों के दो अधिकारी प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किये गए



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को डंडीगल (तेलंगाना) वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा की। परेड में शामिल 25 महिलाओं सहित 213 फ्लाइट कैडेटों को प्रशिक्षण पूरा होने पर भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में शामिल किया गया। राजनाथ सिंह ने उनसे आग्रह किया कि वे नए विचारों, नवीन सोच और आदर्शवाद के साथ निरंतर विकसित हो रहे समय के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाएं।

भारतीय वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 213 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण की सफल परिणति को चिह्नित करने के लिए आज डंडीगल (तेलंगाना) की वायु सेना अकादमी में एक संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) हुई। परेड की समीक्षा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिन्होंने स्नातक उड़ान कैडेटों को राष्ट्रपति कमीशन भी प्रदान किया। स्नातक अधिकारियों में 25 महिलाएं शामिल थीं, जिन्हें भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त किया गया। भारतीय नौसेना के आठ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के नौ और मित्र देशों के दो अधिकारियों को भी उड़ान प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने अधिकारियों से सशस्त्र बलों में परंपरा को उचित महत्व देने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लगातार बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए कुछ नया करने की जरूरत है। राजनाथ सिंह ने परंपरा और नवीनता के बीच संतुलन बनाने को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अगर हम केवल परंपरा का पालन करेंगे तो हम एक मृत झील की तरह होंगे। हमें बहती नदी की तरह बनना होगा। इसके लिए हमें परंपरा के साथ-साथ नवीनता भी लानी होगी। उड़ते रहो और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को छुओ, लेकिन जमीन से अपना जुड़ाव बनाए रखो।

इससे पहले रक्षा मंत्री का स्वागत वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने किया। परेड का मुख्य आकर्षण 'कमीशनिंग समारोह' था, जिसमें स्नातक फ्लाइट कैडेटों को राजनाथ सिंह ने उनकी 'स्ट्राइप्स' से सम्मानित किया। इसके बाद अकादमी के कमांडेंट ने स्नातक अधिकारियों को 'शपथ' दिलाई। उड़ान शाखा के फ्लाइंग ऑफिसर अतुल प्रकाश को पायलट पाठ्यक्रम में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए राष्ट्रपति पट्टिका और वायुसेना प्रमुख स्वोर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर अमरिंदर जीत सिंह को ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के बीच योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए राष्ट्रपति पट्टिका से सम्मानित किया गया।

# तीसरे कार्यकाल में टॉप 3 इकोनॉमी में शामिल होगा भारत : पीएम मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सूरत में अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक केंद्र सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सूरत डायमंड बोर्स मोदी की गारंटी का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने कहा, अब मोदी ने देश को गारंटी दी है कि अपनी तीसरी पारी (कार्यकाल) में भारत दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में जरूर शामिल होगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि 2014 में विश्व डायमंड कांफ्रेंस में उन्होंने विशेष अधिसूचित क्षेत्र (एसएनजेड) बनाने का सपना सामने रखा था। अब सूरत डायमंड बोर्स के माध्यम से यह सपना साकार हुआ है। इसे मोदी की गारंटी से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके पिछले दो कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था 10वें से 5वें पायदान पर पहुंच गई है। उनकी गारंटी है कि अगले कार्यकाल में यह 5वें से तीसरे पायदान पर होगी। इसमें एक्सपोर्ट का बड़ा योगदान होने वाला है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने सूरत डायमंड और आभूषण उद्योग को अपना निर्यात लक्ष्य बढ़ाने की अपील की।

उन्होंने कहा, आजकल आप सभी मोदी की गारंटी की चर्चा खूब सुनते होंगे। हाल के दिनों में जो चुनाव नतीजे आए, उसके बाद ये चर्चा और बढ़ गई है, लेकिन सूरत के लोग तो मोदी की गारंटी को बहुत पहले से जानते हैं। यहां के परिश्रमी लोगों ने मोदी की गारंटी को सच्चाई में बदलते देखा है और इस गारंटी का उदाहरण ये सूरत डायमंड बोर्स भी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत का डायमंड उद्योग पहले से ही 8 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है। अब सूरत डायमंड बोर्स से भी 1.5 लाख को रोजगार मिलने वाला है। कभी सूरत की पहचान ह्यसन सिटी की थी। यहां के लोगों ने अपने परिश्रम से इसको डायमंड सिटी बनाया, सिल्क सिटी बनाया। आप सभी ने और मेहनत की और सूरत ब्रिज सिटी बन गया। आज लाखों युवाओं के लिए सूरत ड्रीम सिटी है और अब सूरत आईटी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि डायमंड बोर्स अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण कारोबार के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक केंद्र होगा। यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार का एक वैश्विक केंद्र होगा। आयात-निर्यात के लिए एक्सचेंज में अत्याधुनिक 'सीमा शुल्क निकासी गृह', खुदरा आभूषण व्यवसाय के लिए आभूषण मॉल और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और सुरक्षित वॉल्ट की सुविधा इसमें शामिल होगी। इसका जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत डायमंड बोर्स भारतीय डिजाइनरों, भारतीय डिजाइनरों, भारतीय सामग्रियों और भारतीय अवधारणाओं की क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। ये भवन नए भारत की नई ताकत, नए संकल्प का प्रतीक है।

### खास सूरती अंदाज में नजर आए मोदी

**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सूरत डायमंड बुर्स का लोकार्पण करने के बाद खास सूरती अंदाज में नजर आए। उन्होंने सूरतियों की खासियत की जमकर बखान की। उन्होंने सूरतियों के मौजिले स्वभाव और उद्यमशीलता की जमकर सराहना की। आरंभ में उन्होंने गुजराती शैली में सूरतियों का मन मोह लिया। मोदी ने कहा कि सूरत यानी हूरत, सूरत के पास इतिहास का अनुभव, वर्तमान में रहते हुए भविष्य की दूरदर्शिता रखने वालों का नाम सूरत है। सूरत के लोग काम में लोचा कभी नहीं मारते, लेकिन लोचा खाना कभी नहीं छोड़ते। उन्होंने सूरतियों की खासियत गिनाते हुए आगे कहा कि सूरती को भले ही कितनी भी जल्दीबाजी हो वे खाने-पीने की दुकानों पर आधे-आधे घंटा कतार में खड़ा होकर इंतजार कर सकते हैं। चाहे जितनी भी बारिश हो, भजिया खाना है तो बस खाना ही है।

# अवैध प्रवासन यूरोपीय देशों के लिए सबसे बड़ा खतरा : सुनक

### इस मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो कई देशों को होगा भारी नुकसान



**एजेंसी। लंदन**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि दुश्मन 'समाज को अस्थिर करने' के लिए जानबूझकर लोगों को अपने तटों पर लाने के लिए प्रवासन को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। द इवनिंग स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, अवैध आप्रवासन पर अपने सबसे मजबूत हमलों में से एक में, सुनक ने चेतावनी दी कि अगर इस मुद्दे के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो प्रवासियों की बढ़ती संख्या यूरोपीय देशों पर भारी पड़ सकती है।

सुनक ने इटली में इतालवी रूढ़िवादियों और दक्षिणपंथियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, आपराधिक गिरोह हमारी मानवता का शोषण करने के सबसे घृणित तरीके ढूंढते हैं और उन्हें नावों पर बिठाकर लोगों की जान जोखिम में डालने में कोई समस्या नहीं होती है। अगर हम इस समस्या से नहीं निपटते हैं, तो संख्या केवल बढ़ेगी। यह हमारे देशों और उन लोगों की मदद करने की हमारी क्षमता को प्रभावित करेगी जिन्हें वास्तव में हमारी मदद की सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अवैध प्रवासन से निपटने के लिए वैश्विक शरणार्थी नियमों में बदलाव की आवश्यकता हो सकती है। सुनक ने कहा, क्योंकि अगर हमने अभी इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो नावें आती रहेंगी और समुद्र में और अधिक जानें जाएंगी। सुनक की यह टिप्पणी पिछले सप्ताह रवांडा विधेयक को लेकर उनके सांसदों के विद्रोह से बाल-बाल बचने के बाद आई है। रवांडा विधेयक नौकाओं को रोकने की सुनक की पांच प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक नीति का मूल है, जिसे उन्होंने वर्ष की शुरूआत में तय किया था।

### लीबिया के तट पर महिलाएं, बच्चे समेत 61 प्रवासी डूबे

**त्रिपोली।** इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने कहा है कि यूरोप पहुंचने की कोशिश में राजधानी त्रिपोली से लगभग 120 किलोमीटर पश्चिम में लीबिया के शहर जुवारा के तट पर 61 प्रवासी समुद्र में डूब गए। आईओएम लीबिया ने शनिवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया कि लीबिया के पास एक दुखद जहाज दुर्घटना के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 61 प्रवासी डूब गए। जीवित बचे लोगों के अनुसार, लगभग 86 लोगों के साथ नाव जवारा से लीबिया के तटों से रवाना हुई।

'बांग्लादेश विजय दिवस' पर बोले जयशंकर

# 1971 की भावना को संरक्षित विस्तारित किया जाना चाहिए



**एजेंसी। ढाका**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष ए.के. अब्दुल मोमेन को बांग्लादेश के 52वें 'विजय दिवस' पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। 'विजय दिवस' 1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध और उसके बाद बांग्लादेश की आजादी की याद में मनाया जाता है। जयशंकर ने शनिवार को ढाका हवाई अड्डे पर एक समारोह में कहा, 1971 की भावना, जो बांग्लादेश और भारत के बीच संबंधों की आधारशिला बनी हुई है, को संरक्षित और विस्तारित किया जाना चाहिए। यह हमारे लिए अपनी दोस्ती को संजोने का समय है। विदेश मंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, भारत-बांग्लादेश मैत्री ने न केवल अपने लोगों के हितों की सेवा की है, बल्कि इससे भी बढ़कर एक उदाहरण है।

# स्टेट फामेर्सी काउंसिल खत्म किया तो विरोध में देश भर के 12.4 लाख केमिस्ट करेंगे हड़ताल

### 1-1-24 को सभी राज्यों की राजधानी में देश भर के केमिस्ट एक घंटे घंटा बजाकर दर्ज कराएंगे विरोध

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने इंदौर में अपनी 21वी त्रैवार्षिक सभा के बाद संस्था के अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे ने बताया कि सरकार की नयी लाई जा रही नीतियों के विरूद्ध देश भर के 12 लाख 40 हजार केमिस्ट हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दवाइयों के नाम पर खुले में बिना नियमों के बिक रही एलोपैथिक दवा, ऑनलाइन बिक रही दवाओं पर हम कई बार अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। नेशनल फामेर्सी कमीशन राज्य से संबंध रखने वाली फामेर्सी पेशेवरों के ऑटोनॉमस/ डेमोक्रेटिक संस्था स्टेट फामेर्सी काउंसिल को खत्म किया जाएगा। इसमें कम्युनिटी फार्मासिस्टों की बड़ी संख्या को ध्यान में नहीं रखा गया है। हमारी कार्यकारिणी की बैठक में सर्व सम्मति से ये फैसला लिया गया है कि 1 जनवरी 2024 को इस दमनकारी नीति के खिलाफ देशव्यापी हल्ला बोल आंदोलन किया जाएगा। इस बार यह विरोध सभी स्टेट कैपिटल में होगा जहां देश भर के केमिस्ट एक घंटे के लिए घंटा बजाकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। अगर इसके बाद भी सुनवाई नहीं की गई तो जिला स्तरीय और तहसील स्तरीय पर इस आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने के लिए तैयार हैं। एआईओसीडी के जनरल सेक्रेट्री राजीव सिंघल ने कहा कि उम्मीद है सरकार हमारी वर्तमान मांग को भी समझेगी।

अध्ययन

### 5 में से 1 लड़की और 6 में से 1 लड़के की शादी बचपन में

# भारत में अब भी बाल विवाह का प्रचलन



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, भारत में बाल विवाह का चलन अब भी जारी है। पांच में से एक लड़की और छह में से एक लड़के की अभी भी बचपन में ही शादी हो रही है। हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकताओं के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि भारत में बाल विवाह में गिरावट आई है लेकिन हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है।

बाल विवाह मानवाधिकार उल्लंघन है, लिंग और यौन-आधारित हिंसा का एक मान्यता प्राप्त रूप है। जीरो बाल विवाह तक पहुंचने में भारत की सफलता संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5.3 को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

जनसंख्या स्वास्थ्य और भूगोल के प्रोफेसर, प्रमुख लेखक एसवी सुब्रमण्यम ने कहा, "यह अध्ययन यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में कैसे बदलाव आया है। विशेष रूप से लड़के के बाल विवाह को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। आज तक, इसकी व्यापकता का अनुमान लगाने वाला लगभग कोई शोध नहीं हुआ है। एसवी सुब्रमण्यम ने कहा, "हमारे निष्कर्ष भारत में बाल विवाह के बोझ को समझने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो प्रभावी नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण होगा।" हालांकि, भारत कानूनी रूप से बाल विवाह को लड़कियों के लिए 18 वर्ष की आयु से पहले और लड़कों के लिए 21 वर्ष की आयु से पहले विवाह के रूप में परिभाषित करता है। अध्ययन के प्रयोजनों के लिए शोधकर्ताओं ने इसे दोनों लिंगों के लिए 18 वर्ष की आयु से पहले विवाह के रूप में परिभाषित किया है।

अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने 1993, 1999, 2006, 2016 और 2021 से भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की डेटा का उपयोग किया। अध्ययन में पाया गया कि 1993 से 2021 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह में गिरावट आई है।

बालिका बाल विवाह का प्रचलन 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गया, जबकि बालक बाल विवाह 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गया। लड़कों के बाल विवाह की भारतीय कानूनी परिभाषा का उपयोग करते हुए, इसका प्रचलन बहुत अधिक था। साल 2006 में 29 प्रतिशत और 202 में 15 प्रतिशत था।

हालांकि, हाल के वर्षों में बाल विवाह की प्रथा को रोकने की दिशा में प्रगति रुकी हुई है। बाल विवाह के प्रचलन में सबसे बड़ी कमी 2006 और 2016 के बीच हुई, सबसे कम कमी 2016 और 2021 के बीच हुई।

फिल्म जगत

# क्या ऐश्वर्या ने छोड़ दिया है बच्चन हाउस?



**मुंबई।** बॉलीवुड जोड़ी अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के अलग होने की अफवाहों का बाजार गर्म है। हालांकि, शुक्रवार को अफवाहें तब और तेज हो गईं जब कहा गया कि एक्ट्रेस ने अपने ससुराल का घर छोड़ दिया है और अलग रह रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इस दावे से भरा पड़ा है कि एक्ट्रेस उस घर से बाहर चली गई है जहां बच्चन परिवार रहता है, और अलग रह रही हैं। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की स्ट्रीमिंग फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर के बाद से अफवाहें फैलनी शुरू हो गईं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के बीच चीजें कुछ ठीक नहीं चल रही हैं। हालांकि, एक पपराजी ने मुंबई के एक कार्यक्रम की तस्वीरें साझा कीं, जहां ऐश्वर्या को बिग बी और उनके पति के साथ देखा जा सकता है।